PRESS
राष्ट्रीय मुख्यधारा
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, शनिवार
28.12.2024
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 322

हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
राष्ट्रीय मुख्यधारा
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

मनमोहन सिंह को एक सुधारवादी नेता के रूप में याद किया जाएगा : पीएम

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया और देश की प्रगति एवं विकास में उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिंह को हमेशा एक सुधारवादी नेता के रूप में याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशेष वीडियो संदेश में मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल और स्वयं के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान हुई बातचीत को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के निधन ने हम सभी के हृदय को गहरी पीड़ा पहुंचाई है। उनका जाना, एक राष्ट्र के रूप में भी हमारे लिए बहुत बड़ी क्षति है। विभाजन के उस दौर में बहुत कुछ खोकर भारत आना और यहां जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना, ये सामान्य बात नहीं है। अभावों और संघर्षों से ऊपर उठकर कैसे ऊंचाइयों को हासिल किया जा सकता है, उनके जीवन से ये सीख भावी पीढ़ी को मिलती रहेगी। उन्होंने



कहा कि एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में और रिफॉर्म्स के प्रति समर्पित लीडर के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। एक अर्थशास्त्री के रूप में उन्होंने अलग-अलग स्तर पर भारत सरकार में अनेक सेवाएं दीं। एक चुनौतीपूर्ण समय में उन्होंने रिजर्व बैंक के गवर्नर की भूमिका निभाई। पीवी नरसिम्हा राव की सरकार के वित्त मंत्री रहते हुए उन्होंने वित्तीय संकट से घिरे देश को एक नई अर्थव्यवस्था के मार्ग पर प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास में और प्रगति में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के प्रति, देश के विकास के प्रति उनका जो कमिटमेंट था, उसे हमेशा बहुत सम्मान से देखा जाएगा। डॉ. सिंह का जीवन, उनकी ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब था, वो विलक्षण सांसद थे। उनकी विनम्रता, सौम्यता और उनकी बौद्धिकता उनके संसदीय जीवन की पहचान बनी। मुझे याद है कि इस साल की शुरुआत में जब राज्यसभा में उनका कार्यकाल समाप्त हुआ, तब मैंने कहा था कि सांसद के रूप में डॉ. साहब की निष्ठा सभी के लिए एक प्रेरणा है। सत्र के समय अहम मौकों पर वो व्हील चेयर पर बैठकर आते थे, अपना संसदीय दायित्व निभाते थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थाओं की शिक्षा लेने और सरकार के अनेक शीर्ष पदों पर रहने के बाद भी वो अपनी सामान्य पृष्ठभूमि के मूल्यों को कभी भी नहीं भूले। दलगद राजनीति से ऊपर उठकर उन्होंने हमेशा हर दल के व्यक्ति से संपर्क रखा, सबके लिए सहज उपलब्ध रहे। जब मैं मुख्यमंत्री था तब डॉ. सिंह के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अनेक विषयों पर खुले मन से चर्चाएं होती थीं। यहां दिल्ली आने के बाद भी मेरी उनसे समय-समय पर बात होती थी, मुलाकात होती थी।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के तीन मोतीलाल नेहरू रोड स्थित आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने डॉ. सिंह के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने डॉ. सिंह के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और देश के लिए उनके अमूल्य योगदान और उनकी चिरस्थायी विरासत को याद किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा, "डॉ. मनमोहन सिंह को उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री सिंह का कल रात को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

आज 11 बजे होगा डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार

एजेंसी। नई दिल्ली

बीते रोज गुरुवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया है। उन्होंने 92 साल की आयु में दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। शनिवार को सुबह 11 बजे उनका अंतिम संस्कार होगा। सरकार ने सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया है। डॉ. सिंह के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और अन्य दिग्गज नेताओं ने दुख जताया है। डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद लोग अब उनके योगदान को याद कर रहे हैं। उनको सम्मान देने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांध ली। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान पर उतरे। भारत के आर्थिक सुधारों के जनक मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में बृहस्पतिवार रात को दिल्ली में निधन हो गया। वह 2004-14 के दौरान भारत के प्रधानमंत्री थे। उन्हें 1991 में भारत के आर्थिक उदारीकरण के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर होगा 7 दिन का राष्ट्रीय शोक

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का दिल्ली के एम्स में गुरुवार रात निधन हो गया। डॉ. मनमोहन सिंह ने रात 9 बजकर 51 मिनट पर अंतिम सांस ली। केंद्र सरकार इस दुख की इस घड़ी में 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित करेगी। भारत सरकार के सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को 11 बजे पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देने के लिए कैबिनेट की बैठक होगी। इसके साथ कल होने वाले सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द किए जाएंगे। डॉ मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। डॉ. मनमोहन लंबे समय से अस्वस्थ थे। गुरुवार को रात आठ बजे उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई। जिसके बाद वे बेहोश होगे। उन्हें तुरंत दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। मनमोहन सिंह के निधन को लेकर दिल्ली एम्स ने विज्ञप्ति के जरिए बयान जारी किया। एम्स की ओर से बताया गया कि मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो उम्र से संबंधित बीमारियों से ग्रसित थे। आज अपने घर पर अचानक बेहोश हो गए थे। उन्हें रात 8:06 बजे एम्स के मेडिकल इमरजेंसी में लाया गया। हालांकि तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

संक्षिप्त समाचार

भारत में अमेरिकी दूतावास ने तोड़ा रिकॉर्ड, लगातार दूसरे साल 10 लाख वीज़ा जारी किए

नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी दूतावास और उसके वाणिज्य दूतावास ने लगातार दूसरे वर्ष दस लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीज़ा जारी करके नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह

भारतीय नागरिकों की पर्यटन, व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा उपचार और अन्य उद्देश्यों के लिए अमेरिका यात्रा को रेखांकित करती है। गैर-आप्रवासी वीज़ा इन तमाम यात्राओं के लिए अमेरिका में प्रवेश की सुविधा प्रदान करता है। अमेरिकी दूतावास ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान में कहा कि पिछले चार वर्षों में भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है और 2024 के पहले 11 महीनों में दो मिलियन से अधिक भारतीयों ने अमेरिका की यात्रा की है, जो 2023 की इसी अवधि की तुलना में 26 प्रतिशत की वृद्धि है। पांच मिलियन से अधिक भारतीयों के पास पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका जाने के लिए गैर-आप्रवासी वीज़ा है और मिशन प्रत्येक दिन हजारों और लोगों को जारी करता है। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी विदेश विभाग ने इस वर्ष अमेरिका में एच-1बी वीजा को नवीनीकृत करने के लिए एक सफल पायलट कार्यक्रम पूरा किया। इसने भारत के कई विशेष व्यवसाय श्रमिकों को संयुक्त राज्य अमेरिका छोड़े बिना अपने वीजा को नवीनीकृत करने की अनुमति दी। इस पायलट कार्यक्रम ने हजारों आवेदकों के लिए नवीनीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया, और विदेश विभाग 2025 में औपचारिक रूप से अमेरिका-आधारित नवीनीकरण कार्यक्रम स्थापित करने के लिए काम कर रहा है।

एयरपोर्ट जैसी सुरक्षा, आधुनिक सुविधा, 12 जनवरी में पहली ट्रेन को हरी झड़ी दिखा सकते हैं पीएम मोदी

नई दिल्ली। कश्मीर घाटी अगले महीने रेलवे के द्वारा देश के बाकी हिस्सों से जुड़ सकती है। रेलवे ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। जम्मू-कश्मीर के रेलवे रूट पर खराब मौसम की स्थिति से निपटने के लिए पांच एसी स्लीपर ट्रेनों और एक वंदे भारत ट्रेन में बदलाव किया जा रहा है। हीटिंग सिस्टम यह सुनिश्चित करेगा कि पहियों और ब्रेक पर बर्फ जमने की कोई संभावना न बने। साथ ही यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा के लिए रेलवे इन ट्रेनों में सवार यात्रियों के लिए एयरपोर्ट जैसी सुरक्षा जांच करेगा। सूत्रों ने बताया कि रेलवे सेफ्टी कमिश्नर 5 जनवरी को उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन के कटरा-रियासी सेक्शन का फाइनल निरीक्षण कर सकते हैं। इसके लिए तैयारी जोरों पर है। इससे अगले महीने से घाटी के लिए ट्रेनों के कमर्शियल ऑपरेशन की उम्मीद है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर घाटी से एक ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के साथ ही जेड मोड़ सुरंग का भी उद्घाटन कर सकते हैं। इस जेड मोड सुरंग का निर्माण पूरा हो चुका है। इस बीच कटरा-रियासी सेक्शन पर एक कार्गो ट्रेन का सफलतापूर्वक ट्रायल हुआ। तैयारियों का आकलन करने के लिए ट्रेन चलाई जा रही है।

रक्षा मंत्री ने 2024 में मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग को अगले स्तर पर पहुंचाया

वर्षांत समीक्षा | **रक्षा राज्यमंत्री, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा सचिव ने भी किये विदेश दौरे**

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्यमंत्री, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा सचिव ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से 2024 में मित्र देशों के दौरे किए। रक्षा मंत्री ने इस साल अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन, लाओस, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, जापान, सिंगापुर, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया के दौरे में अपने समकक्षों से मुलाकात की। रक्षा मंत्रालय ने अपने मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग को सैन्य अभ्यासों के माध्यम से भी अगले स्तर पर पहुंचाया। रक्षा मंत्री ने इस वर्ष विदेशी दौरों की शुरुआत ब्रिटेन से की। उन्होंने 09 से 10 जनवरी तक लंदन, यूनाइटेड किंगडम का आधिकारिक दौरा किया। उन्होंने लंदन में ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शैप्स के साथ द्विपक्षीय बैठक करके रक्षा, सुरक्षा और सहयोग के विभिन्न मामलों पर चर्चा की, जिसमें रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधान मंत्री ऋषि सुनक से भी मुलाकात की। वार्ता में चर्चा हुई कि देशों ने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी में ढालने और फिर से तैयार करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। रक्षा मंत्री ने 23 फरवरी को नई दिल्ली में नीदरलैंड की रक्षा मंत्री काजसा ओलोंग्रेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने अपने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, विशेष रूप से समुद्री और औद्योगिक क्षेत्रों में विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने दोनों नौसेनाओं के बीच बढ़ती बातचीत पर ध्यान दिया और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 20 अगस्त को नई दिल्ली में तीसरी भारत-जापान

2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए जापानी रक्षा मंत्री किहारा मिनोरू और विदेश मंत्री सुश्री योको कामिकावा की मेजबानी की। 2 प्लस 2 वार्ता के दौरान रक्षा मंत्री और उनके जापानी समकक्ष के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। उन्होंने मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की और सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 से 26 अगस्त तक अमेरिका के दौरे पर रहे। उन्होंने अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, औद्योगिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के लिए राष्ट्रपति के अमेरिकी सहायक जेक सुलिवन से भी मुलाकात की। रक्षा मंत्री और सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में छठी भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रिस्तरीय वार्ता की सह-अध्यक्षता की। दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुरक्षा पर साझा दृष्टिकोण के आधार पर गहरे और दीर्घकालिक द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को स्वीकार किया। रक्षा मंत्री ने 21 नवंबर को वियनतियाने, लाओ पीडीआर में 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) को संबोधित किया। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए भारत के रुख को दोहराया और वैश्विक शांति के लिए शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के बौद्ध सिद्धांतों की वकालत की।

पाक में जिस गांव में जन्मे मनमोहन, वह घोषित है आदर्श गांव

एजेंसी। करांची

देश में आर्थिक उदारीकरण का चेहरा पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे। मनमोहन सिंह के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत पक्ष-विपक्ष के तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। उनके निधन पर देश में सात दिन का राष्ट्रीय शोक रहेगा। नेताओं से लेकर आम लोग मनमोहन सिंह से जुड़ी यादें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं, उनसे जुड़े किस्से याद किए जा रहे हैं। वहीं पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का गाह गांव जहां मनमोहन सिंह का जन्म हुआ था। अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत के गाह गांव में 26 सितंबर 1932 को जन्मे मनमोहन सिंह ने कक्षा चार तक की पढ़ाई गांव के ही प्राइमरी स्कूल में ही की

- **आज भी पूर्व पीएम के नाम है प्राइमरी स्कूल का नाम, मशहूर हैं उनके किस्से**



थी। मनमोहन सिंह 1937 से 1941 के बीच इस प्राइमरी स्कूल के छात्र रहे। विभाजन के बाद मनमोहन सिंह का परिवार अमृतसर आ गया था। इस सरकारी स्कूल का नामकरण पाकिस्तान की सरकार ने बाद में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के नाम पर ही कर दिया था- मनमोहन सिंह गवर्नमेंट बॉयज प्राइमरी स्कूल। इस स्कूल में मनमोहन सिंह के पंजीकरण रिकॉर्ड से लेकर परीक्षाफल तक के रिकॉर्ड आज भी सुरक्षित रखे हुए हैं। इस स्कूल का जिक्र कांग्रेस के राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने अपनी किताब में भी किया है। उन्होंने लिखा है कि एक बार पाकिस्तान दौरे से लौटकर पीएम आवास पर डॉक्टर मनमोहन सिंह के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान डॉक्टर सिंह ने कहा कि पाकिस्तान जाने का मन मेरा भी है। उनसे पूछा कि पाकिस्तान में कहां जाना चाहते हैं तो डॉक्टर सिंह का जवाब था अपने गांव। इस किताब के मुताबिक राजीव शुक्ला ने तब के मनमोहन सिहं से यह पूछा कि क्या आप अपना पैतृक घर देखना चाहते हैं। डॉक्टर सिंह ने राजीव शुक्ला के सवाल के जवाब में कहा था कि नहीं, मेरा घर तो बहुत पहले ही खत्म हो गया था। उस स्कूल को देखना चाहता हूं जहां पर कक्षा चार तक पढ़ाई की थी। मनमोहन सिंह पीएम रहते या उसके बाद, पाकिस्तान नहीं गए और उनकी ये ख्वाहिश अधूरी ही रह गई। हालांकि, पाकिस्तान की सरकार ने इस स्कूल का नामकरण उनके नाम कर दिया और गाह को आदर्श गांव घोषित कर दिया गया था। मनमोहन सिंह से जुड़ी यादें, किस्से पाकिस्तान के गाह गांव की गलियों में आज भी जिंदा हैं।

ठंड से जमा तालाब, बच्चों ने खेला क्रिकेट, बर्फबारी से कई सड़कें बंद

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी के चलते कई सड़कें बंद पड़ी हैं और पर्यटक फंसे हुए हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में पड़ रही कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के कारण तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चला गया है। इसका एक नजारा जम्मू के सोपोर में दिखाई दिया। हरितारा इलाके में बना एक तालाब पूरी तरह जम गया। बच्चों ने इस जमे हुए तालाब पर क्रिकेट खेला कर मौसम का आनंद लिया। हिमाचल में 2 हाइवे समेत 24 सड़कों पर शुक्रवार को भी बसों की आवाजाही बंद है। नेशनल हाइवे 305 पर भी करीब एक फुट बर्फ जमा है। प्रशासन बर्फ हटाने की कोशिश कर रहा है ताकि आवागमन चालू किया जा सके। उत्तराखंड में भी जोशीमठ और पिथौरागढ़ में बर्फबारी से नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे बंद है।

वित्त मंत्रालय के समक्ष रोजगार के अवसर पैदा करने और पूंजीगत खर्च को बढ़ाने की चुनौती

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कुछ चुनौतियों को चीरने की जरुरत है। नए साल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने टैक्स प्रणाली को सरल बनाने रोजगार के अवसरों को पैदा करने और पूंजीगत खर्च को बढ़ाने जैसी जिम्मेदारियां होंगी। सरकार को टैक्स सिस्टम को सरल बनाने, रोजगार सृजन करने और इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च को बढ़ाने के लिए कई अहम कदम उठाने होंगे। इन फैसलों का असर देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में अहम साबित हो सकता है। शहरी बेरोजगारी दर 6.4 प्रतिशत तक पहुंचने के बाद सरकार ने युवाओं के लिए पीएम इंटर्नशिप स्कीम की घोषणा की थी। इस स्कीम

के तहत 10वीं पास और 21-24 साल के युवा देश की टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप कर सकते हैं। इसका पायलट 3 अक्टूबर को लॉन्च हुआ था लेकिन इसका औपचारिक लॉन्च नए साल से होने की उम्मीद है। भारत की जीडीपी ग्रोथ दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रह गई जो पिछले सात तिमाहियों में सबसे कम थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस वित्त वर्ष के लिए ग्रोथ अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसे सुधारने के लिए मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र पर फोकस बढ़ाने की जरूरत है ताकि रोजगार और आर्थिक वृद्धि दोनों को बढ़ावा मिल सके।

भारतीय नौसेना ने अमेरिका से खरीदे गए 9 खूंखार शिकारियों को किया ऑपरेशनल

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने अमेरिका से खरीदे जा रहे खूंखार शिकारी 24 एमएच 60आर हेलीकॉप्टरों में से पहले नौ को बेड़े के जहाजों पर ऑपरेशनल कर दिया है। इन बहु भूमिका वाले हेलीकॉप्टरों ने भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को काफी हद तक मजबूत किया है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। भारतीय नौसेना ने इसी साल 06 मार्च को पारंपरिक वॉटर कैनन सलामी के साथ कोच्चि के आईएनएस गरुड़ पर अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन को औपचारिक

रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया था। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है। एमएच 60आर हेलीकॉप्टर दुनिया का शक्तिशाली बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर है, जो देश की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करेगा। अत्याधुनिक सेंसरों और मल्टी-मिशन क्षमताओं के साथ एमएच 60आर हमारी समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाएगा। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीदे हैं, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुआ था। इस सौदे के तहत अब तक नौ एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में सीहॉक की तैनाती भारतीय नौसेना की समुद्री उपस्थिति को मजबूत करेगी। उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स सूट से लैस सीहॉक भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा जरूरतों के लिहाज से बनाया गया है, जो पारंपरिक और असममित दोनों खतरों के लिए उन्नत क्षमताएं प्रदान करते हैं।

हिमाचल के व्यापारियों पर फिर कश्मीरी फैरी वालों को काम नहीं करने के लगे आरोप

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश में व्यापारियों पर कश्मीर के फैरी वालों को व्यापार नहीं करने देने के आरोप लगे हैं। बिलासपुर जिला के घुमारवी में कुछ दिन से लोकल व्यापारी फैरी वालों को वहां से भगा रहे हैं। यह बात फैरी वालों ने एसडीएम घुमारवी को लिखित शिकायत में बताई। कश्मीर के फैरी वालों का आरोप है कि उन्हें न केवल काम करने से रोका जा रहा है, बल्कि हिमाचल से वापस कश्मीर जाने को भी कहा गया। इस पर जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम एवं पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने एक्स पर पोस्ट कर हिमाचल के सीएम सुखविंदर सुक्खू और जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला से हस्तक्षेप की अपील की है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 28 दिसंबर, 2024

संक्षिप्त समाचार

28 को प्रस्तावित मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम स्थगित

एजेंसी । रांचीः नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में 28 दिसंबर को प्रस्तावित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम की अगली तिथि जल्द जारी की जायेगी। इस बात की जानकारी शुक्रवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दी। उल्लेखनीय है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर केंद्र सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। ऐसे में झारखंड में भी 26 दिसंबर से एक जनवरी तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। इसलिए मंईयां सम्मान कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। राजकीय शोक के बाद कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

एजेंसी । रांचीः भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार देर रात ट्वीट कर कहा है कि महान अर्थशास्त्री, सहज, सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की दुखद सूचना से मन व्यथित है। देश के आर्थिक सुधारों में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

राज्य में एक जनवरी तक नहीं होंगे कोई भी राजकीय समारोह

एजेंसी । रांचीः देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। ऐसे में 26 दिसंबर से एक जनवरी तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। साथ ही राज्य के सभी भवनों, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वे आधे झुके रहेंगे। इस संबंध में हेमंत सरकार के संयुक्त सचिव ने शुक्रवार को पत्र जारी किया है। उल्लेखनीय है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन 26 दिसंबर को दिल्ली के एम्स अस्पताल में हो गया था। उनके निधन पर केंद्र सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है।

चोरी की एक बाइक के साथ दो गिरफ्तार

एजेंसी । गिरिडीह। गिरिडीह शहर और इससे सटे थाना क्षेत्रों में बढ़ते बाइक चोरी के मामलो के बीच शुक्रवार को चोरी की एक बाइक के साथ दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसआई प्रमोद कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है। बरामद बाइक झारखंड के नाम से रजिस्टर्ड हैं। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के पटना के शास्त्री नगर थाना के फ्रेजर रोड निवासी सुनील कुमार और पूर्णिया जिले के मरंगा थाना के गोवासी निवासी सागर सिन्हा शामिल है। इस दौरान नगर थाना पुलिस ने दोनों के पास से स्मार्ट फोन भी जब्त किया। दोनों आरोपी फर्जी सीम कार्ड का इस्तेमाल कर बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में सागर सिन्हा और सुनील कुमार ने बताया कि उन दोनों का संबंध इंटर स्टेट बाइक चोर गिरोह से है। इसमें कुछ अपराधी गिरिडीह के भी लोग हैं जो अलग अलग जिले से जुड़े हैं। पूछताछ में दोनों खुलासा किया कि दोनों शहर के अलग अलग हिस्से से बाइक चोरी कर बिहार और झारखंड के कई जिलों में बेचा करते हैं। इसके लिए सिर्फ नंबर प्लेट बदला जाता था। पूछताछ में दोनों ने कबूला कि उनका काम सिर्फ रेकी कर बाइक चोरी करना था, बाकी रिसीवर की भूमिका में गिरोह के अन्य सदस्य शामिल है । इस बीच दोनों के निशानदेही पर नगर थाना पुलिस अब भी कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष ने जताया शोक

एजेंसी । रांची। पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन से दुखी हूं। वे भारत के आर्थिक विकास के जनक थे। महतो ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, देश के वित्त मंत्री एवं प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ता के लिए जिस प्रकार की योजनाएं बनायी, इसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे। उनकी कुशल आर्थिक नीतियों ने देश को दिशा दी हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की मार्गदर्शक के रूप में जब भी एक राजनेता को याद किया जाएगा मनमोहन सिंह की कमी हमेशा खलेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें एवं उसके चाहने वालों को इस विकट घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करें। दूसरी ओर, पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि समय, काल और परिस्थितियों के मद्देनजर मनमोहन सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री रहे। तिर्की ने कहा कि सादगी, विनम्रता, विद्वता, देशभक्ति, सुदृढ़ फैसले और समय की अनुकूल सटीक निर्णय लेना मनमोहन सिंह की ऐसी पहचान थी, जो हमेशा न केवल सभी को प्रेरणा देती रहेगी, बल्कि उनकी पहचान को चीरकाल तक कायम रखेगी।

एबीवीपी की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनीं मौसमी पॉल

एजेंसी । रांची

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के पदों की निर्वाचन प्रक्रिया शुक्रवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर प्रो. (डॉ.) मौसमी पॉल और प्रदेश मंत्री के पद पर मनोज सोरेन निर्वाचित हुए। एबीवीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के निर्वाचन प्रक्रिया के चुनाव अधिकारी प्रो. पुष्कर बाला ने निर्वाचन परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारी धनबाद में 03, 04 और 05 जनवरी को आयोजित होने वाले 25वें प्रदेश अधिवेशन में कार्यभार संभालेंगे।

कौन हैं डॉ. मौसमी पॉल- प्रदेश मंत्री सुभम पुरोहित ने कहा कि जमशेदपुर महानगर की निवासी डॉ. मौसमी पॉल वर्तमान में लालबहादुर शास्त्री मेमोरियल महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि अब तक तक इनके 20 से अधिक

शोध पत्र विभिन्न पत्रिकाओं एवं सेमिनारों में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। महिला सशक्तिकरण के विभिन्न कार्यक्रमों में उन्होंने सफलतापूर्वक संचालन करने के साथ कोल्हान विभाग में संगठन कार्य को सुदृढ़ करने में उनकी महती भूमिका रही है। वर्ष 2015 से वह के एबीवीपी के सम्पर्क में हैं। अभी तक वह शिक्षक कार्यकर्ता के रूप में चाईबासा नगर उपाध्यक्ष, जमशेदपुर महानगर उपाध्यक्ष, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष आदि दायित्वों का निर्वहन कर चुकी हैं। वर्तमान में वह एबीवीपी झारखंड की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। आगामी सत्र 2024-25 के लिए प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व पर निर्वाचित हुईं हैं।

कौन हैं मनोज सोरेन- प्रदेश मंत्री सुभम पुरोहित ने कहा कि मनोज सोरेन दुमका जिले के निवासी हैं। उनकी शिक्षा सिद्धू कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर तक हुई है। वर्तमान में वे शोध के विद्यार्थी हैं और 2014 से परिषद के सम्पर्क में हैं। पुरोहित सिद्धू कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए छात्र आंदोलन का प्रभावी नेतृत्व कर चुके हैं। प्रदेश मंत्री ने कहा कि पूर्व में मनोज सोरेन दुमका नगर मंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश जनजाति छात्र कार्य प्रमुख और प्रदेश सह मंत्री आदि दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में पुरोहित परिषद के क्षेत्रीय जनजाति छात्र कार्य प्रमुख हैं। वे सत्र 2024-25 के लिए प्रदेश मंत्री के दायित्व पर निर्वाचित हुए हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षतिः केशव महतो

एजेंसी । रांची

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है और इसकी भरपाई नहीं हो सकती। कमलेश ने कहा कि मनमोहन ने वित्त मंत्री पद पर रहते हुए आर्थिक सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने भारत को विश्व के विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का प्रयास किया, जिसमें काफी हद तक सफल रहे। आर्थिक सुधारों की दिशा में उनके कार्यों को जनमानस हमेशा याद रखेगा। कमलेश ने कहा कि जब देश आर्थिक पतन के कगार पर था तब विदेशी निवेश को प्रोत्साहित कर देश की अर्थव्यवस्था को बदलने और आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मनमोहन सिंह के निधन पर रविंद्र सिंह, जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा सतीश पॉल मुजनी, संजय पांडे सोनाल शांति, अमूल्य नीरज खलको, कमल ठाकुर और ऋषिकेश सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया है।

दिनदहाड़े स्वर्ण व्यवसायी से नौ लाख के आभूषण की लूट

एजेंसी । पलामू

पलामू जिले के किशुनपुर-तरहसी मुख्य मार्ग पर पाटन थाना क्षेत्र के काला पहाड़ मोड़ के समीप शुक्रवार बाइक सवार दो बदमाशों ने एक अधेड़ स्वर्ण व्यवसायी से सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। स्वर्ण व्यवसायी काला पहाड़ एवं लोइंगा में अपने ग्राहकों के यहां बकाया पैसे लेने जा रहे थे। तीन केजी चांदी और 100 ग्राम के लगभग सोने के आभूषण की लूट की जानकारी दी गयी है। इसकी अनुमानित कीमत नौ लाख रूपए है। घटना की सूचना मिलते ही किशुनपुर ओपी के एएसआई प्रभात किरण दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं जांच में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार पाटन निवासी स्वर्ण व्यवसायी कामेश्वर सोनी बाइक से काला पहाड़ और लोइंगा में अपने ग्राहकों के यहां बकाया पैसे लेने जा रहे थे। इसी क्रम में बाइक से आए दो बदमाशों ने काला पहाड़ मोड़ के समीप पीछे से स्वर्ण व्यवसायी की बाइक में धक्का मार दिया, जिससे वे गिर गए। गिरने के बाद बदमाशों ने गाड़ी की चाबी लूट ली और डिक्की में रखें तीन किलो चांदी एवं 100 ग्राम के लगभग सोनी के आभूषण लूट लिए। स्वर्णकार संघ के पाटन प्रखंड अध्यक्ष अजय सोनी ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सोनार व्यवसायियों को इस तरह से दिनदहाड़े बदमाशों के जरिये लूटपाट की घटना को अंजाम देना बहुत ही चिंताजनक है। लगातार सोनार व्यवसायियों के साथ लूटपाट की घटना हो रही है, जिस पर पलामू पुलिस को संज्ञान में लेने की आवश्यकता है। पीड़ित कामेश्वर सोनी ने पाटन थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

धान अधिप्राप्ति में शिथिलता बरतने वाले पैक्स होंगे डी-नोटिफाई

एजेंसी । पलामू

जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत पैक्स-व्यापार मंडलों के जरिये किये जा रहे धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिला सहकारिता कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उप विकास आयुक्त ने पिछले 12 दिनों में हुए धान खरीद की जानकारी ली। डीएसओ प्रीति किस्कू ने बताया कि अबतक 41 पैक्सों से 18683.94 क्विंटल धान का क्रय किया गया है। इसपर डीडीसी ने चिंता जाहिर करते हुए धान क्रय में तेज़ी लाने की दिशा में सभी संबंधितों को कार्य करने के निर्देश दिये। डीडीसी ने अब तक जिन पैक्सों जरिये पांच से कम किसानों से धान क्रय किया गया है

उनकी जानकारी ली। बताया गया कि बिश्रामपुर, सलतुआ, हरिहरगंज पूर्वी, वीकेएसएस अग्रिफार्म एफपीओ, हुसैनाबाद व्यापार मंडल, कंडा, मोहम्मदगंज, तीसीबार कला, पचकेड़िया, उदयपुरा टू, करकट्टा एफपीओ पैक्स जरिये पांच से भी कम किसानों से धान क्रय किया गया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि 31 दिसंबर तक इन पैक्सों जरिये धान क्रय में तेज़ी नहीं लायी जाती है तो इन्हें डी-नोटिफाई करने की कार्रवाई करें। उप विकास आयुक्त ने डीएसओ को किसी भी पैक्स से धान वजन से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सिस्टम को विकसित करने पर बल दिया। सभी क्रय केंद्रों पर विज़िटिंग रेजिस्टर रखने और प्रत्येक सप्ताह में नोडल पदाधिकारियों संग बैठक करने की बात कही। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिन्हा और विभिन्न पैक्सों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

प्रिंस खान गिरोह के छह शूटर हथियार के साथ गिरफ्तार

एजेंसी । धनबाद

मोस्टवांटेड क्रिमिनल प्रिंस खान के छह शूटरों को धनबाद पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही है। इन शूटरों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोली और अन्य सामान भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार अपराधियों में कतरास निवासी गणेश कुमार (28), कतरास निवासी राजेश बधावन उर्फ बब्लू (27), कतरास निवासी अजय कुमार सिंह (35), मधुबन निवासी करण सिंह राजपूत (21), निचितपुर निवासी बिट्टू उर्फ सागर मल्लाह (20) और पलामू निवासी देव उर्फ भीम उर्फ प्रियेश कुमार सिंह उर्फ राहुल (25) शामिल हैं। वही इनके पास से एक स्विफ्ट कार, एक पल्सर बाइक, तीन पिस्तौल, 16 जिंदा कारतूस और विभिन्न कंपनियों के सात मोबाइल फोन बरामद हुआ है। शुक्रवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दन ने बताया कि 26 दिसंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रिंस खान गिरोह के कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसके बाद जिले की नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की गई। इसी क्रम में केंदुआडीह थाना के तहत शिमलाबहाल ब्रिज के समीप स्विफ्ट कार पर सवार राजेश कुमार बधावन, अजय कुमार सिंह और सागर कुमार

मल्लाह उर्फ बिट्टू को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही कतरास थाना क्षेत्र के निचितपुर रेलवे साडिंग के पास से गणेश गुप्ता एवं करण सिंह को मोटरसाइकिल से भागते वक्त पीछा कर के गिरफ्तार किया। इनके पास से भी पुलिस को हथियार मिले। वहीं अन्य सूचना पर इनके एक अन्य साथी प्रियेश कुमार सिंह को धनबाद बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ के क्रम में खुद को प्रिंस खान गिरोह का सदस्य बताते हुए बीते दिनों बरवाअड्डा स्थित कुर्मीडीह निवासी सीमेंट व्यपारी चेतन महतो पर गोलीबारी करने, बीते दो दिसंबर को तेतुलमारी थाना अंतर्गत रेलवे साइडिंग पर फायरिंग करने तथा 19 दिसम्बर को प्रिंस खान के इशारे पर बलियापुर मार्शलिंग यार्ड कर्मी को गोली मारने की बात स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्त में आए गणेश गुप्ता जो हाल ही में 26 सितंबर को जेल से जमानत पर छूटा था, वहीं इन सभी शूटरों को ऑपरेट कर रहा था। उन्होंने बताया कि सभी पूर्व में भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके है।

लेवी के लिए वार्ड सदस्य की हत्या

एजेंसी । लातेहार

सदर थाना क्षेत्र के उलगाड़ा गांव निवासी वार्ड सदस्य बाल गोविंद साहू की हत्या झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा के नक्सलियों ने गुरुवार रात धारदार हथियार से मारकर कर दी। बाल गोविंद साहू उलगाड़ा गांव में औरंगा नदी पर बना रहे पुल निर्माण कार्य में मुंशी का काम भी करते थे। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात बाल गोविंद साहू पुल निर्माण कार्य के साइडिंग पर ही रुके हुए थे। इसी दौरान रात में लगभग 8 से 10 की संख्या में हथियारबंद नक्सली वहां पहुंचे और बाल गोविंद साहू को कब्जे में लेकर नदी के किनारे ले गए। वहां बाल गोविंद की पिटाई के बाद धारदार हथियार से मार कर उसकी हत्या कर दी। बाद में नक्सलियों ने एक पर्चा फेंक कर घटना की जिम्मेवारी भी ली।इधर घटना के संबंध में सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची।परंतु आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को मृतक का शव घटनास्थल से उठाने नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना था कि मृतक के परिजनों को तत्काल सरकारी नौकरी और आर्थिक मदद दी जाए उसके बाद ही शव को उठने दिया जाएगा। इधर मृतक के

पुत्र ने बताया कि उनके पिता गांव के वार्ड सदस्य भी थे। पिछले कुछ महीने से पुल निर्माण कार्य में मुंशी का काम भी कर रहे थे। नक्सलियों के द्वारा रंगदारी के लिए कई बार ठेकेदार को धमकी दी गई थी। इसी बीच बीती रात उनके पिता की हत्या कर दी गई। वहीं इस मामले में पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी होगी।

ग्रामीणों ने चन्दा कर टूटे और जाम नहर की करायी मरम्मत

एजेंसी । पलामू

विभागीय पहल नहीं होने से ग्रामीणों ने शुक्रवार को चंदा से टूटे और जाम मलय नहर की मरम्मत करायी। जेसीबी लगाकर कार्य किया गया। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि मलय डैम से पानी छोड़े जाने पर नहर के माध्यम से पानी उनके खेतों तक पहुंच जाएगा। मलय नहर के पक्कीकरण कार्य जहां हुए भी है, वहां कूड़ा कचरा से पाइप जाम है। वही कई जगह टूट गयी है। इस कारण पानी नहर में छोड़ने पर पोलपोल तक पानी नहीं आ सकता है। बीच में ही पानी बहकर बर्बाद हो जाता है। ग्रामीणों ने नहर जाम और टूटे हुए जगह पर मिट्टी भरवाने की मांग सिंचाई विभाग के अभियंता से की थी, परन्तु विभाग के जरिये आज तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी। ग्रामीणों का कहना है कि रबी फसल की बुआई कर दिए

हैं। ऐसे में गेहूं के पटवन के लिए खेत में पानी की जरूरत पड़ेगी, परन्तु कई जगह पर नहर टूटने और पाइप जाम रहने के कारण खेत तक पानी नहीं पहुंच सकता। ग्रामीण सुशील सिंह सहित अन्य लोगों ने गांव से चंदा इक्टठा कर शुक्रवार को टूटे नहर की मरम्मत जेसीबी के द्वारा करायी। वही नहर की पाइप को भी साफ सफाई करायी। सुशील सिंह ने बताया कि विभाग के जरिये इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी तो थक हार कर नावाडीह, पोलपोल आदि गांव के ग्रामीण चन्दा कर नहर मरम्मत कराने में मदद की, ताकि कृषक के खेतों तक नहर खुलने पर पानी पहुंच सके। मौके पर सुधीर सिंह, जवाहर चन्द्रवंशी, शिव नारायण सिंह आदि लोग मरम्मत कराते दिखे।

पलामू में 11 सड़कों का होगा नवनिर्माण, एसीबी ने जांच कर 10 वर्ष बाद दी हरी झंडी

एजेंसी । पलामू

पलामू जिले में भ्रष्टाचार के कारण जांच से एक दशक से लंबित पड़ी 11 सड़कों के पुर्ननिर्माण का रास्ता साफ हो गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के पुलिस उप महानिरीक्षक ने मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के उपसचिव शंकर एक्का को 26 दिसंबर को पत्र जारी कर सभी 11 सड़कों की जांच पूरी हो जाने के संबंध में जानकारी दी है। यह भी कहा है कि उक्त सड़क पर मरम्मत एवं नव निर्माण का कार्य किया जा सकता है। एसीबी को कोई आपति नहीं है। इस मामले में शुक्रवार को मेदिनीनगर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र की पांच समेत कुल 11 सड़कों के निर्माण पर एसीबी ने जांच करके एनओसी दे दी है। ऐसे में इन पर दोबारा निर्माण कार्य अब शुरू

हो जायेगा। एसीबी से जांच पूरी कराकर एनओसी दिलाने में पलामू के सांसद वीडी राम और उनका प्रयास रहा। इन सड़कों के निर्माण शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परिवहन में काफी सहुलियत होगी। खासकर बरसात के दिनों में आवागमन बेहतर हो पायेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि सभी सड़क के निर्माण कार्य में वर्ष 2014 में लागत से अधिक भुगतान किया गया था, जिसके बाद मामले में कार्रवाई शुरू हुई थी। 10 वर्षों तक निर्माण कार्य पर रोक लगने के कारण सड़कें बिल्कुल जर्जर हो गयी थी। इस संबंध में झारखंड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता सिंगराय टूटी ने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव को गत आठ जून को पत्र लिखकर सभी पथों के पुर्ननिर्माण के लिए एनओसी निर्गत करने का आग्रह किया था। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से पलामू जिले की कुल 11 सड़कों के निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाये जाने पर वर्ष 2013-14 में ग्रामीण विकास विभाग ने एफआइआर करवाई थी। इसमें हुए घोटाले की जांच एसीबी से करायी जा रही थी। एक दशक से जांच होने के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था। लोकसभा चुनाव के समय पाटन प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर काफी हंगामा किया था और सांसद और विधायक को रोके रखा था। मामले में पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम के जरिये 10 दिसंबर को राज्य की मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सड़कों के निर्माण में हुई गड़बड़ी-अनियमितता के कारण निर्माण कार्य नहीं होने और वर्तमान में जर्जर स्थिति से अवगत कराया गया था। एसीबी जांच पूरी कराकर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का आग्रह किया था। वित्त मंत्री ने कहा कि विभागीय कार्यपालक अभियंता रिवाइज एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश अपने अधिनस्थ अभियंताओं को दिया है। 31 दिसंबर तक पुर्नरक्षित प्राक्कलन तैयार कर विभाग को समर्पित करने का निर्देश दिया है। सबकुछ ठीकठाक रहा तो जल्द इस पर निर्माण कार्य भी शुरू हो जायेगा।

इन सड़कों की रहो रही थी जांच-गोदरमा से नवगढ़, ब्रहमोरिया से नवडीहा भुड़वा, पीडब्लूडी पथ से पाटन-पड़वा सड़क, कांकेकला से सूठा, बरांव से ओडनार, रामगढ से दीनाबार भाया काचन, मायापुर से नावाडीह, बिरजा से जमडीहा भाया जोगा, सरइडीह से डगरा, मुख्य पथ से गम्हरियाडीह, मुख्य पथ से कउवल शामिल है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 28 दिसंबर, 2024

संक्षिप्त समाचार

बोकारो : उपायुक्त को शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ, बोकारो जिला इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपायुक्त बोकारो से कैंप दो स्थित उनके कार्यालय में भेंट कर नवनियुक्त पचास से अधिक शिक्षकों को अबतक वेतन भुगतान शुरू नहीं होने का मामला उठाया। संघ ने इस संबंध में उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल को उपायुक्त महोदया ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने किया। प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार,उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव, सदस्य राखी बरनवाल एवं डौली अग्रवाल शामिल थीं।

वेटनरी हॉस्पिटल स्थित मुर्गी फार्म के कमरे में आग लगी

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल मुर्गी फार्म स्थित वेटनरी हॉस्पिटल के समीप मुर्गी फार्म के एक कमरा सह पंचायत चुनाव के दौरान बनाये गये मतदान केंद्र संख्या 25 में आग लगने से उसमें रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना गुरुवार रात्रि लगभग डेढ़ बजे की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त कमरे में रात्रि में अचानक से तेज लपटों के साथ आग लग गई। आग लगने से कमरे की छत पर रखे एस्बेस्टस शीट में आग लगी और उसके फटने की आवाज से आसपास के लोगों एवं वेटनरी हॉस्पिटल के कर्मचारी ने देखा तो सीआईएसएफ फायर एवं स्थानीय थाना को सूचित किया। सूचना पाकर फायर की टीम ने आकर आग बुझाने का कार्य किया। उक्त कमरे में बिजली का कनेक्शन नहीं रहने के कारण बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना नहीं के बराबर है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि रात्रि में किसी ने कमरे में आग लगा दी। उक्त कमरे में सरकारी मुर्गी फार्म का सामान रखा हुआ था जो कि जलकर खाक हो गया। शुक्रवार की सुबह वेटनरी डॉक्टर अशोक कुमार ने घटना की लिखित सूचना स्थानीय थाना को दी।

छात्र-छात्राओं ने लिया पिकनिक का आनंद

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : अपने विद्यार्थियों के लिए एक सकारात्मक और समृद्ध वातावरण बनाने के उद्देश्य से डीपीएस चास में विद्यालय परिसर में एक पिकनिक का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक अवकाश प्रदान करना, सौहार्द और विश्राम को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने हंसी-मजाक, खेल, गीत-संगीत, नृत्य सहित अनेक गतिविधियों से भरे दिन का आनंद लिया।

इस कार्यक्रम ने न केवल शैक्षणिक दिनचर्या से छुट्टी प्रदान की, बल्कि छात्रों के बीच टीम निर्माण और सामाजिक संपर्क को भी प्रोत्साहित किया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने केक काटकर बच्चों के साथ मिलकर पिकनिक का आनंद उठाया। इस अवसर पर डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल एवं विद्यालय की निदेशक डा. मनीषा तिवारी ने भी बच्चों के साथ पिकनिक का आनंद उठाया तथा उन्हें ढेर सारी बधाइयां दी।

घर का ताला तोड़ बाइक की चोरी

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल के निशन हाट स्थित डीवीसी की आवासीय कॉलोनी के आवास संख्या एचएमडी-16बी में रहने वाली रुकसाना प्रवीण के गेट का ताला तोड़कर चहारदीवारी के अंदर रखी बाइक की चोरी कर ली गई। घटना गुरुवार रात्रि की है। घटना के संबंध में रुकसाना प्रवीण ने स्थानीय थाना को दिये आवेदन में लिखा है कि गुरुवार की रात्रि उसके आवास के गेट का ताला तोड़कर चहारदीवारी के अंदर रखी होंडा साइन बाइक, नंबर जेएच09एएफ-7989 की चोरी कर ली। शुक्रवार को सुबह उठने पर बाइक नहीं था और गेट का ताला टूटा हुआ था। विदित हो कि इन दिनों बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी की आवासीय कॉलोनी में लोहा चोरों का आतंक चरम पर है।

दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभः "ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर"

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारोः चिन्मय विद्यालय में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.), नई दिल्ली द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का विषय "ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर" था, जिसमें 80 विद्यालयों के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, वरिष्ठ शिक्षक, और शिक्षक उपस्थित थे।

मुख्य अतिथियों की उपस्थिति- कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सी.बी.एस.ई. पटना के प्रमुख रवि प्रकाश, उपनिदेशक शैलेश कुमार सोनी (आई.एस.टी.एम, भारत सरकार), अनुभाग अधिकारी राघवेंद्र कुमार और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

नई शिक्षा नीति पर चर्चा- विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने स्वागत भाषण में कहा कि सी.बी.एस.ई. शिक्षकों को नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के तहत लगातार अपडेट रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षक अपने ज्ञान को अद्यतन कर विभिन्न विद्यालयों में नई शिक्षा नीति को लागू करने में अधिक सक्षम होंगे।

कार्यशाला में पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि- कार्यशाला के दौरान देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

शिक्षण पद्धतियों में नवाचार की आवश्यकता- सी.बी.एस.ई. पटना के प्रमुख रवि प्रकाश ने शिक्षण पद्धति में नवाचार और अपडेट्स पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों का यह दायित्व है कि वे नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों के पठन-पाठन में सकारात्मक बदलाव लाएं। उन्होंने शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल को न केवल बेहतर बनाने की सलाह दी, बल्कि विद्यार्थियों के लिए इसे अधिक उपयोगी और रोचक बनाने पर भी बल दिया।

सकारात्मक शिक्षण का महत्व- कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन शैलेश कुमार सोनी और आशीष बोस ने शिक्षकों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ शिक्षण में शामिल होने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक कक्षा में ऊर्जा और उत्साह के साथ प्रवेश करें और विद्यार्थियों के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखें। उन्होंने उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाने के सुझाव दिए।

विषयों और सहयोगियों की भूमिका- कार्यशाला में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, नेतृत्व कौशल, और प्रभावी संचार रणनीतियों पर गहन चर्चा की गई। संचालन में रागिनी मिश्रा, रजनीश चौधरी, स्मृति, रणधीर नारायण, पंचानंद शर्मा, रण विजय ओझा, अंजनी कुमारी और नितेश पांडेय ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यशाला ने उपस्थित शिक्षकों को नई दृष्टि और ऊर्जा के साथ शिक्षण पद्धति में सुधार के लिए प्रेरित किया।

जमीन पर अवैध कब्जा हटाने को लेकर एसडीएम को लिखा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल गोविंदपुर इ पंचायत निवासी डीवीसी के अवकाश प्राप्त कर्मी जानकी महतो ने बेरमो एसडीएम को पत्र देकर उनकी रैयती जमीन पर वर्षों से किये गये अवैध कब्जा को हटाने की मांग की है। एसडीएम को प्रेषित पत्र में वर्णित है कि गोविंदपुर एफ पंचायत अंतर्गत पंचमंदिर से राजाबाजार नीचे टोला जाने के रास्ते में उनके परदादा स्व किसुन महतो की जमीन खाता संख्या 6, प्लॉट नंबर 1856, रकवा एक एकड़ एक डिसिमल है, जिस पर कुछ दबंगों एवं डीवीसी के रिटायर्ड कर्मियों ने अवैध कब्जा कर रखा है, जिनकी संख्या 20 के आसपास है। जमीन खाली करवाने को लेकर उनलोगों के द्वारा मारपीट एवं गाली-गलौज की जाती है। बेरमो एसडीएम ने उक्त आवेदन पर जांच करने के लिए बेरमो सीओ को लिखा है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले इस्पातकर्मियों को शाबाशी

बीएसएल की हॉट स्ट्रिप मिल में शाबाश स्कीम कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट की हॉट स्ट्रिप मिल के मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शाबाश स्कीम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के महाप्रबंधक पीके वर्मा, आर के झा, आई सी गुप्ता के साथ वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरम्भ में हॉट स्ट्रिप मिल के महाप्रबंधक धर्मेंद्र सिंह करारिआ के द्वारा शाबाश स्कीम के तहत विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों के कार्यों के बारे में विस्तृत विवरण दिया गया।

पुरस्कार पाने वाले सनातन दास, आशीष, बरजु सोरेन, राजीव साधु, अमित कुमार, नृत्यंजय कुमार, अनिल मुंडा, राम मांझी, एस यादव, जितेंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, कैलाश केवट तथा श्रीलाल आर्या को हॉट स्ट्रिप मिल के मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार सिंह ने सभी लोगों से भविष्य में भी इसी प्रकार के नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने की अपील की।

शिक्षकों की व्यावसायिक क्षमता के निर्माण के लिए एकरारनामा

- प्रशिक्षण का दौर शुरू, 30 तक चलेगा सिलसिला

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : बीएसएल के सीएसआर विभाग ने मिडिल और हाई स्कूल विज्ञान शिक्षकों को व्यावसायिक क्षमता निर्माण प्रदान करने के लिए जॉय ऑफ लर्निंग फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास), मनीष जलोटा तथा निदेशक (जॉय ऑफ लर्निंग फाउंडेशन) अंशुमाला गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में नीरज त्रिपाठी, वरीय प्रबंधक (सीएसआर), शिक्षकगण तथा सीएसआर विभाग के संतोष कुमार शामिल थे। एमओए के अनुसार, विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला 30 दिसंबर तक बोकारो स्टील सिटी में जारी रहेगी। इस कार्यक्रम में 45 चयनित शिक्षकों का एक समूह कार्यशाला में भाग लेगा।

पहला कार्यशाला डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-8 में आयोजित किया गया और यह आने वाले महीनों में निर्धारित चार कार्यशाला श्रृंखला का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य मध्य और उच्च विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों के लिए व्यावसायिक क्षमता निर्माण करना है। कार्यशाला में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान में मौलिक महत्व के विषय शामिल होंगे। प्रशिक्षण से वैचारिक स्पष्टता बनाने के लिए पूछताछ, व्यावहारिक प्रयोग और तर्क करने की क्षमता विकसित होगी और अनुभव, अवलोकन और सिद्धांत के बीच अंतर को पाटने का लक्ष्य रखा गया है।

वेदांता ईएसएल ने जीविका परियोजना के तहत अगरबत्ती निर्माण इकाई का उद्घाटन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारोः ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए वेदांता ईएसएल ने दृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से प्रोजेक्ट जीविका के तहत अगरबत्ती निर्माण इकाई का उद्घाटन किया। यह पहल मधुनिया में महिलाओं को कौशल-आधारित प्रशिक्षण और उद्यमशीलता के अवसर प्रदान करके उनके लिए स्थायी आजीविका सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रोजेक्ट जीविकाः महिला सशक्तिकरण की पहल- वेदांता ईएसएल की इस प्रमुख पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास और सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना में सक्षम बनाना है। यह परियोजना बांस हस्तशिल्प, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, और डिटर्जेंट निर्माण जैसे व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान कर महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने पर केंद्रित है। बाजार से जुड़ाव के विशेष प्रयासों ने अब तक हजारों महिलाओं के जीवन को आत्मनिर्भर और स्थायी बनाया है।

अगरबत्ती निर्माण इकाईः बढ़ती मांग का समाधान- भारतीय बाजार में अगरबत्ती की बढ़ती मांग और स्थानीय महिलाओं की रुचि को ध्यान में रखते हुए, परियोजना के तहत यह इकाई स्थापित की गई है। यह पहल न केवल ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता के लिए वेदांता ईएसएल की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

उद्घाटन समारोहः सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति- बोकारो के मधुनिया में आयोजित उद्घाटन समारोह में वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा, दृष्टि फाउंडेशन के प्रोजेक्ट लीड राजीव रंजन, मधुनिया पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार, और वार्ड सदस्य अब्दुल जब्बार उपस्थित थे।

महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता- कार्यक्रम के दौरान, कुणाल दरिपा ने कहा, "वेदांता ईएसएल में हम महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में उनके परिवर्तनकारी योगदान पर विश्वास करते हैं। अगरबत्ती निर्माण इकाई के माध्यम से, हमारा उद्देश्य महिलाओं को कौशल और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है।"

ग्रामीण उद्यमिता को मिलेगा प्रोत्साहन- स्थानीय समुदाय ने इस पहल का स्वागत किया है। कई महिलाओं ने नई इकाई से मिलने वाले अवसरों को लेकर अपनी आशा व्यक्त की है। इस इकाई का उद्देश्य लाभार्थियों को बड़े बाजारों से जोड़कर ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड- ईएसएल स्टील लिमिटेड, झारखंड के बोकारो जिले में स्थित एक अग्रणी स्टील उत्पादक कंपनी है। यह 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वाले ग्रीनफील्ड प्लांट के साथ पिग आयरन, टीएमटी बार, और वायर रॉड जैसे उत्पाद बनाती है। कंपनी पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता की सेवाएँ प्रदान करती है।

दृष्टि फाउंडेशनः सामुदायिक विकास में अग्रणी- दृष्टि फाउंडेशन, 2003 में स्थापित, ग्रामीण समुदायों में स्थायी आजीविका और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। यह फाउंडेशन महिला उद्यमिता, मूल्य सृजन, और ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

इस पहल से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की संभावना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनेंगी और अपने समुदाय के विकास में योगदान देंगी।

बोकारो संस्कृत भारती की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

- संस्कृत में निहित है देश की सुरक्षा : डा. रमन मूर्ति

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : बोकारो संस्कृत भारती झारखंड प्रदेश की ओर से एन एम मेमोरियल अकादमी विस्थापित नगर चास में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। मौके पर राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ रमन मूर्ति ने कहा कि देश की सुरक्षा संस्कृत में निहित है। मानव हेतु और विश्वहित की रक्षा संस्कृत के साहित्य में निहित ज्ञान के आधार पर की जा सकती है। संस्कृत मातृभाषा ही नहीं यह मानव मूल्यों की निर्मात्री है। सर्वे 'भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः' के महान लक्ष्य को ध्यान में रखकर संस्कृत भारती ने देश और विदेशों में भी संस्कृत को प्रचारित, प्रसारित और अभ्यास के अनुकूल बनाने का लगातार प्रयत्न अभ्यास वर्ग के माध्यम से कर रही है। इसी क्रम में सात दिनों का यह अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि विश्व का बहुमूल्य ज्ञान जो संस्कृत में है, वह अन्य कहीं नहीं है। संपूर्ण ज्ञान का आधार संस्कृत है। इस अवसर पर संस्था के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ चंद्रकांत शुक्ला ने कहा कि संस्कृत को जन-जन की भाषा बनाने की जरूरत है। यह विश्व की सबसे समृद्ध भाषा है। वैज्ञानिकता की दृष्टि से संस्कृत का भाषा विज्ञान अनूठा है। यही कारण है कि कंप्यूटर के लिए संस्कृत जितना स्वाभाविक है, उतनी दुनिया की कोई भाषा नहीं है। मौके पर उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. दीपचन्द राम कश्यप ने कहा कि संस्कृत को सहज सरल स्वरूप में मंत्रवत छात्रों -शिक्षकों को अभ्यास करने का प्रयत्न हमारी संस्था कर रही है। यह कार्य सनातन संस्कृति और समाज सबके लिए सुरक्षा कवच है।

मौके पर उपस्थित एनएम अकादमी के डायरेक्टर मेघचंद्र मिश्रा ने संस्कृत के महनीय कार्य को गति प्रदान करने के लिए संस्कृत भारती के विजयवाड़ा से आए अधिकारी और अन्य सभी अधिकारियों का अभिनंदन किया और स्वयं को इस कार्य के लिए अपने विद्यालय के उपयोग को अपना सौभाग्य बताया। डॉ आशा रानी राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित अतिथि थी। इस मौके पर वर्ग अधिकारी डा. सत्यदेव तिवारी, संस्कृत भारती के प्रांत मंत्री पृथ्वीराज सिंह, संस्था के अध्यक्ष डॉ रामनारायण सिंह, संस्कृत भारती के धनबाद विभाग संयोजक डॉ विनय कुमार पांडेय, राम बचन सिंह जी डा. विनय कुमार पाण्डेय संस्कृत भारती के पत्राचार प्रमुख बोकारो, संस्कृत भारती बोकारो के कोषाध्यक्ष कुमार गौरव, विपुल कुमार, कृष्ण कुमार आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

कसमार के सोनपुरा में ट्रैक्टर ने दो बच्चों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

आक्रोशित ग्रामीणों ने की चालकों की पिटाई, पुलिस ने कराया मुक्त

- 12 घंटों तक जाम रहा सोनपुरा- कथारा सड़क

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : कसमार थाना क्षेत्र के सोनपुरा-कथारा सड़क में शुक्रवार की सुबह अवैध बालू ले जा रहे दो ट्रेक्टरों की जोरदार टक्कर ने एक चार वर्षीय बच्चे की जान ले ली, जबकि इस घटना में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रेक्टर के दोनों चालकों को खूंटे में बांधकर जमकर पिटाई की। घटना की सूचना पाकर कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो पुलिस दल-बल के साथ पहुंचे और दोनों चालको को मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको की तरफ से अवैध बालू लेकर आ रही एक ट्रेक्टर ने सोनपुरा के रास्ते खाली जा रही दूसरे ट्रेक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे खाली ट्रेक्टर का इंजन एक राशन दुकान के पास जाकर टकरा गई। राशन दुकान के पास खटिया में बैठकर बिस्किट खा रहे दो बच्चे इसकी चपेट में आ गए। घटना में दोनों बच्चे ट्रेक्टर के चक्के में जाकर घुस गए। जिसमें नीरज करमाली का चार वर्षीय पुत्र श्रेयांस कुमार व सुरज करमाली की तीन वर्षीय पुत्री रितिका कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में श्रेयांस कुमार की स्थिति नाजुक देख उसे बीजीएच बोकारो रेफर किया गया। जहां डाक्टरों ने बच्चें की स्थिति काफी खराब देखते हुए रांची रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में श्रेयांस ने दम तोड़ दिया। जबकि बच्ची की प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। स्थानीय जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, कसमार अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार, कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो, जरीडीह थाना प्रभारी कुमार विक्रम सिंह व पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा पुलिस दल-बल के साथ पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। इधर देर शाम इलाज के दौरान रांची में एक अस्पताल में इस घटना में गंभीर रूप से घायल श्रेयांस की मौत के बाद फिर से हंगामा शुरू हो गया। समाचार लिखे जाने तक वार्ता चल रही थी, जिसमें प्रशासन के अधिकारी, ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

तीन दिवसीय लक्ष्मण सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट शुरू

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल स्थित स्वामी विवेकानंद फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय लक्ष्मण सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का उदघाटन बोकारो थर्मल थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह एवं भाजयुमो के पूर्व बोकारो जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह ने मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल में किक मारकर किया। इसके पूर्व स्व लक्ष्मण सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट किया गया। शुक्रवार को उदघाटन मैच पेटरवार एवं बोकारो थर्मल की टीम के बीच खेला गया, जिसमें पेटरवार की टीम ने शून्य के मुकाबले एक गोल से मैच जीत लिया। दूसरा मैच ललपनिया एवं चंदनकियारी के बीच खेला गया जिसमें चंदनकियारी की टीम ने ललपनिया की टीम को दो गोल से पराजित कर दिया। मौके पर अनि धनंजय सिंह, दीपक कुमार पासवान, अशोक सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव ए कार्तिक, कोषाध्यक्ष भोला तुरी, अनिल तुरी, जसपाल सिंह, पिंटू सिंह, नीरज विश्वकर्मा उपस्थित थे। शनिवार को दो मैच होंगे, जिसमें बोकारो स्टील एवं विष्णुगढ़ तथा दूसरा मैच कुरपनिया एवं खेलारी टीम के बीच खेला जाएगा।

डॉ मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति : पंकज

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ बोकारो जिला इकाई बोकारो ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। संगठन ने आनलाइन शोक सभा आयोजित कर डॉ मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दिवंगत आत्मा के सम्मान में दो मिनट का मौन व्रत रखा। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने डॉ मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए देश में आर्थिक उदारीकरण, आर्थिक सुधार एवं देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में डॉ मनमोहन सिंह द्वारा किए गए क्रांतिकारी प्रयासों का जिक्र किया। सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने डॉ मनमोहन सिंह के द्वारा एक प्रोफेसर,अर्थशास्त्री,देश के वित्त सचिव, रिजर्व बैंक गवर्नर एवं वित्त मंत्री के रूप में किए गए कार्यों का स्मरण किया। संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार ने डॉ मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री के रूप में 2004 से 2014 के बीच के कार्यकाल में उनके द्वारा मनरेगा योजना समेत देश की प्रगति हेतु लिए गए अभूतपूर्व निर्णयों के लिए उन्हें याद किया। पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर संघ के संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, निवर्तमान उपाध्यक्ष डॉ रणजीत कुमार झा, संयुक्त सचिव भरत कुमार महतो, राजेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ शक्ति पद महतो, उपाध्यक्ष दीपा पंकज लाटा,कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, मीडिया प्रभारी गौरव कुमार दुबे,राज्य प्रतिनिधि मनोज कुमार साहू, प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि उजमा सुल्ताना, सदस्य महाकांत झा, धनंजय कुमार, दिनेश चंद्र, अशोक कुमार महतो, प्रशांत कुमार आदि ने भी गहरा दुःख व्यक्त किया है।

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर एनएचएम के राज्य समन्वयक अनिमा किस्कू एवं जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू शनिवार को सीएचसी बरहेट का करेंगी निरीक्षण

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बरहेट/साहिबगंज :- सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी के निर्देश पर राज्य के सभी मंत्रियों के क्षेत्र में पड़ने वाले स्वास्थ्य सेवा केद्रों को बेहतर किया जाना है। इसी के तहत साहिबगंज जिले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बरहेट विधानसभा क्षेत्र जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट है का भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जाना है। इस उद्देश्य से सूबे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के निर्देश पर शनिवार को मध्याह्न एन एच एम के राज्य समन्वयक अनीमा किस्कू और साहिबगंज जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू सीएचसी बरहेट का औचक निरिक्षण करेंगी। सूत्रों के मिली जानकारी के अनुसार इस मामले की सूचना साहिबगंज सिविल सर्जन कार्यालय को भी विभाग द्वारा भेजा गया है। ऐसा माना जा रहा है की इस निरिक्षण के बाद बरहेट सी एच सी में आवश्यक सुविधाएं जो वर्तमान में उपलब्ध नहीं है की उपलब्धता होगी और सीएचसी बरहेट का कायाकल्प स्वास्थ्य सेवा की दृष्टि से काफी बेहतर बनेगा।

मृतक की मां के बयान पर स्कूटी मालिक सहित पांच के खिलाफ प्राथमिकी, एक ने किया सरेंडर

राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची। मधुकम रूगड़ीगढ़ा में रहने वाले समीर आइंद उर्फ सन्नाटा की पिटाई से हुई मौत के मामले में सुखदेवनगर थाना में शुक्रवार को हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मृतक की मां कुसुम आइंद के बयान पर मामले में लक्ष्मण मिस्त्री, पुकंलू, विकास कुमार, महेश कुमार सहित एक अन्य को आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद लक्ष्मण विश्वकर्मा (मिस्त्री) ने सुखदेव नगर थाना में सरेंडर कर दिया। उल्लेखनीय है कि समीर आइंद उर्फ सन्नाटा पर स्कूटी चोरी का आरोप लगा कर स्कूटी मालिक लक्ष्मण विश्वकर्मा (मिस्त्री) सहित अन्य आरोपितों ने मारपीट की थी। इलाज के दौरान समीर की रिम्स में मौत हो गयी थी। कुसुम आइंद ने प्राथमिकी में कहा है कि वह मूल रूप से खूंटी जिला के कर्रा थाना क्षेत्र के जरिया गोविंदपुर की रहने वाली है। वर्तमान में मधुकम के झारखंड चौक में बहन जूली कच्छप के घर में रहती है। 24 दिसंबर को रूगड़ी गढ़ा निवासी सभी नामजद आरोपित हमारे पैतृक गांव जरिया गोविंदपुर गये और वहां से मेरे बेटे समीर आइंद को स्कूटी चोरी का आरोप लगा रूगड़ीगढ़ा ले आये। इसके बाद उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। जब वह गंभीर रूप से घायल हो गया, तो आरोपित उसे झारखंड चौक पर छोड़ कर भाग गये। वहां काफी देर तक समीर गंभीर स्थिति में तड़पता रहा। इसकी सूचना मिलने पर वह झारखंड चौक पहुंची। पुत्र को ई-रिक्शा से सदर अस्पताल लाकर उसे भर्ती कराया।

नाला की समस्या से आमजन त्रस्त, वहीं सफाई कर लेने में नगर परिषद मस्त

राष्ट्रीय मुख्यधाराः सुजीत कुमार, ब्यूरो, साहिबगंज

साहिबगंजः जिला मुख्यालय स्थित पूर्वी फाटक से लेकर

जीरवाबाडी तक बडा नाला जाम होने के कारण आम जनता को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध मे स्थानीय निवासी महेश साह ने बताया कि हमारे घर के पास से एक बड़ा नाला निकासी के लिए बनाया गया है। जो की बहुत दिनों से जाम पड़ा हुआ है। नाला साफ नही होने के कारण बहुत सी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अगर थोड़ी सी वर्षा होती तो रोड व नाला का पानी दुकान और घर में घुस जाता है। उन्होंने कहा कि 22 दिन पहले एक लिखित आवेदन नगर परिषद को दिया गया है। आवेदन देने पर एक दिन कुछ कर्मचारी के द्वारा कुछ दूर तक नाला की सफाई की गई थी। उसके बाद सफाई बंद हो गया।जबकि वही दूसरी ओर शांति नगर मुहल्ले मे बुधिया साह,अनिल साह के द्वारा आए दिन घर का गंदा पानी छोड दिया जाता है । जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही ये लोग बोलते है,की तुम लोग को जहाँ जाना है जाओ, हमारा कोई कुछ नही बिगाड सकता हैं। जो करना कर लो हम रोड में पानी गिराएंगे। वही ग्रामीण बबलू कुमार, राजेश कुमार,छोटु कुमार,श्रवण कुमार,संजय पासवान,सहित दर्जनों ग्रामीण ग्रामीणों का कहना है,की क्या होगा आम जनता का,क्या सफाई होगी की नही? वही नगर पालिका अधिकारी इसपर बोलने से बचते नजर आए।

भव्य कलश यात्रा से शुरू हुई नौ दिवसीय शिव पुराण कथा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

साहिबगंजः नौ दिवसीय शिवपुराण कथा के पहले दिन शुक्रवार को शहर के कबूतरखोपी सकरूगढ़ हनुमान मंदिर कथा स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 551 महिलाएं कलश लेकर शहर के मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए कबूतरखोपी चानन जनता घाट पहुंचकर विधिवत रूप से पूजन करके कलश में जल भरकर मुख्य मार्गो का भ्रमण करके कथा स्थल पहुंची।वही वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन होकर नौ दिवसीय शिव पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। जिससे क्षेत्र पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है।

मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद सीमा देवी, सरिता देवी,सुरेन्द्र यादव,मनोज तांती,अवध बिहारी यादव, लोकनाथ यादव,दरोगा यादव, भरत यादव,इंदु देवी,रमवती देवी,ममिता देवी,कंचन देवी,राजेश यादव,रवि तांती,प्रेम महतो,लक्ष्मण राम,अनिल राम,नंदजी राम सहित समिति सदस्य व सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 एवम अंडर 14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु आयोजित कैंप के लिए जिले के 05 खिलाड़ी रांची रवाना

राष्ट्रीय मुख्यधारा

साहिबगंजः स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं झारखंड सरकार द्वारा आगामी 05 से 08 जनवरी 2025 को रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु सोनोत मरांडी (06 किलो मीटर क्रॉस कंट्री) एवं 11 से 14 जनवरी 2025 को रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता , संतोष मुर्मू (लंबी कूद, 4 गुणा 100 मीटर रिले), इमानुएल किस्कू (80 मीटर हर्डल्स ,4 गुणा 100 मीटर रिले), अश्विन नागदुआर (200 मीटर ,4 गुणा 100 मीटर रिले),जमादार करई (ऊंची कूद) का चयन झारखंड राज्य टीम में किया गया है।

सिद्धों कान्हु स्टेडियम स्थित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र के सभी प्रशिक्षु एथलीट रांची में आयोजित विशेष कोचिंग कैंप के लिए रवाना हुए।

ज्ञात हो सभी एथलीट झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा अक्टूबर माह में रांची में संपन्न खेलो झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक

जीत सराहनीय प्रदर्शन कर झारखंड टीम में स्थान बनाने में सफल रहे।

जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला ओलम्पिक संघ के राजेश यादव, माधव चंद्र घोष, कल्याण श्रीवास्तव, संतोष उर्फ टिंकू, जिला खेल समन्वयक ललित झा,खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल,निमाई चौधरी समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभ कामना दी ।

झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत दो दुकान को किया गया सील

राष्ट्रीय मुख्यधारा

साहिबगंजः प्रशासक, नगर परिषद साहेबगंज के आदेशानुसार नगर परिषद के कॉलेज रोड, ग्रीन होटल, जे एन राय रोड, हबीबपुर में बकाया होल्डिंग टैक्स को लेकर नगर परिषद कर्मी एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा होल्डिंग टैक्स जमा करने हेतु अभियान चलाया गया।

इस क्रम में बहुत वर्षों से होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने के कारण झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की सुसंगत धाराओं के तहत दो दुकान कॉलेज रोड स्थित डक व्हाइट एवं बैग हाउस को सील किया गया ।

मौके पर सिटी मैनेजर बृजेश कुमार, तहसीलदार सोनू मंडल, राकेश कुमार, सौरभ कुमार, रविकांत पासवान आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

बेड़ो के हूटार गांव में एक वर्ष बाद भी पुरा नहीं बना दो जलमीनार, अब भी अधूरा

- जल जीवन मिशन योजना पर ध्यान दीजिए डीसी साहब : काम की गुणवत्ता भी चेक करवाइए
- विभागीय अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण न सिर्फ ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं, बल्कि निर्माण कार्य अधूरे
- जल जीवन मिशन में ठेकेदारों की मनमानी, गुणवत्ता के अनुसार नहीं बन रही पानी टंकी, ठेकेदारों द्वारा बरती जा रही है अनियमितता, साइट पर जांच करने नहीं जाते अफसर

राष्ट्रीय मुख्यधारा

राजू कुमार सिंह बेड़ोः बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल देने के लिए सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रखंड के सत्रह ग्राम पंचायत के गांवों में टंकी,बोरिंग और पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है।लेकिन पेयजल आपूर्ति विभाग व संवेदक की लापरवाही से यह पूरा नहीं हो सका। प्रखंड के हरिहरपुर जाम टोली पंचायत के हूटार गांव के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में दो जलमीनार पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जलमीनार का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि यहां पानी के लिए गांव के लोग तरस रहे हैं। अर्ध निर्मित जल मीनार लोगों को मुंह चिढ़ा रही है। ज्ञात हो कि प्रखंड के कई गांवों में नल जल योजना से जुड़े संवेदकों की लापरवाही व उपेक्षा से हर घर नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल का सपना अभी तक अधूरा ही है। गांव में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना लूट व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इस योजना के आधे अधूरे कार्य की वजह से ये योजना धरातल पर नजर नही आती है। इस योजना में जिस

तरह से अनियमितता बरती गई है,उसकी जांच होनी चाहिए। इधर हूटार गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है ना तो ठीक से मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है और ना ही बन रहे दीवार व पीलर में पानी दिया जा रहा है। जिससे टंकी की दीवार व पिलर मजबूत नहीं बनेगी। खराब निर्माण कार्य से लोगों में काफी आक्रोश है। कहा जा रहा है कि विभागीय अधिकारियों के उदासीनता रवैये के कारण न सिर्फ ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं, बल्कि योजना के काम की खानापूर्ति करने पर ध्यान दे रहे हैं। एक तो काफी रद्दी एवं घटिया किस्म से दोनों जल मीनार का निर्माण कराया जा रहा है, उसमें भी इतना विलंब हो रहा है। ग्रामीणों ने डीसी से गुहार लगाते हुए कहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों से संबंधित विभाग के अधिकारियों किंमयों अभिकर्ताओं के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए अविलंब जल मीनार निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

सड़क सुरक्षा से सम्बंधित प्रशिक्षण का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

साहिबगंजः पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित ट्रेनिंग दिया गया।

जिसमें iRAD/eDAR में इंट्री BREATH Analyser के उपयोग करने , हिट एंड रन से सम्बंधित ट्रेनिंग दिया गया।

मौक़े पर मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार कुशवाहा, रोड सेफ़्टी मैनेजर नीरज साहा, iRAD/eDAR मैनेजर मनोज कुमार, रोड सेफ़्टी इंजिनियर अनुज पराशर एवं IT असिस्टेंट राजहंस एवं सभी थाना के सब इंस्पेक्टर उपस्थित थे।

राज्य में बारिश और कोहरे के साथ बढ़ेगी ठंड

राष्ट्रीय मुख्यधारा

रांची। राज्य में 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रांची सहित कई जिलों में बारिश की संभावना है। झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे बारिश होगी। साथ ही 29 दिसंबर को बारिश के बाद से कोहरा छाया रहेगा। बादल के हटते ही राज्य में कनकनी बढ़ेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, 28 दिसंबर को गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, गुमला, रांची, सिमडेगा और खूंटी जिलों में हल्के दर्जे की जबकि 29 दिसंबर को रांची, गुमला, खूंटी, पूर्वी-पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है।

राजधानी रांची सहित राज्य में शुक्रवार को सुबह में कोहरा और

आंशिक रूप से बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, एक और दो जनवरी को राज्य में कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे दो दिन लगातार बारिश होगी। उन्होंने बताया कि संथाल के अलावा कुछ जिलों को छोड़कर बाकी जगहों पर बारिश होगी। साथ ही 30 दिसंबर को बारिश थमते ही उत्तर से आने वाली हवाओं की वजह से कुहासा का असर रहेगा और ठंड में भी बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेंटीग्रेड धनबाद में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29.8 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर कोहरा भी दर्ज किया गया और मौसम शुष्क रहा।

बेड़ो में जंगली हाथी ने दांत से मारकर युवक को किया घायल

राष्ट्रीय मुख्यधारा

संवाददाता बेड़ोः- बेड़ो थाना क्षेत्र के ईंटा दूधिया जंगल के बंजारा मोड़ के समीप एक विशालकाय जंगली हाथी ने इसी थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री गांव निवासी 19 वर्षीय युवक कृष्णा उरांव को दांत से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे की है। ईंटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा व घायल के परिजनों ने बताया कि वह साइकिल से बकरियों के भोजन के लिए पत्ता लाने के लिए जंगल की ओर गया था। वहीं घर लौटने के दौरान ईंटा दूधिया जंगल के बंजारा मोड़ के समीप एक विशालकाय जंगली हाथी अचानक आ धमका। जंगली हाथी ने उसे दांत से जोरदार धक्का मारा। जिससे वह गिरकर गया। साथ ही गंभीर रूप से घायल हो गया। चोट उसके बाएं पैर पर लगी है।वहीं इसकी सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने उसे पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ कुसुमलता ने उसका प्राथमिक उपचार कर गंभीरावस्था में बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर वनरक्षी सुभाष प्रमाणिक, भूपेंद्र प्रसाद व संजय भगत सीएचसी बेड़ो पहुंचे। साथ ही उन्होंने तत्काल मुआवजा के रूप में नकद पांच हजार की राशि उनके परिजन को सौंपा। वहीं सूचना मिलने पर हरिहर जामटोली पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, समाजसेवी दशरथ तिर्की व वन सुरक्षा समिति के रसीद मीर सीएचसी बेड़ो पहुंचकर स्थिति की जानकारी लिया।इधर

जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से जनहित में जंगली हाथियों के उत्पात से राहत दिलाने के लिए समुचित व्यवस्था करने की मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस झुंड में तीन जंगली हाथियों को देखा गया है। इनके दस्तक देने से आसपास में दहशत व्याप्त है।

संक्षिप्त समाचार

पुल निर्माण कार्य में लगे मुंशी की गला रेतकर हत्या, दहशत का माहौल

लातेहार, एजेंसी। सदर थाना क्षेत्र के भूसुर पंचायत के उलगड़ा के पास बीती रात पुल निर्माण कार्य में लगे मुंशी की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान बाल गोविंद प्रसाद (50) के रूप में हुई है। वह पंचायत के वार्ड पार्षद भी थे। झारखंड जन संघर्ष मुक्ति मोर्चा ने पर्चा छोड़कर घटना की जिम्मेदारी ली है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जरीडीह से मोमिनों का दल अजमेर शरीफ रवाना

बोकारो, एजेंसी। जरीडीह प्रखंड के बारू व बहादुरपुर से दर्जनों जायरीन (मोमिन) गुरुवार को जियारत करने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह अजमेर शरीफ के लिए रवाना हुए। इस दौरान कांग्रेस के जरीडीह प्रखंड उपाध्यक्ष अकबर अंसारी ने बहादुरपुर में आयोजित समारोह में मोमिनों को रवाना किया। अकबर अंसारी ने बताया कि सभी लोग अजमेर शरीफ में जाकर मत्था टेककर हिंदुस्तान की अमन चैन की दुआ मांगेंगे। मौके पर अबुल हसन, जाकिर अंसारी, कमाल अख्तर, मतीम अंसारी, सकीना खातुन, सलीमा खातुन, कलीमुन खातुन, सरीफन बीबी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

क्लीन, ग्रीन एंड स्मार्ट रांची बनाने की दिशा में काम करें अधिकारी : सीएम

रांची, एजेंसी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के री- डेवलपमेंट प्लान, ट्रैफिक प्रेशर और उससे निजात के लिए उठाए जा रहे कदमों को लेकर गुरुवार को पथ विभाग और रांची नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने सुंदर और स्मार्ट रांची बनाने की दिशा में अधिकारियों को कई निर्देश दिए। कहा कि क्लीन एंड ग्रीन रांची के लिए हम सभी को मिलजुल प्रयास करना होगा। इसमें आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी पहल की जानी चाहिए। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के ओर से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए रांची में नए फ्लाईओवर तथा सड़कों के निर्माण के साथ इनर और आउटर रिंग रोड की योजना की जानकारी दी। रांची नगर निगम के आयुक्त को शहर का नियमित भ्रमण करने का निर्देश दिया ताकि साफ- सफाई और अतिक्रमण की हकीकत की जानकारी मिल सके और उसके निदान की लिए ठोस कदम उठाए जा सकें।

वन विभाग व पुलिस ने तिसरी में अवैध माइका लदे 2 ट्रक किया जब्त

गिरिडीह, एजेंसी। वन विभाग, पुलिस व एसएसबी की टीम ने गुरुवार को तिसरी प्रखंड में अवैध माइका कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने मनसाडीह ओपी क्षेत्र के तिसरो गांव के पास से अवैध माइका लदे दो ट्रकों को जब्त किया। वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस व वन विभाग की टीम अवैध अवैध माइका का कारोबार करने वालों की पहचान में जुटी है, जिसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी में तिसरो एसएसबी कैंप के इंस्पेक्टर विजय पाल, मनसाडीह ओपी प्रभारी अंकित कुमार, प्रभारी वनपाल अभिमीत राज, वन उप परिसर पदाधिकारी रंजीत प्रभाकर, अक्षय सिन्हा, सूर्यकांत कुमार, शशि कुमार, रवीश कुमार व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

गलीवासियों को नहीं मिलता नगर परिषद की सुविधाओं का लाभ

गोड्डा, एजेंसी। गोड्डा नगर परिषद के कार्यकलापों को समझना आम जनता के लिए मुश्किलों भरा है। नगर परिषद की सुविधाओं का पैमाना सड़क के किनारे रहनेवालों के लिए अलग और गलियों में रहनेवालों के लिए अलग है। उसमें भी वैसे मोहल्ले जो मुख्य बाजार के आसपास हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाती है। वहीं, जो मोहल्ला मुख्य बाजार से थोड़ी दूरी पर हैं वहां के लोगों को अपेक्षाकृत कम सुविधाएं दी जा रही हैं। नगर परिषद का यह वर्गीकरण रोजमर्रा के क्रियाकलापों में स्पष्ट दिखता है। वार्डवार मोहल्लों का यह विभाजन कर्मियों द्वारा ही अपनी सुविधानुसार किया गया है। नगर परिषद के भंग होने से पहले संबंधित वार्ड पार्षद भी उसी अनुरूप यह तय कर गए कि उनके लोगों को ज्यादा साफ- सफाई व लाइट की व्यवस्था मिले। वहां से बचने के बाद ही दूसरी पट्टी की लोगों को सुविधा मिले। कमोवेश यही मानसिकता परिषद के भंग होने के बाद भी कायम है।

झारखंड में दिल दहलाने वाली घटना, बुजुर्ग को पहले धारदार हथियार से काटा, फिर जलती चिता में जिंदा झोंका

बुद्धेश्वर उरांव का पुत्र झड़िया उरांव ने बताया कि निर्ममता से हत्या का कारण समझ से परे है

गुमला, एजेंसी। गुमला सदर थाना क्षेत्र की डुमरडीह पंचायत अंतर्गत कोरांबी गांव में बुधवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के 60 वर्षीय बुद्धेश्वर उरांव को मारपीट के बाद जलती चिता में जिंदा झोंक दिया। वृद्ध बचाओ।।। बचाओ चिल्लाता रहा। लेकिन किसी ने बचाने की हिम्मत नहीं दिखाई। लोग श्मशान से भाग खड़े हुए। थोड़ी ही देर में वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई।

बुधवार को गांव की वृद्ध महिला मंगरी उरांव की मौत कुआं में डूबने से हो गई थी। उसे दाह संस्कार के लिए गांव से सटे टोंगरी इंदरा ले जाया गया। ओझा-गुणी का काम करने वाला बुद्धेश्वर उरांव भी दाह संस्कार में शामिल था। अचानक मृतका का भाई झड़ी उरांव, बेटा करमपाल उरांव ने टांगी से बुद्धेश्वर उरांव पर हमला कर दिया। फिर उसे घसीटकर मंगरी उरांव की जलती चिता में झोंक दिया।

बुजुर्ग को चिल्लाते देख कई गांव वाले डर के मारे वहां से भाग खड़े हुए। दाह संस्कार के बाद सभी लोग घर आ गए। लेकिन बुद्धेश्वर नहीं पहुंचा। उसकी खोजबीन की गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी उसके पुत्र झड़िया उरांव को दी।

पहले झड़िया को विश्वास नहीं हुआ। लेकिन अपने पिता को न पाकर वह श्मशान पहुंचा। वहां पहुंचने पर वह स्तब्ध रह गया। उसके पिता के शरीर का ज्यादातर भाग जल चुका था।

झड़िया ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जांच के लिए रांची से फारेंसिक टीम को बुलाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बुद्धेश्वर उरांव ओझा -गुणी का काम करता था। घटना के बारे में जानकर पुलिस भी सन्न रह गई।

अंधविश्वास में आकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक का पुत्र झड़िया उरांव के बयान पर पुलिस ने झड़ी उरांव और करमपाल उरांव के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

गुरुवार को पुलिस ने गांव पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। मुख्य आरोपित मृतका का भाई झड़ी उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपित फरार हैं। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गुरुवार की शाम शव के अवशेष को गुमला लाया गया। इसकी फोरेंसिक जांच कराई जाएगी। बुद्धेश्वर उरांव का पुत्र झड़िया उरांव ने बताया कि निर्ममता से हत्या का कारण समझ से परे है। उस परिवार के साथ न जमीन का झगड़ा था और न ही कोई और विवाद।

उसके पिता ओझागुणी करने वाले गांव के ही एक व्यक्ति जिनका निधन हो चुका है, उसकी मदद करते थे। पिता के पास बाइक थी। वे ओझा-गुणी करने वाले को बैठाकर लाने ले जाने में मदद करते थे।

झड़िया ने बताया कि जब वह छोटा था तब झड़ी ने उसके पिता के साथ मारपीट की थी। लेकिन यह कई वर्ष पहले की बात है। इसके बाद से कभी कोई विवाद नहीं हुआ है।

बालूमाथ में सड़क दुर्घटना में दो घायल

लातेहार, एजेंसी। बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालूमाथ-शेरेगड़ा मार्ग पर बुकरू गांव के समीप गुरुवार को शेरेगड़ा बाजार के पास दो बाइक में सीधी टक्कर हो गयी। इसमें एक बाइक सवार घायल हो गया। बताया जाता है कि बुकरू गांव निवासी देयान यादव (29) पिता रामेश्वर यादव अपने बाइक में सवार होकर शेरेगड़ा बाजार से कुछ सामान खरीद कर अपने घर वापस बुकरू जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ सुरेंद्र कुमार ने उसका प्राथमिक इलाज किया। वहीं दूसरी एक घटना में थाना क्षेत्र के सीसीएल के मगध-संघमित्रा एरिया द्वारा संचालित मगध कोलयरी परिसर में गुरुवार को अपने ही ट्रक वाहन के डाले से अनियंत्रित होकर गिरकर ट्रक चालक घायल हो गया। डोभी, बिहार निवासी ट्रक वाहन चालक नसीम खान (52) अपने वाहन के डाले में चढ़ कर कुछ कार्य कर रहा था।

बालू आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य बनाया जाय: चैंबर

रांची, एजेंसी। बालू आपूर्ति की व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मुख्यमंत्री को पत्राचार कर हस्तक्षेप का अनुरोध किया। यह कहा कि बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं होने के कारण सामान्य से अधिक दरों पर बालू मिल रहे हैं। बालू की अनुपलब्धता और दरों में बेतहाशा वृद्धि से एक तरफ जहां संवेदक व डेवलपर्स के प्रोजेक्ट्स अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिक बंधुओं की भी आजीविका प्रभावित हो रही है। पड़ोसी राज्य बिहार पर बालू की निर्भरता के कारण लोग बेतहाशा दरों पर बालू खरीदकर निर्माण कार्य कराने के लिए विवश हैं, जिस क्रम में इसकी कालाबाजारी भी चरम पर है तथा इसकी अतिशीघ्र समीक्षा आवश्यक है।

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि एनजीटी की प्रभावी रोक हटने के बाद भी प्रदेश में बालू आपूर्ति की समस्या बने रहने का प्रमुख कारण बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण नहीं होना है। खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकडें भी चौंकाने वाले हैं। जहां यह स्पष्ट होता है कि इस मद में सरकार को प्राप्त होनेवाला राजस्व लगातार कम होता जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2015-16 में राजस्व का संग्रह 32 करोड रुपया तथा अगले वित्तीय वर्ष 2016-17 में 8 करोड रुपया था।

परेश ने कहा कि शेष 7 वर्षों का राजस्व संग्रह इन वित्तीय वर्षों की तुलना में काफी कम है और यह निरंतर घटता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में बालू घाटों की नीलामी की गई थी, फिर वर्ष 2016-17 में भी कुछ घाटों की नीलामी की गई थी। वर्ष 2017 में बालू घाटों का अधिकार जेएसएमडीसी को हस्तांतरित कर दिया गया, जहां बालू की वैध रूप से बिक्री नगण्य है तथा इससे सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है।

चैंबर द्वारा आग्रह किया गया कि निरंतर चली आ रही इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए विभाग को यथोचित निर्देश जारी करे ताकि राज्य में बालू आपूर्ति की व्यवस्था सामान्य हो। सरकार के राजस्व संग्रह में वृद्धि हो तथा उचित दर पर लोगों को बालू की उपलब्धता सुनिश्चित हो। राज्य में स्थिर सरकार के गठन से विकास कार्यों को गति मिलने की प्रबल संभावना बनी है। ऐसे में बालू की पर्याप्त और सुगम उपलब्धता से बिना किसी व्यवधान के विकास कार्यों को गति देने में सहायता मिलेगी। चैंबर द्वारा यह भी कहा गया कि यदि जेएसएमडीसी बालू की आपूर्ति करने के लिए सक्षम नहीं है।

हाई कोर्ट ने 31 साल से लटके मामले को निपटाया

रांची, एजेंसी। इस साल झारखंड हाई कोर्ट ने कई महत्वपूर्ण मामलों में अपना फैसला सुनाया है। राज्य के लोगों की भी नजरें हाई कोर्ट पर रही।

हाई कोर्ट ने 200 रुपये के लिए हत्या के मामले को 31 साल निपटारा कर दिया। हाई कोर्ट ने मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए सभी अभियुक्तों को बरी कर दिया।

जमीन घोटाला मामले में पांच माह से जेल में बंद सीएम हेमंत सोरेन को भी हाई कोर्ट से ही जमानत की सुविधा मिली है। हाई कोर्ट से कई बार सरकार को राहत मिली है, तो कई बार झटका भी लगा है।

मात्र दो सौ रुपये के लिए एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। 31 साल से चल रहे मामले को हाई कोर्ट ने निष्पादित कर दिया। देवघर में 1993 में नन्नू लाल महतो की हत्या कर दी गई थी। देवघर की निचली अदालत ने 1997 में चार आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

यह मामला राज्य गठन से पहले का था। बाद में यह मामला पटना हाई कोर्ट से झारखंड हाई कोर्ट ट्रांसफर हो गया। लेकिन किसी अधिवक्ता के नहीं रहने पर कोर्ट ने न्याय मित्र नियुक्त किया और मामले में सभी को बरी कर दिया। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया था। निचली कोर्ट से हेमंत सोरेन को राहत नहीं मिली तो उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की।

सुनवाई के बाद जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत ने यह मानते हुए हेमंत सोरेन को जमानत प्रदान कर दी कि प्रथम दृष्टया उन पर जमीन घोटाला का मामला नहीं बनता है। ईडी इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक गई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश को सही बताया।

सरकार ने राज्य में काम करने वाली सभी निजी कंपनियों में 40 हजार रुपये तक के पद पर नौकरी में स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून बनाया था। इसके खिलाफ निजी कंपनियों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने इस एक्ट के लागू होने पर ही रोक लगा दी है। हाई कोर्ट ने धनबाद में कोयला चोरी में पुलिस अधिकारियों की सलिप्तता की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। इसको लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। कहा गया था कि एक सिंडिकेट के जरिए धनबाद में कोयला चोरी की जाती है। जिसमें पुलिस, स्थानीय नेता और अपराधी शामिल हैं।

राज्य में पेट्रोल-डीजल पर सेस लगाकर दो-तीन रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ाने की तैयारी : बाबूलाल मरांडी

रांची, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि राज्य में पेट्रोल-डीजल के दामों में सेस लगाकर दो से तीन रुपये प्रति लीटर बढ़ोतरी की तैयारी चल रही है। मरांडी ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजस्व बढ़ाने के निर्देश के बाद अधिकारी जनता के पॉकेट पर बोझ लादकर सरकारी खजाना भरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह जनविरोधी फैसला तत्काल वापस लें। क्योंकि, इससे रोजमर्रा की चीजों में काफी महंगाई आ सकती है और आम जनजीवन पर बुरा असर पड़ेगा। मरांडी ने कहा है कि बिजली दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव और अब पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी के संकेत को देखकर जनता समझ चुकी है कि हेमंत सोरेन ने अव्यवहारिक चुनावी वादे कर उनके साथ कितना बड़ा छल किया है। उन्होंने कहा है कि राजस्व बढ़ाने के लिए छटपटाहट में लिया जा रहा सरकार का निर्णय जनता में भारी असंतोष पैदा कर रहा है। साथ ही मरांडी ने उम्मीद जताई है कि सारे जनप्रतिनिधि भी राजनीति से ऊपर उठकर आम जनजीवन पर दुष्प्रभाव डालने वाले इस निर्णय को वापस कराने की पहल करेंगे।

नये साल में सदर अस्पताल में इलाज से महंगा होगा पार्किंग शुल्क

देवघर, एजेंसी। नये साल में सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए आने वाले लोगों को इलाज से अधिक पार्किंग शुल्क में खर्च करने होगी। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है। इसके तहत वाहन से सदर अस्पताल आने वाले मरीज व उनके परिजनों को पार्किंग शुल्क के रूप में 10 रुपये से लेकर 100 रुपये तक चुकाना होगा, जबकि सदर अस्पतालों की ओपीडी में इलाज के लिए मरीजों को 10 रुपये की पर्ची लेनी होती है। सदर अस्पताल परिसर में पार्किंग शुल्क लेने का निर्णय कुछ माह पहले अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में लिया गया था। इसके बाद कुछ माह तक अस्पताल प्रबंधन खुद पार्किंग शुल्क वसूल रहा था। इस दौरान दोपहिया वाहनों से पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाता था। इस बार अस्पताल प्रबंधन इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया करा रही है तथा टेंडर लेने वाला सभी वाहनों से पार्किंग शुल्क वसुलेगा। इस संबंध में लोगों का कहना है कि सदर अस्पताल में इलाज के लिए गरीब लोग आते हैं, जो दवा भी फ्री में लेने के लिए काफी समय तक लाइन में खड़े रहते हैं। ऐसे में पार्किंग शुल्क वसूलने से मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

सदर अस्पताल में पार्किंग शुल्क के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है। इसमें हरेक वाहन से 24 घंटे के लिए दर तय किया गया है। इसमें एबुलेंस के लिए 100 रुपये, ऑटो और टोटो के लिए 50 रुपये, चारपहिया वाहन के लिए 20 रुपये और मोटरसाइकिल के लिए 10 रुपये पार्किंग शुल्क तय किया गया है, जिसे टेंडर के बाद वाहन मालिकों से वसूला जायेगा। ऐसे में मरीज को सदर अस्पताल इलाज के लिए आने पर पर्ची के पैसे के साथ पार्किंग शुल्क भी देना है।

सदर अस्पताल में पार्किंग शुल्क के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से ट्रेंडर की प्रक्रिया करायी जा रही है। इस टेंडर के बाद नये वर्ष से पार्किंग शुल्क वसूलने की संभावना है। इस आर्थिक बोझ मरीजों पर पड़ेगा। ऑटो, टोटो और एंबुलेंस चालक पार्किंग शुल्क का भार मरीज पर लाद देंगे तथा मरीजों को ही उक्त वाहन का भाड़ा अधिक देना होगा।

सदर अस्पताल में पार्किंग शुल्क लेने की शुरुआत होने के बाद यदि मरीज पार्किंग शुल्क देने से इनकार करता है, तो ऑटो, टोटा और एंबुलेंस चालक मरीज को अस्पताल के मुख्य गेट पर ही छोड़ कर चले जायेंगे। ताकि उन्हें परिसर में घुसने पर शुल्क नहीं देना पड़े। इससे मरीजों को काफी परेशानी होगी। उन्हें अस्पताल के गेट से पैदल ही इलाज के लिए ओपीडी तक जाना होगा। खासकर गंभीर बीमार या घायल मरीजों को अधिक परेशानी होगी। यदि मरीज पार्किंग का अतिरिक्त बोझ उठाने को तैयार होंगे, तो मरीज को अस्पताल के अंदर तक वाहन चालक ले जायेंगे।

सदर अस्पताल में पार्किंग शुल्क लेने के लिए निर्णय कुछ माह पहले अस्पताल प्रबंधन की बैठक में लिया गया था, ताकि सदर अस्पताल के राजस्व को बढ़ाया जा सके। दूसरी ओर संताल परगना के किसी भी जिले के सदर अस्पताल व जिला अस्पतालों में वाहनों का पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाता है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन के इस निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं। संताल परगना के जिलों दुमका, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा समेत धनबाद जिले के सदर अस्पताल में वाहनों का पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाता है।

सदर अस्पताल में गरीब-असहाय से पार्किंग शुल्क वसूलने के निर्णय के बाद यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या अब कोर्ट परिसर, नगर निगम तथा समाहरणालय परिसर जैसे सार्वजनीक स्थान पर आने वाले लोगों से पार्किंग शुल्क वसूला जायेगा। इन सरकारी दफ्तरों में प्रतिदिन सैकड़ों लोग पहुंचते हैं। इनमें अमीर-गरीब सभी तबके के लोग होते हैं।

51 फीट के हनुमान की प्रतिमा, 30 फीट की गदा, दूर-दूर से आ रहे लोग, 2 किमी दूर से हो सकेंगे दर्शन

बेरमो, एजेंसी। कोयलांचल के चंद्रपुरा प्रखंड क्षेत्र के तेलो महतो मार्केट के समीप दुर्गा मंदिर परिसर में इन दिनों लोगों का जमावड़ा लग रहा है। दरअसल, यहां क्षेत्र की सबसे ऊंची हनुमान जी की भव्य प्रतिमा बनाई जा रही है।

पीतल के रंग की चमक लिए 51 फीट की हनुमान जी की प्रतिमा, हाथ में पकड़े 30 फीट का विशाल गदा, हथेली पर लिखा राम, हकीकत सी झलक वाली थ्रीडी आंखें और इसमें की गई कारीगरों की शानदार कलाकृति, यहां जो भी आता है, उसे यह दृश्य काफी देर तक टकटकी लगाए रखने को मजबूर कर देता है।

घंटों तक मूर्ति की खूबसूरती निहार रहे लोग

यही कारण है कि काम पूरा होने से पहले ही दूर-दूर से लोग आ रहे और प्रतिमा को घंटों तक निहारने के साथ तस्वीरें कैद कर ले जा रहे हैं। प्रतिमा का निर्माण पूर्ण हो चुका है। रंग भरने का काम भी खत्म हो चुका है। फिलहाल नीचे की फर्श का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। प्रतिमा, गदा और यहां के चबूतरे में की गई विशेष नक्काशी भी लोगों को आकर्षित करती हैं। बताया गया कि इसी सप्ताह काम पूरा हो जाएगा। इसके बनने से कोयलांचल के साथ बोकारो की धरती को एक नए और बेहतरीन दार्शनिक स्थल के रूप में तेलो का यह दुर्गा मंडप समर्पित हो जाएगा।

कैसे बनी राम भक्त हनुमान की प्रतिमा

करीब एक करोड़ दस लाख की लागत से बन रही इस प्रतिमा में सीमेंट, छड़, तार, बालू का ही उपयोग किया गया है। दावा है कि झारखंड में पलामू के बाद यह हनुमान जी की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

40 बाई 40 वर्ग फीट क्षेत्र में इसका निर्माण किया गया है और करीब तीस फीट जमीन के अंदर इसकी नींव डाली गई है। निर्माण को लेकर दोनों पांव, गदा और पूंछ के लिए पिलर खड़े किए गए हैं।

उसी में संरचनाओं को जोड़ते हुए निर्माण पूरा किया गया है। यह प्रतिमा करीब 2 किलोमीटर दूर से भी नजर आती है। खासकर

तेलो रेलवे स्टेशन के साथ मुख्य सड़क से भी राहगीर इसके दर्शन कर सकते हैं। बताया गया है कि एक जुलाई 2022 को इस मूर्ति के निर्माण के लिए तत्कालीन शिक्षा मंत्री रहे दिवंगत जगरनाथ महतो ने नींव रखी थी। महतो उस समय कोरोना से ग्रसित थे और चेन्नई से ठीक होकर लंबे समय बाद क्षेत्र में लौटे थे।

पूर्व मंत्री के साथ ग्रामीणों व आस-पास के लोगों के सहयोग से इसका निर्माण शुरू हुआ था। इसे बनाने का जिम्मा रांची के एक ठेकेदार मुमताज को दिया गया, जिनकी देखरेख में काम चला। हालांकि, इसमें काम करने वाले सभी दो दर्जन कारीगर ओडिशा के हैं और इनके मुखिया विकास रंजन पात्रा हैं, जो इंजीनियरिंग कर चुके हैं।

मैंने इंजीनियरिंग के बाद नौकरी की, फिर कुछ समय बाद छोड़ दी और कला संस्कृतियों में झुकाव होने के कारण इस क्षेत्र से जुड़ गया। मेरे साथ मिलकर कारीगर अब तक दो दर्जन से ज्यादा छोटी-बड़ी प्रतिमाएं और स्टैच्यू बना चुके हैं। अब तक हमने जितनी प्रतिमाएं बनाई हैं, उनमें यह सबसे उम्दा और आकर्षक है। जगरनाथ महतो के निधन के बाद निर्माण कार्य रुक गया था, लेकिन फिर उनके पुत्र अखिलेश उर्फ राजू महतो ने सहयोगियों के साथ तालमेल करके काम शुरू कराया। - विकास रंजन पात्रा, इंजीनियर

स्थानीय निवासी गणेश बरनवाल, जगदीश रजक, जवाहर महतो, योगेंद्र महतो आदि ने बताया कि वर्षों से यहां हनुमान मंदिर बनाने को लेकर मंथन हो रहा था। लेकिन दिवंगत जगरनाथ महतो के नेतृत्व में और लोगों के सहयोग से आखिर 51 फीट की प्रतिमा बनाने की निर्णय हुआ। आज यह बनकर तैयार है। उन्होंने बताया कि तेलो में पहले से महादेवगढ़ा का शिव-पार्वती मंदिर विख्यात है। अब हनुमान जी की भव्य प्रतिमा बन जाने से लोगों को एक और सुंदर दार्शनिक स्थल मिलेगा।

इसके साथ क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग भी रखी गई है। निर्माणकर्ताओं का दावा है कि यह प्रदेश की दूसरी सबसे ऊंची हनुमान प्रतिमा है। उन्होंने बताया कि तेलो की रामनवमी विख्यात है और यहां इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

मोमेंटम झारखंड मामले में शिकायतकर्ता ने आरटीआई के जरिए एसीबी से मांगा जवाब

रांची, एजेंसी। मोमेंटम झारखंड मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज कराने वाले सोशल एक्टिविस्ट पंकज यादव ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के माध्यम से गुरुवार को एसीबी से पूछा है कि अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है। दरअसल, पंकज कुमार यादव ने नौ जनवरी, 2020 को जनसभा नामक संस्था के बैनर तले मोमेंटम झारखंड के आयोजन में हुए 100 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, राजबाला वर्मा, सुनील वर्णमाल, के. रवि कुमार और अजय कुमार सहित अन्य लोगों पर जांच कर कार्रवाई की मांग की थी। पंकज का आरोप था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने चेहरा चमकाने के लिए मोमेंटम झारखंड नाम से एक इवेंट का आयोजन किया था, जिसमें झारखण्ड की जनता के 100 करोड़ रुपये विदेशों में रोड शो करने में, फर्जी कंपनी से करोड़ों के एमओयू साइन करने में तथा चेहते को इवेंट का ठेके दिलाने में खर्च कर दिए। इस मोमेंटम झारखंड के आयोजन से ना तो कोई कंपनी झारखंड में इन्वेस्ट करने आयी और ना ही झारखंडी युवकों को रोजगार मिल पाया। पंकज यादव के इस आवेदन पर एसीबी ने पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बाद में इस मामले को सीआईडी ने भी ले लिया था। अब पंकज यादव ने आरटीआई में एसीबी से ये पूछा है कि अब तक मोमेंटम झारखंड मामले में क्या कार्रवाई हुई है।

सरकारी आंकड़े ही संदिग्ध होते गए

पिकेटी का सुझाव है कि भारत को जीडीपी-टैक्स अनुपात में सुधार कर अतिरिक्त संसाधन इक_ा करना चाहिए। उसका निवेश मुफ्त स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने में किया जाना चाहिए। यही विकसित देश बनने का रास्ता है। बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी पर राजधानी में एक गंभीर चर्चा हुई। इसमें दो नजरिए उभर कर सामने आए। एक नजरिये की नुमानंदगी भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने की। उन्होंने कहा कि न्यायपूर्ण आर्थिक विकास को मापने का पैमाना आमदनी की गैर-बराबरी कम करना नहीं, बल्कि गरीबी घटाना है। उन्होंने दावा किया कि पूंजी पर टैक्स लगाने से निवेश नहीं बढ़ेगा, बल्कि पूंजी का पलायन शुरू हो जाएगा। उनका यह दावा भी दिलचस्प है कि समानता थोपने से सूक्ष्म एवं लघु व्यापार को अधिक क्षति पहुंचती है। ऐसी कोशिश को नागेश्वरन ने सीमा लगाने का अत्याचार बताया और कहा कि ऐसा करने पर छोटे कारोबारी छोटे ही रह जाएंगे। 'गैर-बराबरी, आर्थिक वृद्धि एवं समावेशन०' विषय पर हुई इस चर्चा में दूसरा पक्ष विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी रख चुके थे। पिकेटी ने अपनी चिर-परिचित राय रखी कि भारत को जरूरत जीडीपी-टैक्स अनुपात को सुधारने की है। उनका सुझाव है कि भारत के सबसे धनी एक फीसदी लोगों पर दो फीसदी धन कर लगाना चाहिए जाए और आय कर व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना चाहिए। इससे इक_ा अतिरिक्त संसाधनों का निवेश मुफ्त स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने में किया जाना चाहिए। यही विकसित देश बनने का रास्ता है। मगर नागेश्वरन ने कहा कि भारत सरकार इस नजरिए से बिल्कुल सहमत नहीं है। बहरहाल, चूंकि उन्होंने न्यायपूर्ण विकास को मापने का पैमाना गरीबों की संख्या में गिरावट को बताया, तो यह मुद्दा उठेगा कि आखिर गरीबी को मापने की कसौटी क्या हो? भारत सरकार ने सामान्यतः मान्य कसौटियों को ताक पर रखते हुए जो पैमाना अपनाया है, उसे इस क्षेत्र के विशेषज्ञ स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं! सबसे पहले तो सरकारी आंकड़े ही संदिग्ध होते गए हैं। उसे ठीक करने की जरूरत है। फिर बेहतर होगा, सरकार प्रति दिन प्रति व्यक्ति कैलोरी की उपलब्धता के पुराने पैमाने को आधार बनाए। उस पर देखा जाए, तो असल में गरीबों की संख्या बढ़ी है। फिर भी क्या नागेश्वरन कहने की स्थिति में हैं कि जिस सरकार के वे सलाहकार हैं, उसकी नीतियों से गरीबी में ह्रास हुआ है?

नदी जोड़ो अभियान, एक सदी का सपना..!!

नदी जोड़ो अभियान आज चर्चा का विषय है। इसका श्रेय सभी पार्टियों लेने की कोशिश भी करती हैं लेकिन इन परियोजनाओं का इतिहास 100साल से भी अधिक पुराना है।इस इतिहास को जानकर यह समझा जा सकता है कि सपनों के फलीभूत होने में सैकड़ों साल की तपस्या शामिल होती है ।इसमें कोई एक व्यक्ति अकेला नहीं है,बल्कि सरकारों के निरंतर और सकारात्मक प्रयास हैं।हालांकि गुलाम भारत मे 1900 के दशक में एक अंग्रेज इंजीनियर आर्थर कॉटन ने भारत की नदियों को जोडऩे की कल्पना की थी ।उसका उद्देश्य था कि नदियों के अतिरिक्त जल से बड़ी-बड़ी नहरें बनाकर जल मार्गों की वृद्धि की जा सकती है जिससे ब्रिटिश सरकार को व्यापारिक सुविधा मिलेगी तथा दक्षिण भारत के तथा उड़ीसा के सूखे से निपटा जा सकेगा और वहां पर अतिरिक्त जल भेज कर उत्पादन में वृद्धि भी की जा सकेगी ।किंतु इसमें आने वाले खर्च को देखकर ब्रिटिश हुकूमत भी आगे नहीं बढ़ी और यह ठंडे बस्ते में चली गई। देश आजाद हुआ और राष्ट्र निर्माण की योजनायें बननी शुरू हुईं।गरीबी संसाधनों के अभाव और तकनीशियनों की कमी से प्रथमिकताये आगे बढ़ती गईं। आजादी के लगभग 23 साल बाद जब इंदिरा जी की सरकार में डा के एल राव जो कि बांध बनाने वाले इंजीनियर थे,सिंचाई मंत्री बने तब उन्होंने आर्थर काटन के इस सपने से धूल झाड़ी और इंदिरा जी के सामने रखा।कांग्रेस ने 1970 में इस योजना को नये दृष्टिकोण से जीवित किया। डा. के एल राव की सोच थी कि जो हिमालयीन नदियां हैं उनमें ग्लेशियरों के पिघलने के कारण गर्मियों में अतिरिक्त जल होता है और बाढ़ आती है जबकि प्रायद्वीपीय नदियां गर्मियों में सूख जाती हैं और उनमें बरसाती मौसम में बाढ़ आती है अतः हिमालयीन नदियों और प्रायद्वीपीय नदियों की आपस में जोड़ दिया जाता है तो सूखे के मौसम में जल की उपलब्धता बनी रह सकती है इसे इंटर-वेसिन रिवर लिंकिंग कहा गया। इंदिरा गांधी ने 1980 में इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए एनडीआरडी की रिपोर्ट तैयार करवाई ।इसकी वित्तीय व्यवस्था बनाने के लिए शुरुआत की गई और उन्होंने 1982 में नेशनल वाटर डेवलपमेंट अथॉरिटी का निर्माण किया यह नदी जोड़ो अभियान का पहला कदम था।इसके अंतर्गत इंटर-वेसिन नदियों को जोडऩे की योजनाओं पर कार्य शुरू हुआ ।कध्ध्ययन हुए रिपोर्टें तैयार हुईं। जब 1999 में एनडीए की सरकार आई और अटल बिहारी बाजपेयी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने इसे उलटकर योजना के पूरे स्वरूप को ही बदल दिया और इंटर-बेसिन परियोजनाओं को इंट्रा-वेसिन परियोजनाओं में बदल दिया किंतु 2003 तक यह विचार स्वरूप लेता इसके पहले ही 2002 में सुप्रीम कोर्ट में इसके विरोध में पीआईएल लग गई ।आगामी चुनाव में बाजपेयी सरकार उलट गई और 2004 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार का गठन हुआ। तब इस परियोजना को फिर वास्तविक स्वरूप यानि इंटर- बेसिन योजना के रूप में जीवित किया गया तथा सरकार ने इस पर व्यापक अध्ययन करवाया । साल 2012 में जब सुप्रीम कोर्ट में यह फैसला दिया कि नदियों के इंटरलिंकिंग का फैसला नीतिगत है और इसे सरकारें ही करें ।तब इस योजना के लिए 2012 से गति प्रदान की गई विभिन्न राज्यों के जल बंटवारे के आपसी समझौते और विवादों के निपटारे, पर्यावरणीय जोखिम एवं इकोसिस्टम को पहुंचने वाले नुकसानों के अध्ययन करते-करते और सुलझाते-सुलझाते 2021 में केन बेतवा योजना को कैबिनेट की स्वीकृति मिली जिसका भूमि पूजन वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है। इंटर बेसिन नदी जोड़ो परियोजना मूलत आर्थर कॉटन का सपना था जिसे डॉक्टर केएल राव ने आगे बढ़ाया और इंदिरा गांधी की सरकार ने इसे संस्थागत स्वरूप प्रदान कर राष्ट्रीय जल विकास अथॉरिटी का निर्माण किया और इस अथॉरिटी ने ही इस कल्पना को जमीन पर उतारने की शुरुआत की ।संसाधन जुटाये, अध्ययन करवाया और यह योजना लगभग 54 साल बाद अब आकार ले रही है ।

डॉ. मनमोहन सिंहः आधुनिक भारत के आर्थिक बदलाव के सूत्रधार

योगेश कुमार गोयल

देश के आर्थिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत के 14वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के साथ ही एक ऐसे नेता के युग का अंत हो गया, जिसने आधुनिक भारत के आर्थिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मनमोहन सिंह ने 92 वर्ष की उम्र में 26 दिसंबर की रात दिल्ली के एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। अपने शांत स्वभाव और बौद्धिक कौशल के लिए जाने जाने वाले मनमोहन सिंह ने भारत में ऐतिहासिक आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई थी। 1991 में व्यापक सुधारों का श्रेय उन्हें ही दिया जाता है, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को खोला, तथाकथित लाइसेंस-परमिट राज को खत्म किया और वैश्विक मंच पर भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनने के मार्ग पर मजबूती से स्थापित किया। एक शिक्षाविद, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ के रूप में उनकी यात्रा न केवल प्रेरणादायक रही बल्कि उनके द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों और राजनीतिक निर्णयों ने भारत के इतिहास में एक नई दिशा दी। उन्हें आधुनिक भारत के आर्थिक सुधारों का वास्तुकार भी कहा जाता है। डॉ. मनमोहन सिंह ने जुलाई 1991 में अपने बजट भाषण के अंत में फ्रांसिसी लेखक विक्टर ह्यूगो की पंक्तियां उद्धृत करते हुए कहा था- दुनिया की कोई भी ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है। मैं इस सम्मानित सदन को सुझाव देता हूं कि भारत का दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय एक ऐसा विचार है, जिसका समय अब आ चुका है। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने आर्थिक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि की। 2004 से 2014 तक भारत 10वें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई थी। मनमोहन सिंह ने एक दशक से भी ज्यादा समय तक अभूतपूर्व विकास और वृद्धि की दिशा में देश को नेतृत्व प्रदान किया। उनके द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उदारीकरण के तहत लाइसेंस राज की समाप्ति और व्यवसाय शुरू करने के लिए सरल प्रक्रियाओं का निर्माण, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के दरवाजे खोलना और विदेशी व्यापार को प्रोत्साहित करना, कर ढांचे को सरल और पारदर्शी बनाना, भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बाजार पर आधारित सुधार लागू करना, ग्रामीण रोजगार और गरीबी उन्मूलन के लिए 'मनरेगा' लागू करना शामिल हैं। इन सुधारों ने भारत को आर्थिक संकट से बाहर निकाला और उसे विश्व अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया। भारत ने डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान ऐतिहासिक वृद्धि दर देखी, जो औसतन 7.7 प्रतिशत रही और उसी के परिणामस्वरूप भारत करीब दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सफल रहा था। उन्हें न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है।

वह एक ऐसे प्रधानमंत्री रहे, जिन्हें न केवल उन कार्यों के लिए स्मरण किया जाता रहेगा, जिनके जरिये उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया बल्कि एक विचारशील और ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी याद किया जाएगा। उन्होंने न केवल आर्थिक विकास की गति को बनाए रखा बल्कि सामाजिक और विकासशील नीतियों पर भी जोर दिया। हालांकि उनका कार्यकाल आलोचनाओं से भी अछूता नहीं रहा। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्हें आर्थिक चुनौतियों और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा और निर्णय लेने में धीमापन उनकी सरकार के लिए नकारात्मक साबित हुए। 2जी घोटाला उनके कार्यकाल के सबसे बड़े विवादों में से एक रहा। इसके अलावा कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले को 'कोलगेट' के नाम से जाना गया। उनके दूसरे कार्यकाल में आर्थिक सुधारों की गति धीमी रही। 22 मई 2004 से 26 मई 2014 तक दो बार भारत के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह की छवि बेहद कम बोलने वाले और शांत रहने वाले व्यक्ति की रही। हालांकि जब भी वे कुछ बोलते थे, वह सुर्खियां बन जाती थी। मनमोहन सिंह ने ही कहा था कि राजनीति में लंबे समय तक कोई दोस्त या दुश्मन नहीं होता। वह कहा करते थे कि मैं एक खुली किताब की तरह हूं और मेरे दस वर्ष का कार्यकाल इतिहासकारों के मूल्यांकन का विषय है। उन्होंने 27 अगस्त 2012 को संसद में कहा था कि हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी है, जिसने न जाने कितने सवालों की आबरू रखी। डॉ. मनमोहन सिंह को उनके अलोचकों द्वारा 'मूक प्रधानमंत्री' की संज्ञा दी जाती थी लेकिन उन्होंने आमतौर पर इस पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी। इस पर उनकी पहली प्रतिक्रिया दिसंबर 2018 में उनकी पुस्तक 'द चेंजिंग इंडिया' के विमोचन के अवसर पर सामने आई थी, जब उन्होंने कहा था कि जो लोग कहते हैं कि मैं एक मूक प्रधानमंत्री था, मुझे लगता है कि मेरी ये पुस्तकें बोलती हैं। बतौर प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह लोकसभा में 23 मार्च 2011 को विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहे थे। उस दौरान सदन में नेता प्रतिपक्ष सुषमा स्वराज ने उन पर तंज करते हुए कहा था, 'तू इधर-उधर की न बात कर, ये बता कि कारवां क्यों लुटा, मुझे रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।' इसके जवाब में डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था, 'माना के तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक तो देख मेरा इंतजार तो देख।' डॉ. मनमोहन सिंह ने जनवरी 2014 में बतौर प्रधानमंत्री अपनी आखिरी प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया के उन सवालों का जवाब देते हुए, जिनमें कहा गया था कि उनका नेतृत्व कमजोर है और कई अवसरों पर वे निर्णायक नहीं रहे, कहा था कि मैं यह नहीं मानता कि मैं एक कमजोर प्रधानमंत्री रहा हूं बल्कि मैं ईमानदारी से यह मानता हूं कि इतिहास मेरे प्रति समकालीन मीडिया या संसद में विपक्ष की तुलना में ज्यादा उदार होगा, राजनीतिक मजबूरियों के बीच मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। उन्होंने कहा था कि परिस्थितियों के अनुसार मैं जितना कर सकता था, उतना किया। यह इतिहास को तय करना है कि मैंने क्या किया है या क्या नहीं किया है। उनका कहना था कि मुझे उम्मीद है कि मीडिया की तुलना में

इतिहास मेरा मूल्यांकन करते समय ज्यादा उदार होगा। 26 सितंबर 1932 को पंजाब (अब पाकिस्तान में) के गांव गाह में जन्मे मनमोहन सिंह का परिवार विभाजन के समय भारत आ गया था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में हुई थी, जिसके बाद उच्च शिक्षा के लिए वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गए, जहां उन्होंने अर्थशास्त्र में ट्रिपोस किया और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी.फिल की उपाधि प्राप्त की। उनकी उच्च शिक्षा ने उन्हें न केवल एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री बनाया बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य और आर्थिक सोच की गहराई भी प्रदान की। अपने कैरियर की शुरुआत उन्होंने भारतीय सिविल सेवा से की और बाद में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और भारतीय रिजर्व बैंक जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में भी कार्य किया। वे 1982 से 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे और उस दौरान उन्होंने वित्तीय स्थिरता बनाए रखने तथा मुद्रा प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत के आर्थिक इतिहास में 1991 का वर्ष एक निर्णायक मोड़ था क्योंकि उस समय देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने डा. मनमोहन सिंह को वित्तमंत्री नियुक्त किया। वित्तमंत्री के रूप में उन्होंने साहसिक आर्थिक सुधारों का नेतृत्व किया, जिनमें उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण प्रमुख थे। बहरहाल, राजनीति में डा. मनमोहन सिंह जैसे विद्वान बहुत ही कम देखने को मिलते हैं। उनकी सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी हमेशा संदेह से परे रही। वह एक ऐसा राजनेता थे, जिन्हें राजनीतिक सीमाओं से परे सम्मान प्राप्त था। कुल मिलाकर, तमाम आलोचनाओं के बावजूद डा. मनमोहन सिंह एक ऐसे नेता के रूप में याद किए जाएंगे, जिन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मानजनक स्थान दिलाया और भारत को आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र बनाने में अहम योगदान दिया।

आजाद भारत के इतिहास में बतौर कलंक निश्चित ही दर्ज रहेगी

हरिशंकर व्यास

यथा राजा तथा प्रजा, हम हिंदुओं का शाश्वत सूत्र वाक्य है। तभी जैसा मोदी राज वैसे ही संसद, संविधान, कोर्ट-कचहरी, विपक्ष, मीडिया आदि उन तमाम संस्थाओं का आज व्यवहार है, जिससे देश, कौम, नस्ल, धर्म, सभ्यता की वह शर्म है जो आजाद भारत के इतिहास में बतौर कलंक निश्चित ही दर्ज रहेगी। ईमानदारी से सोचें, सन् 2014 में निर्वाचित संसद के काम से लेकर इस सप्ताह की संसदीय घटनाक्रम में ऐसा तनिक भी कुछ है जैसा कांग्रेस, विपक्ष या वाजपेयी राज में था?

तब की संसद कैसी थी, कैसे चलती थी और वही अब मोदी राज की संसद का क्या अनुभव है?9जाहिर है जैसा प्रधानमंत्री, वैसा राज और वैसे ही बाकी सब। जैसा मोदी राज है वैसा विपक्ष है। और दोनों में इतनी भी समझ नहीं कि संसद और उसका परिसर पूरे भारत, पूरे देश के प्रतिनिधित्व का विशेषाधिकारपूर्ण गरिमामय स्थान है। जैसे लाल किले के बादशाह का दरबार ए खास या दरबार ए आम हुआ करता था। उस स्थान पर यदि पानीपत के मैदान वाली लड़ाई की शत्रुता में लाठियां (तख्तियां, भीड़) लेकर सांसद लड़े और उसके फैसले में चांदनी चौक का कोतवाल जाचंकर्ता हो तो वह कौम के लिए शर्म, कलंक, डूब मरने वाली क्या स्थिति नहीं है? ऊपर से हुजूर (आज के नरेंद्र मोदी), उनके वजीर खुद ही संसद की तौहीन व अपमान के लिए कोतवाल को बुलाकर उसके कान में फुसफुसा कर कहें यह मेरा विरोधी है, इस पर चार्जशीट बनाओ और कचहरी से जेल में बंद करवा दो। सोचें, संसद और उसके सांसद कानून बनाने वालों के लिए उसी की व्यवस्था में, कानूननिर्माताओं की जगह में सांसदों के व्यवहार का जांतकर्ता, निर्णयकर्ता एक कोतवाल! लंदन की संसद, वेस्टमिनिस्टर या दुनिया के किसी भी सभ्य लोकतंत्र में यह नजारा कभी देखने को नहीं मिला (और न मिलेगा) कि सांसदों की भीड़ में धक्कामुक्की हुई, तो प्रधानमंत्री के सांसद तुरंत बगल की कोतवाली जा कर एफआईआर कराएं!

दुनिया वीडियो पर यह नौटंकी देखे कि सिर पर एक चिपी, फिर पट्टी, फिर पूरा सिर मानो ऑपरेट हुआ हो जैसा बड़ा पट्टा दिखला नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ कोतवाल द्वारा ताउम्र कैद की तमाम धाराओं में जांच! सोचें, लाल किले के किस मुगल बादशाह या नेहरू से ले कर डॉ. मनमोहन सिंह के राज में ऐसा हुआ? खुद सत्तापक्ष अपनी ही विधायिका के सांसदों के झगड़े, धक्कामुक्की की कोतवाल के यहां रिपोर्ट दर्ज कराते हुए! यदि निर्वाचित सरकार, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की एक संसद की प्रक्रिया को भी शांतिपूर्ण ढंग से नहीं चलवा पाए, विपक्ष के शोर-गतिरोध और प्रर्दशन का समाधान बातचीत से नहीं निकाल पाए तो यह किस बात का प्रमाण है? मोदी सरकार द्वारा चरित्र, बुद्धि और अपना कलंकित इतिहास बनाने का! तब संसद, संसदीय प्रक्रिया, नियमावली, स्पीकर, सभापति, उप सभापति, संसद नेता और प्रतिपक्ष नेता, संसदीय परिसर के कारिंदों आदि सबका क्या अर्थ है? उफ! बुद्धि,

दिमाग, बेशर्मी और अहंकार। मुझे बहुत झटका लगा जब सुना कि धक्कामुक्की हुई और नेता प्रतिपक्ष को टारगेट बना कर सरकार के सांसदों ने कोतवाल के यहां जा कर शिकायत दर्ज कराई!

क्या पतन है नेहरू राज से मोदी राज का! कल्पना करें ऐसा ही वाकया यदि वाजपेयी-आडवाणी के राज में हुआ होता? पहली बात वे अपनी संसद में ऐसी नौबत नहीं आने देते कि पचास-पचपन साल के विधायिकी अनुभवी वाले सांसदों के मुंह से यह शिकायत सुनाई दे कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता! उनके माइक बंद हो जाते हैं! उनके मुद्दे, नोटिस, बहस की मांग नहीं मानी जाती आदि, आदि। दूसरी बात, वाजेपयी और आडवाणी दोनों नेता विपक्ष को बुलाकर मंत्रणा, मान मनौव्वल, मनाने या उनकी मांग मानने के लिए हमेशा तत्पर हुआ करते थे। मुझे ध्यान है कि वाजपेयी राज में संसद भवन में सावरकर की तस्वीर लगी तो पूरे विपक्ष का जबरदस्त गुस्सा था, मगर बात का बतगंड़ नहीं हुआ जो अंबेडकर के मौजूदा बवाल में हुआ है।

वाजपेयी याकि भाजपा राज की संसद ने सावरकर की तस्वीर लगाई तो लगाई। यह नहीं हुआ कि विपक्ष की आपत्ति पर भाजपा के सांसदों ने सावरकर के प्रति कांग्रेस सरकारों की उपेक्षा की तख्तियां ले कर तब की नेता विपक्ष सोनिया गांधी का रास्ता रोकने का हंगामा किया। और यह तो कल्पना ही नहीं संभव जो सत्ता पक्ष के सांसद को चोट लगे तो आडवाणी अपने सांसदों से कोतवाली जा कर शिकायत कराएं कि सोनिया गांधी ने धक्का दिया और हमारा बुजुर्ग सांसद घायल हुआ। एफआईआर दर्ज करो तथा सोनिया गांधी को तलब करो! सो, यथा राजा तथा भाजपा। यथा राजा तथा सरकार। यथा राजा तथा संसद। यथा राजा तथा मीडिया। यथा राजा तथा सुप्रीम कोर्ट। यथा राजा तथा विदेश नीति। यथा राजा तथा विकास। यथा राजा तथा समाज! यथा राजा तथा धर्म। हां, हम हिंदुओं के धर्म का भी नया बना इतिहास देखिए कि प्रधानमंत्री भगवान राम की ऊंगली पकड़ उन्हें उनके मंदिर में बैठा रहे हैं वही सहस्त्राब्दियों पुरानी सनातन पंरपरा के कुंभ मौके का एक मुख्यमंत्री ऐसा हल्ला बना रहे हैं, मानों नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ नहीं होते तो ऐसा कुंभ नहीं होता!

धर्म संतान का

डॉ. प्रशान्त करण

धर्म आस्था का विषय है। इसे दृढ़ विश्वास के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। दर्शन की दृष्टि से कहें तो धर्म शब्द संस्कृत के धृ धातु से बना है, जिसका अर्थ है जो धारण किया जाए, धारण करने योग्य। इसके विश्लेषण से हम पाते हैं कि जो सिद्धांत, मूल, विचार, मूल्य, आचरण धारण करने योग्य हो, धर्म है। हिंदू सनातन धर्म में धर्म की दो प्रमुख श्रेणियाँ उभरकर आती हैं। प्रथम आध्यात्मिक धर्म, जिसमें अलौकिक शक्ति (ईश्वर, देवता) की पूजा, सेवा; धार्मिक भक्ति, आस्था के पालन की प्रतिबद्धता आदि हैं। द्वितीय यह सामाजिक (भौतिक) धर्म, जिसमें सामाजिक मान्यताओं, परंपराओं के पालन की प्रतिबद्धता, राज धर्म, न्याय धर्म आदि आते हैं। अब संतान का धर्म क्या होगा? वह इन दोनों श्रेणियों के धर्म की प्रतिबद्धता से बँधा है।

हम राष्ट्र सर्वोपरि की परिकल्पना में जीने वाले भारतीय हैं, क्योंकि हम भारत राष्ट्र नहीं, अपितु हजारों वर्षों से भारत माता कहते आए हैं। अब चर्चा माता के प्रति श्रद्धा-भक्ति, सेवा पर तार्किक रूप से आ जाती है। स्वतंत्रता के बाद से हमें आदत डाल दी गई कि हमें देखना है कि राष्ट्र हमारे लिए क्या करता है। थोड़ी देरी हुई, कठिनाई हुई तो हम आक्रोश में आंदोलन करते रहे। माता के कर्तव्य के प्रति ऊँगली उठाने को तत्पर रहे। हमने कभी ऐसा आंदोलन खड़ा नहीं किया कि हम भारत माता के आदर, श्रद्धा, सेवा के लिए क्या कर सकते हैं? हम स्वयं को भारत माता की गोद में अपने आप को समर्पित कर यह अपेक्षा करते हैं कि हम स्वयं कुछ नहीं करेंगे और हमारा लालन-पालन राष्ट्र करे।

हमें मुफ्तखोरी का अभ्यास स्वतंत्रता के बाद साठ दशकों तक कराया गया। अब भी चुनावों में मुफ्त की रेवड़ियों के पीछे दौड़ते हुए हम अपना मत गिरवी रख देते हैं और राष्ट्र की चिंता के प्रति विमुखता के दृष्टिकोण को हृदय से चिपकाए रखते हैं। सोचते हैं कि जिन्हें राष्ट्र की चिंता करनी है वे करें। हमें राष्ट्र द्वारा पालित होना है। हम अपने अधिकार के प्रति जितने सजग हैं, उतने ही उदासीन हैं अपने राष्ट्र धर्म, कर्तव्य के प्रति। ऐसा हमें बनाया गया!

संतान के सामाजिक पाँच ऋण शास्त्रों में बताए गएः मातृ ऋण, पितृ ऋण, गुरु ऋण, समाज ऋण और राष्ट्र ऋण। इनमें से एक भी ऋण से हममें से अधिकतर देशवासियों को कोई मतलब ही नहीं रहा। हम "ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत" सिद्धांत का पालन करने वाले भारतीय हैं। ऋण लेकर न चुकाने में मेहुल चौकसी, विजय माल्या आदि के महिमामंडन करने से हम नहीं चूकते। ऋण चुकाने की भारतीय परंपरा अंग्रेजी सभ्यता के चकाचौंध में कहीं खो गई है।

हम सभी स्थानों पर धार्मिक दृष्टिकोण छोड़, वैश्विक, पाश्चात्य, वैज्ञानिक, आर्थिक दृष्टिकोण खोजते रहते हैं। जहाँ लाभ दिखा, नाव वहीं खड़ी कर दी, चाहे समाज अथवा राष्ट्र की खाट खड़ी ही क्यों न हो। हमें स्वयं से मतलब है। हम बिना परिश्रम, उद्यम, मेधा, प्रतिभा के राष्ट्र के हमारे प्रति कर्तव्य की जुगाड़ का झंडा लेकर आँखें मूँदकर चलने वाले असंवेदनशील स्वतंत्र भारतीय जो ठहरे! संतान के धर्म, कर्तव्य से हमें क्या लेना-देना? हम माता-पिता, समाज, राष्ट्र, सरकार के धर्म में त्रुटि खोजने निकल जो पड़े हैं।

कबीरा खड़ा बाजार में, लिए लुकाठी हाथ।
जो घर जारे आपनो, चलो हमारे साथ!

मेष राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे आज एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज आपके व्यापार में लाभ बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा । विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा । आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा ।

कर्क राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा । रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी । बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। हर काम मन लगाकर करने से आपको फायदा होगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर पर अपना कुछ समय बिताएंगे। आज यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आप परिवार के किसी काम में व्यस्त हो सकते हैं। छोटे उद्यमियों के लिये दिन ठीक रहेगा।

तुला राशि : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में... आज कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी । बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.. यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे । जरूरतमंद को भोजन कराने से आपको सुकून मिलेगा ।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में भी आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका कॉन्फिडेंस ही आपके काम को पूरा करने में मदद करेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की दौड़ भाग भरी जिंदगी में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकालेगे और अपने व्यक्तित्व का आकलन करेंगे। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी।

मकर राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है, यह खुशखबरी आपके जीवन को बदल सकती है।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा । आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका ख़ास काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा।

मीन राशि: आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
रांची – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 28 दिसंबर, 2024

संक्षिप्त समाचार

पटना व वैशाली समेत 6 जिलों में 122.83 करोड़ से पीपा पुल बनेंगे : विजय

पटना, एजेंसी। पटना, वैशाली, समस्तीपुर, मधेपुरा, बक्सर और भोजपुर जिले में 6 पीपा पुलों के निर्माण की मंजूरी दी की गई है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अगले 5 वर्षों के लिए इन पुलों को सुरक्षित रखने, तय समय पर खोलने और लगाने की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है, ताकि लोगों को बरसात के तुरंत बाद पीपा पुल का फायदा मिल सके। नदियों में जलस्तर बढ़ने के समय इन पुलों को खोला जाता है और जलस्तर घटने के बाद उसे फिर लगाया जाता है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुगम यातायात के लिए पीपा पुल सबसे बड़ा माध्यम है। पुल निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया गया है कि सभी 6 पीपा पुलों का तेजी से गुणवत्ता पूर्ण निर्माण सुनिश्चित करें। निर्माण के दौरान पुल निगम लगातार मॉनिटरिंग करे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 से लगातार पथ/पुल निर्माण के क्षेत्र में कई काम हुए है। राज्य के किसी भी जिले से पटना अब 5 घंटे में आना संभव हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में नव निर्माण और विकसित बिहार की परिकल्पना साकार हो रही है।

नए साल पर बंद रहेगा नेचर और जू सफारी :भीड़ नियंत्रण करने के लिए होगा बंद

नालंदा, एजेंसी। पर्यटक स्थल राजगीर में नए साल की शुरुआत इस बार थोड़ी फीकी रहने वाली है। प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के मद्देनजर एक जनवरी को नेचर सफारी और जू सफारी को बंद रखने का निर्णय लिया है। जू सफारी के निदेशक के अनुसार, यह कदम सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। विशेष रूप से इन स्थलों पर होने वाली अत्यधिक भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि, पर्यटकों के लिए वैकल्पिक आकर्षण खुले रहेंगे। वेणु वन, विश्व शांति स्तूप, पांडू पोखर, राजगीर कुंड, और ऐतिहासिक नालंदा खंडहर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल सामान्य दिनों की तरह संचालित होंगे। राजगीर का जू सफारी अपनी अनूठी व्यवस्था के लिए जाना जाता है, जहां पर्यटक सुरक्षित वाहनों से खुले वातावरण में रह रहे वन्य जीवों का अवलोकन कर सकते हैं। यहां शेर, बाघ, हिरण और भालू जैसे जानवर प्राकृतिक परिवेश में रहते हैं। जबकि नेचर सफारी में पर्यटक ग्लास ब्रिज, शूटिंग, सस्पेंशन ब्रिज, जिप लाइन, तीरंदाजी, राइफल शूटिंग आदि का रोमांच लेने पहुंचते हैं। पटना से 110 किलोमीटर की दूरी पर स्थित राजगीर में पिछले वर्ष की तुलना में कई सुविधाओं का उन्नयन किया गया है। पर्यटक सड़क या रेल मार्ग से यहां पहुंच सकते हैं। स्थानीय तांगा सवारी का भी पर्यटक लुफ्त राजगीर आने पर उठाते हैं। 31 दिसंबर तक सभी सुविधाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहेंगी।

9 साल पहले किया मर्डर, अब हुआ गिरफ्तार

आरा(भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर के पवना थाना पुलिस ने हत्या के मामले में करीब 9 सालों से फरार एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तारी आयर थाना क्षेत्र से हो सकी। पकड़ा गया मनोज राम मूल रूप से आयर के बरनाव गांव का निवासी है। वैसे पूर्व में पवना गांव में ही रहता था। उस पर पांच सौ रुपए का इनाम भी घोषित हुआ था। पकड़े गए आरोपित की पुलिस को लंबे अरसे से तलाश थी। पुलिस से बचने के लिए इधर-उधर भागकर रहता था। इधर, थानाध्यक्ष सुरेश सिंह ने बताया कि मृतक व आरोपित रिश्ते में ममेरे भाई लगते थे। मालूम हो कि 29 मार्च 2015 को पवना में गुलाम राम नामक एक व्यक्ति की घातक हथियार से मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसे लेकर नामजद प्राथमिकी कराई थी। घटना के बाद से ही मनोज राम नामक आरोपित फरार चला आ रहा था। इस दौरान कुर्की भी हुई थी। इस बीच गुप्त सूचना के आधार पर वांछित को आयर इलाके से धर दबोचा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मूल रूप से बरनाव निवासी मनोज तड़का पर पवना मे था। ठीक उसी दौरान हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था।

सीएम नीतीश की प्रगति यात्रा स्थगित, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के बाद लिया फैसला

पटना, एजेंसी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का कार्यक्रम स्थगित हो गया है। आज शुक्रवार को मुजफ्फरपुर में उनकी यात्रा होनी थी। कल शनिवार को हाजीपुर में सीएम प्रगति यात्रा पर जाने वाले थे। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण सात दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। इसे लेकर सीएम की प्रगति यात्रा का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। हालांकि सीएमओ से इसे लेकर को आधिकारिक जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं दी गयी है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पीएम मनमोहन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। आज 11 बजे तक सीएम को मुजफ्फरपुर पहुंचना था। लेकिन जानकारी के अनुसार सीएम खबर लिखे जाने तक पटना में ही थे। शनिवार को पूर्व पीएम का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके अंतिम दर्शन के लिए दिल्ली में देश भर से

नेता पहुंच रहे हैं। नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का पहला चरण 23 दिसम्बर को पश्चिम चंपारण के बेतिया से शुरू हुआ था। यह चरण 28 दिसम्बर तक चलने वाला था। इस दौरान सीएम 27 दिसम्बर शुक्रवार को मुजफ्फरपुर के मुशहरी प्रखंड के नरौली पंचायत में विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने आने वाले थे। इसे लेकर मुजफ्फरपुर में पूरी तैयारी कर ली गयी थी। मुशहरी में जीविका दीदियों की ओर से स्टॉल लगाए गए हैं। लेकिन अंत समय में मुख्यालय से जानकारी दी गयी कि सीएम की प्रगति यात्रा स्थगित कर दी गयी है। कैबिनेट विभाग के आदेश पर सभी विभागों की ओर से आयोजित होने वाले मनोरंजन के कार्यक्रमों पर रोक लगा दी गयी है। मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने मुजफ्फरपुर में प्रगति यात्रा स्थगित यात्रा किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सीएम की यात्रा के मद्देनजर मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की प्रशासनिक और सुरक्षात्मक तैयारी कर ली गयी है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री जिले को करीब चार सौ करोड़ की योजनाओं की सौगात देने वाले थे। शनिवार को सीएम की प्रगति यात्रा का पहला चरण पूरा होने वाला था। वे वैशाली जाने वाले थे जहां विकास कार्यों की समीक्षा के साथ जीविका दीदियों के स्टॉल का निरीक्षण और दीदियों से संवाद की तैयारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि मुजफ्फरपुर और वैशाली में प्रगति यात्रा नया शेड्यूल फिर से जारी किया जाएगा।

मनमोहन सिंह के निधन पर नीतीश ने जताया शोक, तेजस्वी यादव बोले- इतिहास आपका दिवाना रहेगा

पटना, एजेंसी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर बिहार में भी शोक की लहर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक जताते हुए कहा कि मनमोहन एक कुशल राजनेता और अर्थशास्त्री थे। उनके नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि इतिहास आपको (मनमोहन सिंह) याद ही नहीं करेगा, बल्कि आपका दिवाना रहेगा। केंद्रीय मंत्री सह हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के सुप्रीमो जीतनराम मांझी ने कहा कि उनके ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों को हमेशा याद रखा जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने कहा कि आर्थिक क्रांति के नायक के रूप में मनमोहन सिंह को हमेशा याद किया जाएगा। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने कहा कि देश ने एक बेमिसाल प्रधानमंत्री और सर्वश्रेष्ठ अर्थशास्त्री खो दिया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य नेताओं ने भी मनमोहन सिंह के निधन पर दुख जताया है। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने गुरुवार रात 9 बजकर 51 मिनट पर नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में आखिरी सांस ली। वे 92 साल के थे।

लालू-तेजस्वी ने जताया शोक : राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित राजद के अन्य नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। गुरुवार को जारी शोक संदेश में राजद नेताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से राष्ट्र को अपूर्णीय क्षति हुई है। इन्होंने देश में आर्थिक क्रांति के लिए जो कार्य किया वो अविस्मरणीय है। राजद की ओर से जारी शोक संदेश में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर दुःख जताने वालों में सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, डॉ कांति सिंह,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव , सैयद फैसल अली, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, शिवचंद्र राम, सुरेश पासवान,प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू , कोषाध्यक्ष मो कामरान,प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव , प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद के अन्य नेता प्रमुखशामिलहैं।

वीमेंस वर्ल्ड कप कबड्डी 7 मार्च से होगी, राजगीर का इंडोर स्टेडियम हो रहा तैयार

पटना, एजेंसी। वीमेंस वर्ल्ड कप कबड्डी चैंपियनशिप की तैयारी तेज है। 7 मार्च से 12 मार्च तक राजगीर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर हॉल में सभी मैच होंगे। इसमें 15 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। सभी टीमें 5 मार्च को आ जाएंगी। खिलाड़ियों को राजगीर स्थित स्पोर्ट्स हॉस्टल में ठहराया जाएगा। मैचों के लिए इंडोर हॉल को अंतरराष्ट्रीय आयोजन के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। मैच रात में होंगे, इसलिए फ्लड लाइट्स लगाई जा रही हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के डीजी रवींद्रण शंकरण ने बताया कि इंडोर स्टेडियम में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के मैट लगाए जा रहे हैं। साथ ही वीआईपी स्टैंड, खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम समेत अन्य सुविधाएं भी इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की होंगी। इंडोर स्टेडियम में 5500 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। 22 दिसंबर को तैयारियों का जायजा लेने एशियाई कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष और ईरान कबड्डी संघ के अध्यक्ष आए थे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण में ईरान से आए अंतरराष्ट्रीय कबड्डी फेडरेशन और एशियन कबड्डी फेडरेशन के प्रेसिडेंट ने तैयारियों को लेकर चर्चा की थी और राजगीर में तैयारियों को भी परखा था। भारत, पोलैंड, रोमानिया, केन्या, युगांडा, अर्जेंटीना, ईरान, चीनी ताइपे, नेपाल, जापान, कोरिया, थाइलैंड, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान (अनुमति मिलने पर)।

नीतीश मन बदल रहे, इंतजार कीजिए: राजद विधायक वीरेंद्र

समस्तीपुर, एजेंसी। बिहार की राजनीति में फिर कुछ उलट पुलट हो जाए तो आश्चर्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री जी हमारे साथ आएंगे तो उनका स्वागत करेंगे। राजनीति परिस्थितियों का खेल है। राजनीति में न तो कोई दोस्त होता है और न कोई दुश्मन। पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे साथ रहे हैं। ये बातें गुरुवार को बिहार विधानसभा में लोक लेखा समिति के सभापति और राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने समस्तीपुर में कही। भाई वीरेंद्र ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के साथ नीतीश कुमार ने राजनीति शुरू की है। ये लोग (नीतीश कुमार और लालू यादव) जेपी आंदोलन से साथ हैं। जनसंघ की स्थापना काल से ही नीतीश कुमार और लालू यादव ने साथ में राजनीति की है। राजद विधायक समस्तीपुर में जिला लोक लेखा समिति के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नीतीश कुमार गलती से बीजेपी यानी देश द्रोहियों के साथ चले गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री जी पुनर्विचार कर रहे हैं।

भाई वीरेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री को रात में सोते समय सपना आता है और वे उठ कर सोचने लगते हैं कि पता नहीं हम कहां आ गए हैं। इसलिए अब वो अपना मन धीरे-धीरे बदल रहे हैं। खरमास के बाद बिहार में एक बार फिर खेला होगा। बिहार में कुछ भी हो सकता है, थोड़ा इंतजार कीजिए। बुधवार की शाम पटना के बापू सभागार में लोक गायिका देवी की ओर से रघुपति राघव राजा राम गाने पर जो कुछ हुआ, इसको लेकर भाई वीरेंद्र ने कहा कि बीजेपी लोकतंत्र के लिए खतरा है। बीजेपी के लोग लोकतंत्र को पसंद नहीं करते हैं। ये लोग संविधान रचयिता डॉ भीम राव अंबेडकर को भी नहीं मानते हैं। लोक गायिका देवी के साथ जो हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को लोक गायिका से माफी मांगनी चाहिए। ये लोग महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के खानदान से हैं। भाई वीरेंद्र ने एक दो दिन पहले यानी बुधवार को भी खगड़िया में कहा था कि अगर नीतीश कुमार सांप्रदायिक शक्तियों को छोड़कर आएंगे तो हम स्वागत करेंगे। उनका भी मन सांप्रदायिक शक्तियों के साथ रहकर भर चुका है।

दो दुकान में लगी आग, लाखों के नुकसान की आशंका

कटिहार में स्थानीय लोगों ने पाया काबू, जिप सदस्य ने पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग की

कटिहार, एजेंसी। कटिहार के बलिया बेलौन थाना क्षेत्र के बीझारा पंचायत के कुरूम हाट में गुरुवार देर रात भयंकर आग लगने से दो दुकानें पूरी तरह से जलकर खाक हो गईं। बताया जा रहा है कि चंदन साह की किराना दुकान और जुबेर की रूई की दुकान आग की चपेट में आ गईं। घटना के समय दोनों दुकानदार अपने घरों पर थे। सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सबकुछ राख हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के सहयोग से आग को अन्य दुकानों में फैलने से रोक लिया गया। आशंका जताई जा रही है कि इस हादसे में दोनों दुकानदार का लाखों का नुकसान हुआ है।

पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग

पीड़ित चंदन साह और जुबेर ने बताया कि आग में उनका सारा सामान जलकर खाक हो गया और कुछ भी नहीं बचा। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र संख्या 18 के जिला परिषद प्रतिनिधि मुनतसीर अहमद मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षति का आंकलन करते हुए कहा कि आग की लपटों ने दोनों दुकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। रात में ही इस घटना की जानकारी कंदवा सीओ और बलिया बेलौन थाना अध्यक्ष को दी गई। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन से पीड़ित दुकानदारों को सहायता देने और घटना की जांच करने की मांग की गई है।

लाठीचार्ज से भड़के बीपीएससी अभ्यर्थी, पीटी दोबारा कराने के लिए किया प्रदर्शन

पटना, एजेंसी। लाठीचार्ज से भड़के बीपीएससी अभ्यर्थियों ने गुरुवार को गर्दनीबाग धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। सुबह से रात तक वहां डटे रहे। बुधवार को बीपीएससी कार्यालय के घेराव के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। अभ्यर्थियों की मांग है कि 70वीं बीपीएससी पीटी की एक परीक्षा, एक प्रश्नपत्र और एक परिणाम जारी हो ताकि किसी भी अभ्यर्थी के साथ नाइंसाफी न हो। फिर से सभी अभ्यर्थियों की प्रारंभिक परीक्षा हो। केवल बापू परीक्षा परिसर के 12 हजार छात्रों की फिर से परीक्षा लेकर आयोग अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। बुधवार को पुलिस ने अभ्यर्थी रोहित कुमार को गिरफ्तार किया था। उनपर सचिवालय थाने में केस दर्ज किया गया और कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने गुरुवार को रोहित को जमानत दे दी। इससे पहले शिक्षक नेता दिलीप को पुलिस ने जेल भेजा था। उन्हें भी कोर्ट ने जमानत दे दी। इस परीक्षा को रद्द कराने के लिए 7 अभ्यर्थी अनशन पर बैठे थे, जिन्हें प्रशासन ने पीएमसीएच भेज दिया।

हजारों छात्र-छात्राएं जमा हो गए थे। हालांकि पुलिस-प्रशासन ने छात्रों को धरनास्थल पर जाने से रोकने के लिए सभी इंट्री प्वाइंट को बंद कर दिया था। आर ब्लॉक से गर्दनीबाग धरनास्थल तक पुलिस की तैनाती कर दी गई थी। सचिवालय एसडीपीओ, फुलवारीशरीफ एसडीपीओ और विधि-व्यवस्था एसडीपीओ के साथ भारी तादाद में जवान मौजूद थे। दंडाधिकारी भी थे। इसके बावजूद छात्र-छात्राएं धरनास्थल पर पहुंचे। कई शिक्षक भी छात्रों का साथ देने पहुंचे।

समर्थन में पहुंचे पप्पू यादव और पीके

अभ्यर्थियों को समर्थन देने सांसद पप्पू यादव वहां पहुंचे। छात्रों के साथ न्याय करने की मांग आयोग और सरकार से की। रहमान सर भी पहुंचे। उन्होंने छात्रों से आयोग के खिलाफ जमकर नारे लगवाए। जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर भी धरनास्थल पर पहुंचे। अभ्यर्थियों की मांगों का समर्थन किया और कहा कि आयोग फिर से पीटी ले।

15 जनवरी से शुरू हो सकता है महिला संवाद कार्यक्रम, तैयारी में जुटी नीतीश सरकार

पटना, एजेंसी। बिहार में महिला संवाद कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। करीब 60 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नीतीश सरकार दो करोड़ महिलाओं से संवाद करेगी। इस दौरान प्रखंडों में वाहन भी घूमेंगे, जिनके माध्यम से राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी जाएगी। 15 जनवरी से इसे शुरू करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में जल्द ही आदेश जारी किया जाएगा।

ग्रामीण विकास विभाग और जीविका के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम के लिए संबंधित को प्रशिक्षण देने का कार्य चल रहा है। प्रखंडों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से वाहनों को रवाना करने के लिए सीएम सचिवालय से आग्रह किया जा रहा है। जीविका दीदियों की राज्य में गठित 71 हजार ग्राम संगठनों के द्वारा ही महिला संवाद का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिला और प्रखंड के पदाधिकारी और कर्मी उनका सहयोग करेंगे। विभाग की तैयारी है कि हर दिन औसतन 600 जगहों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हर एक संवाद कार्यक्रम में 300 महिलाएं शामिल होंगी।

महिला संवाद में सरकारी की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ ही महिलाओं से सुझाव भी प्राप्त किए जाएंगे। महिलाएं और किस तरह की योजनाओं की शुरुआत करना चाहती है, यह भी उनसे पूछा जाएगा। इन सबका रिकॉर्ड रखा जाएगा, ताकि आगे राज्य सरकार उस पर निर्णय ले सके। साथ ही केंद्र सरकार से जुड़े कार्यों को वहां भी भेजा जाएगा। हर विभाग से योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेकर इसकी पुस्तिका तैयार कर ली गयी है। इससे महिलाओं के बीच योजनाओं की जानकारी देने में सुविधा होगी।

अलग-अलग जगहों पर मारपीट, 4 लोग जख्मी

बांका में सभी घायलों को भागलपुर किया गया रेफर, जांच में जुटी पुलिस

बांका, एजेंसी। बांका में गुरुवार रात दो अलग-अलग घटनाओं में जमीनी और घरेलू विवाद के चलते हिंसक झड़प हुई। इन घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। सभी घायलों को भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना रजौन थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव की है, जहां जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई।

गांव के प्रमोद यादव ने बताया कि रात करीब 10 बजे गांव के ही आठ लोगों ने अचानक उनके घर पर हमला कर दिया। लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से किए गए हमले में प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी मीना देवी पर भी हमला किया गया। उनका सिर फट गया। दूसरी घटना कटोरिया थाना क्षेत्र के अमरा गांव की है, जहां गुरुवार की रात घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए भागलपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। दोनों घटनाओं में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

बड़े ने छोटे भाई पर धारदार हथियार से किया हमला : तीसरी घटना शंभूगंज थाना क्षेत्र के कुंथा गांव में घरेलू विवाद के चलते दो भाइयों के बीच हिंसक झड़प हुई। जहां बड़े भाई ने छोटे भाई और उनकी बेटी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बड़े भाई नीरज ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच पैतृक संपत्ति का बंटवारा पहले ही हो चुका था। बावजूद इसके, पंकज यादव निजी भूमि पर बने शौचालय को लेकर विवाद करते रहते थे। झगड़े के दौरान पंकज यादव और उनके बेटे अंकित कुमार व आर्यन कुमार ने लाठी और तलवार से हमला किया। घटना के समय दुकान पर मौजूद नीरज की पत्नी और बेटी बीच-बचाव करने आई, लेकिन उन पर भी हमला किया गया। ग्रामीणों ने किसी तरह झगड़ा शांत कराया और पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जांच में जुटी पुलिस

पुलिस दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

संक्षिप्त समाचार

श्री बजरंग भक्त परिवार मण्डल द्वारा पनकी हनुमान जी बाबा के दरबार तक की पारिवारिक संगीतमय पदयात्रा

कानपुर। ज्वाला देवी भवन सिविल लाइंस मे पत्रकार वार्ता आगामी रविवार को श्री बजरंग भक्त परिवार मण्डल द्वारा पनकी हनुमान जी बाबा के दरबार तक की पारिवारिक संगीतमय पदयात्रा महंत श्री जितेन्द्र दास जी के पावन सानिध्य मे रविवार 29 दिसम्बर 2024 को बादशाही नाका चौराहा से प्रातः 8 बजे निकाली जायेगी। यात्रा में हनुमान जी की भव्य प्रतिमा दर्शन की झाँकी के साथ श्रद्धालु भक्तजन श्री राम नाम का गुणगान करते हुये बाबा की ध्वज पताका लिये हुये प्रस्थान करेंगे। यात्रा का शुभारम्भ श्री रमेश अवस्थी सासंद कानपुर नगर द्वारा कराया जायेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पनकी दरबार की पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य वर्ष भर में भक्तों के द्वारा जाने - अनजाने में हुयी त्रुटि की क्षमायाचना एवं नव वर्ष के शुभागमन पर बाबा से देश एवं प्रदेश की खुशहाली के साथ अपने परिवारों को भय - कष्ट एवं कलुसता से मुक्ति एवं परिवार में सुख शान्ति की कामना करते है। मण्डल के एकादशम् वार्षिक महोत्सव के रूप में आयोजित होने वाली इस पदयात्रा का स्थान-स्थान पर भव्य स्वागत किया जायेगा। बादशाहीनाका हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होने वाली यह पद यात्रा मूलगंज, लाटूश रोड, डिप्टी पड़ाव, चन्द्रिका देवी, जरीब चौकी, दर्शनपुरवा, फजलगंज, विजयनगर होते हुए पनकी हनुमान जी बाबा के दरबार पहुँचेगी। मण्डल द्वारा बाबा के दरबार को भव्य रूप से सजाया जायेगा एवं छप्पन भोग अर्पित किया जायेगा। दरबार में श्री बजरंग सोनी एण्ड पार्टी द्वारा बाबा का संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जायेगा। मन्दिर प्रांगण में प्रातः काल से ही मण्डल द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया जायेगा। पत्रकार वार्ता में पंकज अग्रवाल, मनीष दर्पण, विवेक शुक्ला, उत्कर्ष मिश्रा, ज्ञानेन्द्र विश्नोई अमितगुप्तासौरभअग्रवाल,प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर सपा हाल नवीन मार्केट में शोक सभा

प्रख्यात अर्थशास्त्री ने आर्थिक क्षेत्र में एक नई दिशा दी-हाजी फजल महमूद

कानपुर । पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट परेड में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में दिन में 3:00 बजे पीडीए मिशन तथा सपा कार्यकर्ताओं की शोक सभा संपन्न हुई<शोक सभा को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से देश को एक अपूर्णीय छति हुई है डॉक्टर मनमोहन सिंह जी ने देश को एक नई दिशा तथा क्षेत्र में व्यापक सुधार और 10 वर्ष तक प्रधानमंत्री रहकर देश की आर्थिक स्थिति को व्यापक सुधार के साथ अग्रणी रखा शोकसभा में सभी कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर परिवार को धैर्य साहस प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की श्रध्दांजलि सभा मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,नंदलाल जयसवाल,आंनद शुक्ला,हाजी अयूब आलम,रजत मिश्रा,शबाब अबरार,जस्वेन्द्र प्रताप निषाद, इशरत इराकी,मुमताज मंसूरी,अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे शादाब आलम,अनूप यादव,अरमान खान,नवीन जय,रमेश यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

डीएसओ ने ग्रामीण क्षेत्र की दुकानों में किया ई केवाईसी का निरीक्षण

समय से लक्ष्य पूरा करने क़ो कोटेदारों क़ो किया निर्देशित

बांदा। जिला पूर्ति अधिकारी ने विभागीय टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कोटे की दुकानों में ई केवाईसी की प्रगति देखी और कोटेदारों क़ो समय पर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान खान ने बताया कि उन्होंने विकास खंड बड़ोखर खुर्द की ग्राम पंचायत लुकतरा व छनेहरा में उचित दर की दुकानों का निरीक्षण किया स निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से ई केवाईसी की अब तक कि प्रगति देखी दुकानों में ई केवाईसी का कार्य चल रहा था स जिले के सभी कोटेदारो क़ो निर्देश दिए गए हैं कि जिन राशनकार्ड धारकों की अभी तक ई केवाईसी नहीं हुई 31 दिसंबर तक पूरा करा लें स निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गले से आपरेशन कर निकाली गांठ

मरीज के गले से निकाली ग्यारह सौ ग्राम की गांठ

बांदा। डाक्टरों की टीम ने मरीज के गले से एक किलो सौ ग्राम की गांठ को सफलता पूर्वक आपरेशन करके बाहर निकाला है। आपरेशन के

बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ्य है। जनपद में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज मरीजों के लिए संजीवनी बनता ही जा रहा है। आये दिन यहां पर एक से बड़े एक आपरेशन करके मरीजों को लाभ दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मरौली ओरन का रहने वाला पिछले आठ माह से घेंघा रोक से पीड़ित थे। कई जागह दिखाने के बाद जब मरीज को लाभ नहीं मिला तो उन्होंने रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में ईएनटी डा.शंकर कबीर से मिले। उन्होंने मरीज को आपरेशन कराने की सलाह दी। मरीज की रजामंदी के बाद जब आपरेशन किया गया तो मरीज के गले से ग्यारह सौ ग्राम की गांठ निकाली गई। जिसको देखकर हर कोई हैरान रह गया। डा.शंकर कबीर ने बताया कि ये बीमारी शरीर में आयोडीन की कमी से होती है। इस बीमारी से बचाव के लिए आयोडीन युक्त नमक खाना चाहिए। इस आपरेशन में उक्त चिकित्सक के अलावा डा.नरेन्द्र कुमार, डा. प्रिया दीक्षित, डा.आशुतोष, डा.सेडवीनो, डा.नरेन्द्र कुमार, पूजा, चित्रपा, प्रिया, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

क्षेत्र में कट रहे हरे भरे पेड़ वन विभाग है अंजान

उन्नाव।सफीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरधारी गांव में एक खेत के किनारे नीम के हरे पेड़ काटे जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पत्रकारों की टीम ने किया वन विभाग के कर्मी को फोन करते ही वन विभाग कर्मी जिसका नाम था सर्वेश ने जाकर देखा नीम के हरे पेड़ 6 खड़े थे एक कटा हुआ पड़ा था निरीक्षण किया के साथ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर संयुक्त कार्रवाई की घोषणा की आप अपना कार्य करिए हम अपना कार्य करते हैं। हालांकि टीम के पहुंचते ही कटान कर रहे लोग मौके से भाग गए। क्षेत्र के ग्राम गुरधारी गांव निवासी दीपक वर्मा के खेत में खड़े नीम के हरे पेड़ का कटान किया जा रहा था। पांच हरे पेड़ नीम के खड़े थे एक कटा हुआ पड़ा था। तभी किसी ने इसकी सूचना पत्रकारों के दी पत्रकार ने फोन करके वन विभाग को सूचना दे दी। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की बात कही है वन विभाग आंख बंद किए हैं इसी प्रकार हरे पेड़ों का कटन जारी है क्षेत्र में

पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर भाजपाईयों ने जताया शोक

रालोद कार्यालय में भी हुआ शोकसभा का आयोजन

संवाददाता

बांदा। शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कामकाजी बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर सामूहिक रूप से शोक व्यक्त करते हुए संगठन महापर्व पर आगामी जानकारी देते हुए पार्टी की नीतियों पर अमल करने का आह्वान किया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा के संगठन पर्व निर्वाचन प्रक्रिया अंतर्गत आवश्यक जिला कार्यालय में आयोजित कामकाजी बैठक में सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की गई। बैठक में जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने बैठक में अपेक्षित पदाधिकारियों का वृत्त लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है-भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प; और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने सभी का आभार जताया जबकि संचालन जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव, बालमुकुंद शुक्ला तथा लवलेश सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रभा गुप्ता, बबेरू चेयरमैन विवेकानन्द गुप्ता, जिला महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष प्रेमनारायण द्विवेदी, मनोज पुरवार, डॉ धर्मेन्द्र त्रिपाठी, ममता मिश्रा तथा सीताराम वर्मा, पूर्व जिला महामंत्री राकेश मिश्रा,जिला कोषाध्यक्ष संतू गुप्ता, जिला मंत्री पंकज रैकवार, राजर्षि शुक्ला, दिनेश यादव, मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी, पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजनारायण द्विवेदी, राजेश सेन,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहित गुप्ता, पूर्व चेयरमैन विजयपाल सिंह, देवमूरत द्विवेदी, विष्णु प्रताप सिंह, संतोष यादव, गिरजेश तिवारी, उत्तम सक्सेना, अजीत प्रकाश गुप्ता,दिलीप तिवारी, निखिल सक्सेना, दीपक राजपूत, अनूप तिवारी, अमित निगम, रंजीत सिंह, रामकृष्ण शुक्ला, श्यामबाबू पाल, अनूप सिंह, रामबाबू त्रिपाठी, अमरमणि त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इसी प्रकार राष्ट्रीय लोकदल बांदा के कार्यालय पर आवश्यक बैठक हुई जिसमें देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक सभा हुई और दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के बुंदेलखंड अध्यक्ष वीरेंद्र साक्षी जी प्रमुख संगठन जिला महासचिव नईम नेता जी जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सेन,जिला महासचिव वैश्य अमित गुप्ता मनीष, जिला सचिव शिवबहादुर सिंह,संजीव सिंह बबलू ,आदित्य निगम नितिन, फैशल खान ,खुर्शीद भाई ,पुनीत गुप्ता, ज्ञानेंद्र गुप्ता ,शाहबाज रिंकू ,याकूब भाई ,ज्ञान प्रकाश पांडे, मोहम्मद सिराज दानिश ,जावेद, रिजवान ,सद्दाम, शाहिद सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

विधायक सुरेंद्र मैथानी लगातार सत्रहवी बार गंभीर बीमारी से जूझ रहे 56 व्यक्तियों को दिलवाया 1 करोड़ 12 लाख 30 हजार

संवाददाता

कानपुर।गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी जी के अथक प्रयास से गंभीर जानलेवा बीमारी से पीड़ित 56 व्यक्तियों को माननीय मुख्यमंत्री जी से आर्थिक सहयोग दिला कर, विधायक जी को पुनः ईश्वरीय कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। विधायक जी ने बताया कि यह सेवा, हमारे संकल्प के साथ,सिद्धि तक पहुंचाते हुए,ईश्वर के चरणों में समर्पित है,गरीबों/जरूरत मंदों की जान तो ईश्वर बचाएगा,लेकिन माध्यम हम बनकर,अपने स्वयं को पुण्य का भागीदार,जरूर बना सकते हैं। विधायक जी ने बताया कि यह सत्रहवीं बार, कुल 56 पीड़ित व्यक्तियों के इलाज हेतु (1,12,30,000/-) रुपये दिलाये। विधायक जी ने कहा कि, सड़क नाली खरंजा पार्क पुल व पेयजल एवं सीवर आदि, यह मूलभूत सुविधा जनता का अधिकार है और हम जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है।जिसे हमें हर हाल में पूर्ण करना ही चाहिए।जिसको अपनी विधानसभा में पूर्ण कराते हुए ऐतिहासिक रूप से गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र बनाने का काम जारी है,परंतु इन सबसे ऊपर उठकर भी, हम अपने संवैधानिक अधिकारों का एवं अपने संपर्क संबंधों का प्रयोग करते हुए,हम यदि किसी परिवार के सदस्य की जान बचाने में आर्थिक और भौतिक रूप से भी मदद कराकर, सफलता प्राप्त कर लें,तो इससे बड़ा,उस परिवार के लिए सहायता और स्वयं के लिए पुण्य का,इससे बड़ा कोई कार्य हो ही नहीं सकता।और यह कार्य हम निरंतर जारी रखेंगे।व्यक्ति किसी भी धर्म क्षेत्र भाषा भाषी का हो ,उसको सहयोग कराते हुए, स्वास्थ्य लाभ दिलाने के दृढ़ संकल्प को,हम आगे बढ़ाएंगे। विधायक जी ने कहा कि,इस पुनीत कार्य में लगातार मुझे,अपना आशीर्वाद देने का काम कर रहे, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी जी का, मैं अपने इन गरीब भाई बहनों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। और आगे भी, दृढ़ इच्छा शक्ति एवं संकल्प के साथ,इस पवित्र पुण्य कार्य को लगातार करता रहूंगा।

मिशन मुस्कान निशुल्क पाठशाला के बच्चों को टोपा मोजा चिप्स बिस्किट चाकलेट आदि का वितरण किया

संवाददाता

कानपुर।नमामि गंगे विभाग भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा आरोग्यधाम के संयुक्त तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिशन मुस्कान निशुल्क पाठशाला के बच्चों को टोपा मोजा चिप्स बिस्किट चाकलेट आदि का वितरण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर के लोकप्रिय सांसद रमेश अवस्थी जी ने सभी बच्चों को सामग्री वितरण करते हुए कहा कि स्वर्गीय तनवीर हैदर उस्मानी जी की याद में यह सेवा का कार्य काफी दिनों से चल रहा है नर सेवा नारायण सेवा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सपने को पूरा किया जा रहा है अनस साजिद उस्मानी ने कहा कि हर व्यक्ति को समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सेवा करनी चाहिए केडी मिश्रा ने बताया कि बीरबल गुरु पुत्रों की कुर्बानी की याद में आध्यात्मिक चेतना जगाने वाली श्री किशोरी जी एवं शौर्य,मिश्रा को अटल बिहारी वाजपेई सेवा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया सांसद जी ने दोनों व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर के सम्मानित किया डॉक्टर हेमंत मोहन ने कहा कि मौसम परिवर्तन में उत्पन्न बीमारियों का निधन केवल बचाओ और खान-पान है डॉक्टर में दवाइयां भी वितरित की मिशन मुस्कान के 100 बच्चों को सामग्री वितरित,की गई कार्यक्रम का संचालन प्रदेश संयोजक श्री कृष्णा दीक्षित बड़े जी ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामकुमार मिश्र तापसी चक्रवर्ती रश्मि शुक्ला रिचा मिश्रा भानु भदोरिया प्रदीप त्रिपाठी सुरेश मिश्रा मोनू यादव अतुल गुप्ता अनूप चौधरी रजीत सिंह अनूप भदौरिया नीरजा मिश्रा अतुल शुक्ला मोना तिवारी आदित्य मल्होत्रा आदि प्रमुख लोग थे

क्रिसमस डे पर आयोजित कार्यक्रम में की गयी प्रार्थना

संवाददाता

सफीपुर ।लव ऑफ गॉड मिनिस्टरी सफीपुर के तत्वाधान में देव मैरिज लान में क्रिसमस का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें भारी संख्या मे लोगों ने भाग लिया। पादरी सहदेव प्रसाद के द्वारा प्रार्थना करके कार्यकम की शुरूआत की गई और उसके बाद नीरज विमल की अगुवाई में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें निम्न भजन श्शोर दुनिया में हो गया आज पैदा मसीह हो गया झूमों Sनाचो खुशी से आज, यीशु पैदा हुआ' आदि भजनों को गाकर भक्तगणों ने आनन्द लिया। उसके बाद यीशु के जन्म दिन पर छोटे बच्चों ने कार्यकम की प्रस्तुति दी और सजीव मंचन किया जिसमें सलोमी ने मरियम एवं राखी ने यूसुफ का रोल अदा किया उक्त आयोजन में सभी के लिए प्रार्थना की गई और देश की शांति के लिए भी प्रार्थना की गई और उपस्थिति लोगों के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया जिसका स्वाद भक्तगणों ने उठाया कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रईश खान पप्पू, सम्बोधित किया और कहा आज का दिन अपने आप मे ऐतिहासिक है । सबको भाईचारे से मिलकर एक दूसरे की खुशी में शामिल होना चाहिए! आशाराम सेठ स्कूल के प्रधानाचार्य अग्रिम सिंह, , देवगांव प्रधान शालिनी गौड़, समाजसेवी संदीप कुमार, जवाहर लाल, पत्रकार दुर्गेश कुमार, विशाल, हेमराज, अभिषेक, विमल किशोर, आशीष प्रदीप, रामू, रामलखन, संतोष आदि लोग उपस्थित रहे !!

ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी मे बीरा की टीम ने और वालीबाल में पाली की टीम ने बाजी मारी

संवाददाता

बबेरू/बांदा। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के द्वारा विकासखंड कमासिन में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं कैलाशपति इंटर कॉलेज बेर्राव में आयोजित की गई जिसमें कबड्डी में वीरा वॉलीबॉल में पाली की टीम ने जीत हासिल की। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल के द्वारा ग्रामीण खेल लीग के तहत विकासखंड कमासिन के कैलाशपति इंटर कॉलेज बेर्राव में आयोजित किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णावतार चतुर्वेदी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ,सतीश कुमार के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल कर खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी के द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों का परिचय कर खेल की शुरुआत की प्रतियोगिताएं सब जूनियर, जूनियर, तथा सीनियर वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के बीच आयोजित की गई जिसमें वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, गोला फेंक ,चक्का फेंक, लंबी कूद, कुश्ती, आदि की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमें ग्रामीण खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना दमखम का परिचय दिया प्रतियोगिता में 100 मीटर सीनियर में आदित्य प्रथम, जूनियर में मनोज कुमार प्रथम, सीनियर वर्ग बालिका में हेमलता प्रथम, जूनियर बालिका मनोरमा प्रथम, सब जूनियर बालिका खुशी प्रथम,कबड्डी में ग्राम पंचायत बीरा की टीम तथा वॉलीबॉल में ग्राम पंचायत पाली अब्बल रही। गोला फेंक में प्रशांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया लंबी कूद में अभिषेक चक्का फेंक में संत कुमार प्रथम बैडमिंटन में अभय सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही कुश्ती में कन्हैया सिंह ने बाजी मारी। कार्यक्रम के समापन पर ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र कुमार गर्ग एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक रक्षक दल अधिकारी के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को शील्ड व मेडल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम के दौरान व्यायाम शिक्षक विनय सिंह राजेंद्र यादव, जितेंद्र, आनंद सिंह गौतम, रामचंद्र, महेश यादव, राकेश कुमार, कमल यादव, अरविंद कुमार, के द्वारा सक्रिय योगदान दिया गया। वही कार्यक्रम का सफल संचालन उमानंद सिंह ने किया।

चोर से बरामद 25 लाख का सोना बेंचने में कानपुर के पूर्व थानाध्यक्ष समेत चार दोषी

संवाददाता

कानपुर। यहां एक साथी कर से बरामद किए गए 25 लाख के सोने को बेचने के मामले में पूरी की गई जांच में रेल बाजार के पूर्व थानाध्यक्ष विजय दर्शन शर्मा समेत चार लोग दोषी पाए गए हैं ,जिनके खिलाफ अब पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की ओर से कार्रवाई किए जाने की तैयारी है।

जानकारी के मुताबिक इस मामले में जांच कमेटी ने पूर्व एसओ विजय दर्शन शर्मा, अंडर ट्रेनिंग दरोगा रविंद्र श्रीवास्तव, एचसीपी आमिल हाफिज और कार चालक आकाश को दोषी माना है। जबकि हेड कांस्टेबल सुभाष तिवारी को क्लीन चिट दे दी है।

आरोप है कि चारों दोषी पुलिस कर्मी सर्राफ की दुकान पर गए थे। जहां से सोना गलाकर चोर को छोड़ा गया। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने रेलबाजार एसओ रहे विजय दर्शन शर्मा समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित करके जांच के आदेश दिए गए थे। जिसके खिलाफ हाई कोर्ट जाने पर दरोगा विजय दर्शन बहाल हो गए थे, जबकि अन्य पुलिस कर्मी अभी भी निलंबित चल रहे है। इस बहुचर्चित मामले की जांच एडीसीपी ईस्ट राजेश श्रीवास्तव ने की थी। जिसमें उन्होंने थाना अध्यक्ष विजय दर्शन शर्मा सहित और अंडर ट्रेनिंग दरोगा सहित चार लोगों को दोषी पाया है।

अवगत कराते चलें कि बर्रा-6 में रहने वाली शिक्षिका शालिनी दुबे के घर से 10 अक्टूबर को 30 लाख से ज्यादा की चोरी हुई थी। तत्कालीन रेलबाजार एसओ विजय दर्शन ने चोरों को अरेस्ट करके 25 लाख का सोना बरामद किया और हड़प लिया था। इसके बाद चोरों को भी छोड़ दिया था, लेकिन बर्रा पुलिस ने चोरों को अरेस्ट किया तब दरोगा विजय दर्शन शर्मा द्वारा किए गए सोना बेचने के खेल का खुलासा हो गया था।

महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई

संवाददाता

बांदा। महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की जयंती शुक्रवार को रामलीला मैदान अलीगंज में मनाई गई। मंत्री रामकेश निषाद ने महाराजा खेत सिंह की वीरता और उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। साथ ही खेत सिंह की नयी मूर्ति लगवाने का आश्वासन दिया।

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने खेतसिंह के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। कहा कि वे समाज, देश की आनबान के लिए मर मिटने का जज्बा रखते थे। मंच पर मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र सिंह खंगार व अखिल भारतीय खंगार समाज जन सेवा समिति दिल्ली राष्ट्रीय महामंत्री ग्राम चौसड़वाले वीर सिंह खंगार व जिला अध्यक्ष कृष्णा सिंह खंगार बलवंत सिंह के द्वारा माला पहनाकर भव्य एवं दिव्य स्वागत किया गया।

इसके पूर्व रामलीला मैदान से गाजे बाजे के साथ खेत सिंह जूदेव की शोभायात्रा निकाली गई।जो बाबूलाल चौराहा, महेश्वरी देवी मंदिर, राणा प्रताप चौक होते हुए गजानन माता मंदिर सर्वोदय नगर में समाप्त हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रपाल सिंह खंगार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खंगार समाज द्वारा शानदार निभाया।। इस मौके पर नरेनी विधायक ओम मणी वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष मालती बासु प्रतिनिधि अंकित बासु बड़ोखर ब्लाक प्रमुख सोनू सिंह, वीर सिंह खंगार, कृष्णकिशोर सिंह खंगार कृष्णा, जिलाध्यक्ष खंगार समाज,यशवंत सिंह खंगार,अरुण सिंह खंगार, चन्दपाल सिंह खंगार,अमरदीप सिंह,संतोष सिंह,ओम सिंह खंगार, ज्ञानप्रताप सिंह सभासद, लल्लू सिंह खंगार पन्हवान भोली सिंह ,दादू पहलवान आदि मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

उन्नाव विधान भवन घेराव कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव स्वर्गीय प्रभात पांडे पुलिस की बर्बरता का शिकार हुए जिस पर नाराज कांग्रेस कमेटी द्वारा उपरोक्त घटना की न्यायिक निष्पक्ष जांच सरकार द्वारा कराई जाए इस संदर्भ में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया गया विगत 18 दिसंबर 2024 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वाहन पर हुए विधान भवन घेराव कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव स्वर्गीय प्रभात पांडे जी पुलिस की बर्बरता का शिकार हुए। उन्नाव के कांग्रेसजन यह मांग करते हैं कि उपरोक्त घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच सरकार द्वारा कराई जाए। निष्पक्ष न्यायिक जांच करने की मांग को लेकर उन्नाव के समस्त कांग्रेस जन 26 दिसंबर को कांग्रेस कार्यालय उन्नाव से जिलाअधिकारी के कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया।

ज्ञापन देने वालों में कृष्णपाल सिंह यादव,आशीष त्रिपाठी,कमल तिवारी, दिनेश शुक्ला,शिवकरण सिंह, रामकिशोर पाल,सुभाष सिंह,आशुतोष शर्मा,युसूफ फारूकी,ओम पांडे,सुयश बाजपेई,तन्मय श्रीवास्तव,अशोक अवस्थी,राजपाल सिंह विकास बाजपेई,कौशल किशोर,रामसेवक चौरसिया,हरिप्रसादचंद्र,प्रकाश सिंह संतोष कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 28 दिसंबर, 2024

संक्षिप्त समाचार

इजराइली बमबारी में WHO चीफ ट्रेडोस बचे

सना/तेल अवीव। यमन की राजधानी सना में एयरपोर्ट पर गुरुवार को हुए इजराइली हमले में WHO चीफ ट्रेडोस एडेहनम बाल-बाल बचे। ट्रेडोस थोड़ी देर बाद एयरपोर्ट से रवाना होने वाले थे, तभी इजराइल की तरफ से ये हमला हुआ। हमले में विमान का एक क्रू घायल हुआ है। इसके अलावा अन्य दो लोगों की मौत हो गई है। ट्रेडोस ने X पर पोस्ट कर इस हमले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि जब हम प्लेन में सवार होने वाले थे, उसके 2 घंटे पहले एयरपोर्ट पर बमबारी हुई। हमले में रनवे को नुकसान पहुंचा है। ट्रेडोस और उनके साथियों को रनवे की मरम्मत होने तक इंतजार करना होगा।

उन्होंने हमले में मारे लोगों के प्रति दुख भी जताया। ट्रेडोस और उनकी टीम संयुक्त राष्ट्र की टीम के स्टाफ की रिहाई को लेकर बातचीत करने यमन पहुंची थी। इजराइल ने 25 विमानों से एयरस्ट्राइक की इजराइल डिफेंस फोर्स (IDF) ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए गुरुवार को एयरस्ट्राइक की थी। IDF ने दावा किया कि उसने इस एयरस्ट्राइक में हूतियों के सैन्य ठिकानों को टारगेट किया है। इसमें सना इंटरनेशनल एयरपोर्ट, हेजयाज और रस कानेतीब के पावर स्टेशन और अल हुदैदा, सलीफ और रस कानेतीब बंदरगाह शामिल हैं। एयरस्ट्राइक के लिए 25 विमानों का इस्तेमाल किया था। इनमें फाइटर जेट के अलावा, रिफ्यूलिंग प्लेन और जासूसी विमान भी शामिल थे। इन हमलों में 6 लोगों की मौत हुई है। दूसरी तरफ हूती विद्रोही भी लगातार इजराइल को निशाना बना रहे हैं। 16 दिसंबर से अब तक हूतियों ने इजराइल पर 5 बैलिस्टिक मिसाइलें और 5 ड्रोन हमले किए हैं। IDF के मुताबिक पिछले एक साल हूतियों ने इजराइल पर 200 से ज्यादा मिसाइलें और 170 ड्रोन दागे हैं।

दावा-रूस ने गलती से अजरबैजान के प्लेन पर हमला किया, रूस बोला- अटकलबाजी न करें

मॉस्को। रूस ने कजाकिस्तान में हुए प्लेन क्रैश को लेकर किसी तरह की अटकलें लगाने की निंदा की है। दरअसल प्लेन क्रैश को लेकर आशंका जताई जा रही है कि रूस इसमें शामिल था। कजाकिस्तान के अक्ताऊ में 25 दिसंबर को करीब 12:30 बजे अजरबैजान का एक प्लेन एम्ब्रेयर 190 क्रैश हो गया था। इस हादसे में 38 लोगों की मौत हुई थी। क्रैश होने के बाद शुरुआती जांच में यह बताया गया था कि प्लेन पक्षियों के झुंड के टकराने से क्रैश हुआ था।

हालांकि बाद में बताया गया कि हादसा ऑक्सीजन टैंक में हुए ब्लास्ट की वजह से हुआ था। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे भी दावे किए गए हैं कि रूस की तरफ विमान पर हमला हुआ जिसकी वजह से वह क्रैश हो गया। फिलहाल कजाकिस्तान के अधिकारियों ने फ्लाइट का डेटा रिकॉर्डर बरामद कर लिया है और वे क्रैश होने की वजह तलाश रहे हैं। इस बीच क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने गुरुवार को कहा कि जब तक प्लेन क्रैश होने की पूरी जांच नहीं हो जाती, तब तक अटकलबाजी से दूर रहना चाहिए। न हम ऐसा करते हैं और न ही किसी और को ऐसा करना चाहिए।

चेन्नई रेप केस- पुलिस ने पीड़ित की पहचान उजागर की, कहा- तकनीकी गड़बड़ी से FIR लीक हुई

चेन्नई। चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सेकेंड ईयर स्टूडेंट के साथ 23 दिसंबर को रेप हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन पीड़ित की पहचान सार्वजनिक कर दी है।

चेन्नई के पुलिस कमिश्नर ए अरुण ने गुरुवार को बताया कि FIR के IPC से BNS में बदलने के दौरान ऑटोमेटिक लॉकिंग प्रोसेस लेट हुई। FIR लॉक नहीं हो पाई तो तकनीकी गड़बड़ी के कारण लीक हो गई। इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जल्द ही केस दर्ज करेंगे। उधर, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने शुक्रवार सुबह राज्य सरकार के खिलाफ प्रोटेस्ट किया। प्रदर्शन के लिए उन्होंने खुद को 6 बार कोड़े मारे। उन्होंने कहा कि आरोपी DMK का नेता है। उसे बचाया जा रहा है। उन्होंने कोयंबटूर में कहा- जब तक DMK सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, मैं कोई फुटवियर नहीं पहनूंगा। उन्होंने भगवान मुरुगन के सभी 6 धामों में जाने के 48 दिनों के उपवास की भी घोषणा की। रेप की घटना हाई सिक्योरिटी जोन में हुई 23 दिसंबर की रात 8 बजे अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सेकेंड ईयर स्टूडेंट के साथ रेप हुआ था। यूनिवर्सिटी कैंपस के पास ही राजभवन और IIT मद्रास है, जो हाई-सिक्योरिटी जोन में आता है। पुलिस ने कैंपस में लगे CCTV फुटेज की जांच की और आरोपी ज्ञानशेखरन को गिरफ्तार कर लिया। वह यूनिवर्सिटी के पास ही बिरयानी की दुकान लगाता है।

हिमाचल में नेशनल हाईवे पर 1 फीट बर्फ, जम्मू-कश्मीर में तालाब जमा, बच्चों ने इसी पर क्रिकेट खेला

नई दिल्ली/जयपुर/भोपाल/रायपुर। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण कई सड़कें बंद हैं। हिमाचल में 2 हाइवे समेत 24 सड़कों पर लगातार तीसरे दिन बसों की आवाजाही बंद है। नेशनल हाइवे 305 पर भी करीब 1 फुट बर्फ है। प्रशासन बर्फ हटाने की कोशिश में जुटा हुआ है। उत्तराखंड में भी जोशीमठ और पिथौरागढ़ में बर्फबारी के कारण नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे बंद है।

देहरादून में भी ल्यूनी-चक्राता-मसूरी नेशनल हाईवे के 30 किलोमीटर स्ट्रेच का हाईवे बर्फबारी के कारण बंद है। मौसम विभाग ने कहा है कि यहां अगले 2-3 दिन बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। दिल्ली में शुक्रवार सुबह तेज बारिश हुई। इसके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। यहां 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इससे इन राज्यों के तापमान में भी गिरावट होगी। उधर, जम्मू-कश्मीर में पड़ रही कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के चलते तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चल रहा है। इसका नजारा जम्मू-कश्मीर के सोपोर में दिखाई दिया। हरितारा इलाके में बना एक तालाब पूरी तरह जम गया। बच्चों ने इस जमे हुए तालाब पर ही क्रिकेट खेला।

हिमाचल में बर्फबारी देखने टूरिस्टों की भीड़ पहुंची, 48 घंटे में 80 हजार गाड़ियों में 3 लाख टूरिस्ट आ चुके

शिमला। हिमाचल में बर्फबारी देखने के लिए टूरिस्टों की भीड़ पहुंचने लगी है। हालात यह हैं कि 24 से 26 दिसंबर यानी महज 48 घंटे में प्रदेश में 81 हजार गाड़ियों में 3 लाख टूरिस्ट हिमाचल पहुंच चुके हैं। ज्यादा टूरिस्ट शिमला पहुंचे हैं। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक यहां 65 हजार गाड़ियों में पौने 2 लाख टूरिस्ट आ चुके हैं। दूसरे नंबर पर कुल्लू जिला है। जहां पिछले 2 दिन में 16 हजार गाड़ियों में करीब सवा लाख टूरिस्ट पहुंच चुके हैं। जो कुल्लू और मनाली के अलावा आसपास के पर्यटन स्थलों पर भी पहुंच रहे हैं। एक तरफ नारकंडा, महासू पीक, कुफरी में टूरिस्ट पैरा ग्लाइडिंग, स्नो-बाइक राइडिंग, स्कीइंग, घुड़सवारी, यॉक की सवारी कर रहे हैं तो दूसरी तरफ शिमला के महासू पीक से दूरबीन के जरिए हिमाचल से लगते चीन बॉर्डर और सामने बर्फ से ढकी हिमालय रेंज को देख रहे हैं। मौसम विभाग ने 28 दिसंबर तक हैवी-स्नोफॉल का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसे देखते हुए पुलिस ने टूरिस्टों को ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।

कांग्रेस 26 जनवरी से संविधान बचाओ पद यात्रा निकालेगी

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में ऐलान, मनमोहन सिंह के निधन के चलते अधिवेशन रद्द

एजेंसी, बेंगलुरु

कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक हुई जिसमें 26 जनवरी 2025 से 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' शुरू करने का फैसला लिया गया। बैठक के पहले दिन मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने स्पीच दी। सोनिया गांधी अधिवेशन में शामिल नहीं हुईं, लेकिन उन्होंने पत्र के जरिए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक के बाद पार्टी नेता जयराम रमेश ने बताया, 'हमारा मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने कांग्रेस को संजीवनी दी थी। इससे कांग्रेस की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया था। हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी निकाली। अब 26 जनवरी से हम एक साल तक चलने वाली 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' शुरू करेंगे।' कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा, 'कांग्रेस दिसंबर 2024 से जनवरी 2026 तक लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाएगी और जय बापू, जय भीम, जय संविधान, राजनीतिक अभियान शुरू करेगी। हालांकि, दो दिन का अधिवेशन पहले दिन ही रद्द कर दिया गया है। बुधवार शाम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के चलते सभी दिग्गज नेता दिल्ली रवाना हो गए हैं।

राहुल बोले- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कुछ तो गड़बड़ है: राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाए हैं। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, राहुल ने कहा- 'महाराष्ट्र की 118 सीटों पर 72 लाख मतदाता 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े गए, जिनमें से 102 पर भाजपा ने जीत दर्ज की। इससे साफ है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है।' अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- भाजपा सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करना चाहती है। हम लड़ाई लड़ते रहेंगे। चुनावी प्रक्रिया में लोगों का विश्वास धीरे-धीरे कम हो रहा है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। यह सरकार चुनाव नियमों में बदलाव करके क्या छिपाने की कोशिश कर रही है, जिसे साझा करने का आदेश अदालत ने दिया है। कभी वोटर्स का नाम सूची से काटा जाता है, कभी उनको वोट डालने से रोका जाता है, कभी वोटर लिस्ट में अचानक वोटर्स बढ़ जाते हैं, कभी वोट डालने के लास्ट टाइम में वोट पर्सेंट अप्रत्याशित तरीके से बढ़ जाता है।

ये कुछ सवाल हैं, जिनका संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि देश की सत्ता में बैठे लोगों से महात्मा गांधी की विरासत को खतरा है। महात्मा गांधी वह व्यक्ति थे, जिन्होंने उस समय के सभी बड़े नेताओं को तैयार किया और उनका मार्गदर्शन किया। इन संगठनों ने कभी भी हमारी आजादी के लिए लड़ाई नहीं लड़ी।

अनशन कर रहे डल्लेवाल कल सुप्रीम कोर्ट से ऑनलाइन जुड़ेंगे

एजेंसी, चंडीगढ़

♦ कोर्ट ने कहा- उनकी जिंदगी हमारी प्राथमिकता, मेडिकल सहायता पर कल रिपोर्ट दे पंजाब सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने 32 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की सेहत को लेकर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि डल्लेवाल को दी जा रही मेडिकल मदद जारी रहे। ऐसा लग रहा है कि पंजाब सरकार ऐसा नहीं कर रही है। कल पंजाब सरकार रिपोर्ट पेश करें। अदालत पंजाब के चीफ सेक्रेटरी के खिलाफ कंटेप्ट पिटीशन पर सुनवाई कर रही है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने कहा- अगर वहां लॉ इंड ऑर्डर की स्थिति है तो इसे सख्ती से निपटना चाहिए। किसी की जिंदगी दांव पर है, पंजाब सरकार को इसे गंभीरता से लेना होगा।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम कल सुनवाई के दौरान जगजीत डल्लेवाल से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करेंगे। उसके बाद कोई आदेश देंगे। कोर्ट की पहली प्राथमिकता उनकी जिंदगी है। डल्लेवाल फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की गारंटी के कानून की मांग कर रहे हैं।

32 दिन से अनशन पर डल्लेवाल, पानी भी छोड़ा: 70 साल के किसान नेता जगजीत डल्लेवाल 32 दिन से आमरण अनशन पर हैं। उन्होंने पहले अन्न खाना छोड़ दिया था, अब वे पानी भी नहीं पी रहे। पानी पीने से उन्हें उल्टियां हो रही हैं। उनके साथी किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि उनका ब्लड प्रेशर 88/59 हो चुका है। 60 साल से ज्यादा उम्र के पुरुष का सामान्य ब्लड प्रेशर 133/69 सही माना जाता है। डल्लेवाल की इम्यूनिटी भी काफी कमजोर हो चुकी है। मगर वह डॉक्टरी इलाज लेने से इनकार कर चुके हैं।

मुंबई हमले के मास्टरमाइंड मक्की की पाकिस्तान में मौत

एजेंसी, लाहौर

मुंबई हमले के मास्टरमाइंड आतंकी अब्दुल रहमान मक्की की आज दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। मक्की पिछले कुछ दिनों से बीमार था। हाई शुगर की वजह से लाहौर के एक प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। अब्दुल मक्की आतंकी हाफिज सईद का रिश्तेदार और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का डिप्टी चीफ भी था। उसे 2020 में आतंकी फंडिग के लिए एक अदालत ने 6 महीने की सजा भी सुनाई थी। सजा के बाद उसने खुद को लो प्रोफाइल कर लिया था। 2023 में संयुक्त राष्ट्र ने उसे ग्लोबल आतंकी घोषित किया था।

कौन है अब्दुल रहमान मक्की?: अब्दुल रहमान मक्की को हाफिज अब्दुल रहमान मक्की के नाम से भी जाता है। उसका जन्म 1954 में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में हुआ था। मक्की लंबे समय से हाफिज सईद का करीबी रहा है। उसने लश्कर और जमात-उद-दावा में कई अहम पदों को संभाला है। मक्की पॉलिटिकल चीफ और लश्कर के लिए फंड जुटाने जैसे काम भी संभालता था। वो लश्कर की गवर्निंग बॉडी शूरा का मेंबर भी था। मक्की को 2000 में लाल किले और 2008 में मुंबई के ताज होटल पर आतंकी हमले के लिए भारतीय एजेंसियों ने उसे आरोपी माना था। अमेरिकी वित्त विभाग ने 2010 में उसे स्पेशल डेजिग्नेटेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल किया था।

आतिशी बोलीं-अजय माकन पर 24 घंटे में कार्रवाई करे कांग्रेस

वरना I.N.D.I.A गठबंधन से बाहर करने की मांग करेंगे, ये केजरीवाल को एंटी-नेशनल कहते हैं

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (AAP) और कांग्रेस के बीच बयानों को लेकर टकराव शुरू हो गया है। दिल्ली की CM आतिशी और सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को कहा, 'कांग्रेस नेता अजय माकन हमारे नेता अरविंद केजरीवाल को एंटी-नेशनल कहते हैं। क्या उन्होंने भाजपा के किसी नेता के खिलाफ ऐसा आरोप लगाया।' आतिशी ने कहा, 'हम कांग्रेस पार्टी से मांग करते हैं कि वह माकन के खिलाफ 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करें। वर्ना हम I.N.D.I.A ब्लॉक से कांग्रेस पार्टी को अलग करने के लिए अन्य विपक्षी दलों से बात करेंगे।' संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस पार्टी भाजपा के पक्ष में खड़ी हो गई है। कांग्रेस हर वो काम कर रही है, जिससे भाजपा को चुनाव में फायदा हो। दिल्ली के अंदर कांग्रेस के नेता हैं अजय माकन। वो भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ते हैं। वो भाजपा के कहने पर आम आदमी पार्टी के नेताओं को टारगेट करते हैं।'

माकन ने केजरीवाल को फर्जीवाल कहा था: कांग्रेस नेता अजय माकन ने 25 दिसंबर को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को देश का फ्रॉड किंग यानी सबसे बड़ा धोखेबाज बताया। माकन ने कहा कि अगर केजरीवाल को एक शब्द में परिभाषित करना हो, तो वो शब्द 'फर्जीवाल' होगा। माकन ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए AAP के साथ गठबंधन में आना कांग्रेस की भूल थी, जिसे अब सुधारा जाना चाहिए। केजरीवाल जैसे व्यक्ति पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उनकी कोई विचारधारा और कोई सोच नहीं है। वे अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। केजरीवाल समान नागरिक संहिता, अनुच्छेद 370 और नागरिकता कानून पर भाजपा के साथ खड़े रहे। केजरीवाल एंटी नेशनल हैं। हालांकि माकन ने यह भी साफ किया कि यह उनकी निजी राय है। माकन ने कांग्रेस की तरफ से AAP और भाजपा के खिलाफ 12 पॉइंट का व्हाइट पेपर रिलीज करने के दौरान ये बातें कहीं।

मणिपुर के दो जिलों में गोलीबारी, लोग बोले- मोर्टार दागे

एजेंसी, इंफाल

♦ कुकी-मैतेई के बीच फिर से हिंसा शुरू, CM ने कहा था- दोनों आपसी समझ बनाएं

मणिपुर के इंफाल पूर्व और कांगपोकली जिलों में गोलीबारी हो रही है। लोगों के मुताबिक मोर्टर भी दागे जा रहे हैं। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच एक बार फिर हिंसा शुरू हुई है। दोनों जिलों के कई इलाकों में 24 दिसंबर से जारी गोलीबारी की घटना ने शुक्रवार को बड़ा रूप लिया। इन जिलों के यिंगांगपोकपी, थमनापोकपी, थंबापोकपी, सबुंगखोक खुनौ, शांति खोंगबल सहित दूसरे इलाकों में दहशत है। यिंगंगपोकपी में ग्रामीणों ने अधिकारियों से उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग की है। गोलीबारी की घटनाओं में फिलहाल किसी की मौत की खबर नहीं है। राज्य के CM एन बीरेन सिंह ने गुरुवार को कहा था- उन्होंने सुरक्षा सलाहकार और मणिपुर के डीजीपी को इंफाल पूर्वी जिले में सिक्योरिटी और मजबूत करने का निर्देश दिया है। सुरक्षाबल उग्रवादियों की गोलीबारी का जवाब दे रहे हैं। 25 दिसंबर को सीएम ने कहा था कि मणिपुर को तत्काल शांति की जरूरत है। दोनों समुदायों (कुकी-मैतेई) आपसी समझ बनाएं। हम किसी खास समुदाय के खिलाफ नहीं हैं।

सीएम ने कहा था:- कुकी-मैतेई आपसी समझ बनाएं: मणिपुर के सीएम बिरेन सिंह ने 25 दिसंबर को कहा था- मणिपुर को तत्काल शांति की जरूरत है। दोनों समुदायों (कुकी-मैतेई) आपसी समझ बनाएं। बीजेपी ही मणिपुर को बचा सकती है, क्योंकि वो 'एक साथ रहने' के विचार में विश्वास करती है। उन्होंने कहा था कि आज मणिपुर में जो कुछ हो रहा है उसके कई कारण हैं। आज जो लोग राज्य को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वे पूछ रहे हैं कि सरकार क्या कर रही है। लोग सत्ता के भूखे हैं। हम किसी खास समुदाय के खिलाफ नहीं हैं। भाजपा का रुख स्पष्ट है। हमने पुलिस और लोगों के बीच संबंध बनाने शुरू कर दिए हैं। हमने कोई गलत काम नहीं किया सीएम ने कहा- हमने कभी कोई गलत काम नहीं किया। हम केवल आने वाली पीढ़ियों को बचाना चाहते हैं। दोनों समुदायों को शांत रहने की जरूरत है। अतीत को देखने के बजाय हमें NRC प्रक्रिया पर ध्यान देने की जरूरत है। हम लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से अपना काम जारी रखेंगे।

मणिपुर में जारी है जम्मू-कश्मीर जैसा ऑपरेशन 'क्लीन': जम्मू-कश्मीर की तरह मणिपुर में सुरक्षाबल ऑपरेशन क्लीन चला रहे हैं। इसी ऑपरेशन का असर है कि 30 दिन में न केवल हथियार-गोला बारूद की कोई बड़ी खेप जब्त हुई है, बल्कि उग्रवादी संगठनों के 20 से अधिक कैडरों को भी दबोचा गया है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भास्कर को बताया था कि हमारा फोकस उग्रवाद वाले बफर इलाकों में सबकुछ न्यूट्रल करने पर है। इनमें वे इलाके भी शामिल हैं, जहां बीते डेढ़ साल में किसी की जाने की हिम्मत नहीं हुई। वहीं, पूरे राज्य में सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेज की 288 कंपनियों में करीब 40 हजार जवान तैनात हैं।

छुट्टियां मनाने हिमाचल पहुंचे राज ठाकरे

एजेंसी, मंडी

मनाली के बाद शिमला हुए रवाना, मंडी में परिवार के साथ बिताया समय

महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे शुक्रवार को मंडी पहुंचे। वह इन दिनों परिवार संग हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में छुट्टियां मना रहे हैं। कुल्लू मनाली में बर्फ का दीदार करने के बाद वापसी के दौरान राज ठाकरे का काफिला मंडी पहुंचा तो वह होटल राजमहल में आ पहुंचे, जहां उन्होंने थोड़ा समय व्यतीत किया। मंडी पहुंचते ही जैसे ही उनके चाहने वालों को पता चला तो वह फ़ोटो खिंचवाने के लिए वहां पहुंच गए। राज ठाकरे ने मंडी पहुँचते ही पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस दौरान करीब 1 घंटा वह मंडी रुके और उसके बाद वह रवाना हुए।इस दौरान जब उनसे हिमाचल आने के बारे में पूछा तो उन्होंने कैमरे के सामने से बताने से इनकार कर दिया। राज ठाकरे ने कहा कि वह परिवार संग हिमाचल में छुट्टियां मनाने आए हैं। एक घंटा मंडी में रुकने के बाद उनका काफिला आगे निकल गया। बताया जा रहा है कि 2 दिन मनाली रुकने के बाद अब उनका शिमला जाने का कार्यक्रम है।

RTO के करोड़पति कॉन्स्टेबल के ठिकानों पर ईडी की रेड

एजेंसी, भोपाल/ग्वालियर/जबलपुर

आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर स्थित ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई चल रही है। ईडी की अलग-अलग टीमों ने शुक्रवार सुबह एक साथ तीनों शहरों में छापे मारे। सूत्रों के मुताबिक, रेड में कई अहम दस्तावेज मिले हैं। ईडी की टीम सुबह करीब 5 बजे भोपाल में अरेरा कॉलोनी ई-7 स्थित मकान नंबर 78 और 657 समेत 1100 क्वार्टर स्थित जयपुरिया स्कूल के दफ्तर पहुंची। फिलहाल, अधिकारी दीवारों और फर्श की मेटल डिटेक्टर और अन्य आधुनिक उपकरणों के साथ जांच कर रहे हैं। अफसरों को आशंका है कि जिस तरह लोकायुक्त के छापे के दौरान सौरभ के घर में टाइल्स के नीचे ढाई किलो चांदी मिली थी, उसी तरह इन ठिकानों पर और भी सोना और चांदी छिपाकर रखा गया है।

ग्वालियर एसपी बोले- किसकी रेड, नहीं पता: ग्वालियर के बहोड़ापुर स्थित सौरभ शर्मा की कोठी पर सुबह 5 बजे ही पुलिस फोर्स के साथ ईडी ने दबिश दी। फिलहाल, घर के बाहर फोर्स तैनात है, अंदर अफसर सर्चिंग कर रहे हैं। हालांकि, ग्वालियर एसपी धर्मवीर सिंह का कहना है कि रेड किसकी है, यह अभी उनको भी नहीं पता है। किसी भी जांच एजेंसी ने ग्वालियर पुलिस से संपर्क नहीं किया है।

आर्यों ने द्रविड़ों को खदेड़ा, यह अंग्रेजों का झूठः भागवत

एजेंसी, नागपुर



RSS चीफ मोहन भागवत ने गुरुवार को नागपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि अंग्रेजों ने सच को छिपाया और हमारे दिमाग में कई झूठ भरे। उन्होंने कहा था कि भारत में जो लोग दिखते हैं, वे बाहर से आए हैं। अंग्रेजों ने झूठ फैलाया था कि बाहर से आए लोगों को द्रविढ़ों ने जंगल में खदेड़ा। फिर आर्य लोग आए, जिन्होंने द्रविड़ों से लड़ाई की और द्रविड़ों को पीछे की ओर खदेड़ दिया। यह अंग्रेजों का फैलाया हुआ झूठ है। भागवत सोमलवार एजुकेशन सोसाइटी के 70वें स्थापना दिवस के मौके पर 21वीं सदी में शिक्षकों की भूमिका पर भाषण दे रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा- अंग्रेज कहते हैं कि कोई बाहर से आया, यहां के लोगों को मारा-पीटा और खुद राजा बन गया। उनके मुताबिक, राज करना इस देश के लोगों के खून में नहीं है। भागवत ने कहा कि अंग्रेज ऐसे थे, जैसे कोई धर्मशाला में रहने आए हो। इस थ्योरी को पूरी दुनिया ने नकार दिया है। अब इस पर कोई यकीन नहीं करता है, लेकिन हमारे देश के लोगों से यह बात निकल नहीं रही है।

1857 में ब्रिटिश शासकों को एहसास हुआ कि जातियों, संप्रदायों, भाषाओं, भौगोलिक असमानताओं को लेकर आपस में लड़ाने के बावजूद भारत के लोग तब तक एकजुट रहेंगे जब तक कि वे विदेशी आक्रमणकारियों को देश से बाहर नहीं निकाल देते। RSS प्रमुख ने कहा कि ब्रिटिश शासकों ने कुछ ऐसा करने का फैसला लिया, जिससे भारतीयों की एकजुट रहने की विशेषता खत्म हो जाए और यह सुनिश्चित हो जाए कि ब्रिटिश शासन हमेशा के लिए बना रहे। उनका उद्देश्य भारतीयों के मन से भारत के इतिहास, पूर्वजों और गौरवपूर्ण विरासत को भुला देना था। इसी उद्देश्य के लिए अंग्रेजों ने फैक्ट्स बदलकर हमारे दिमाग में कई झूठ डाल दिए। 21वीं सदी में AI के युग में भी शिक्षक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। वर्तमान पीढ़ी टेक्नोलॉजी के कारण बहुत सारे ज्ञान से अवगत है, लेकिन शिक्षक जीवन बदल सकते हैं। देखने और अवलोकन का मतलब सीखना है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों में जीवन बदलने की शक्ति है। टेक्नोलॉजी आती है और जाती है।

बुद्धि के आर्टिफिशियल होने के साथ, शिक्षकों और शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। गांधी कहते थे कि नैतिकता के बिना विज्ञान पाप है। टेक्नोलॉजी की प्रगति से मनुष्यों को तेजी से सटीक काम करने में मदद मिलेगी, लेकिन इसका प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाना चाहिए। कभी-कभी ज्ञान की आड़ में झूठ फैलाया जाता है और इतिहास की आड़ में फैक्ट्स को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है। हमें हमेशा ज्ञान की पड़ताल करनी पड़ती है और फिर उसे आत्मसात करना पड़ता है। किताबों की भूमिका लगभग खत्म हो गई है। गूगल के पास पूरी दुनिया का ज्ञान है। ज्ञान का उपयोग कैसे करना है यह जानने के लिए विवेक की आवश्यकता है। 21वीं सदी में शिक्षकों की यही भूमिका होगी। शिक्षा का उद्देश्य इंसान बनाना है। खजूर का पेड़ बहुत लंबा होता है लेकिन अगर यह छाया नहीं देता तो इसका क्या फायदा। बड़ा व्यक्ति वह है जो दूसरों के लिए उपयोगी हो।

मेलबर्न टेस्ट दूसरा दिन : यशस्वी की शानदार पारी के बाद लड़खड़ाई भारत की पारी, 164 रन पर खोए 5 विकेट

एजेंसी, मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां चल रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ने अपनी पहली पारी में 164 रन पर 5 विकेट खो दिये हैं। दिन का खेल समाप्त होने पर ऋषभ पंत 6 और रवींद्र जडेजा 4 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया से अभी भी 310 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। भारत की पहली पारी की शुरुआत खराब रही और कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकार बने। रोहित इस मैच में यशस्वी जयसवाल के साथ पारी की शुरुआत करने उतरे थे।

रोहित के आउट होने के बाद केएल राहुल और जयसवाल ने भारत की पारी को 50 के पहुंचाया। हालांकि चायकाल से ठीक पहले 51 के कुल स्कोर पर राहुल पैट कमिंस का दूसरा शिकार बने। राहुल ने 24 रन बनाए। राहुल के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे विराट कोहली ने संभलकर खेलना शुरू किया और यशस्वी जयसवाल के साथ मिलकर भारत का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। हालांकि 153 के कुल स्कोर पर जयसवाल दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए। जयसवाल ने 118 गेंदों पर 11 चौके और 1 छक्के की बदौलत 82 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। आउट होने से पहले उन्होंने विराट के साथ 102 रनों की साझेदारी की। जयसवाल के आउट होने के बाद कोहली भी चलते बने। कोहली को बौलैंड ने अपना शिकार बनाया। कोहली ने 36 रन बनाए। नाइटवाच मैन केरूप में उतरे आकाशदीप भी कुछ खास नहीं कर सके और 159 के कुल स्कोर पर बिना खाता खोले बोलैंड का दूसरा शिकार बने। इसके बाद जडेजा और पंत ने दिन का खेल खत्म होने तक कोई और नुकसान नहीं होने दिया। जडेजा 4 और पंत 6 रन बनाकर नाबाद हैं। इसके पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। स्मिथ के अलावा उस्मान ख्वाजा ने 57, मार्नस लाबुशेन ने 72 और सैम कोंस्टास ने 60 रन बनाए। इन चारों के अलावा पैट कमिंस (49) और एलेक्स कैरी (31) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4, रवींद्र जडेजा ने 3, आकाशदीप ने 2 और वाशिंगटन सुंदर ने 1 विकेट लिया।

पोटिंग सहित कई पूर्व दिग्गजों ने रोहित के शॉट चयन पर सवाल उठाये

एजेंसी, मेलबर्न

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी सीरीज के चौथे क्रिकेट टेस्ट की पहली पारी में भी असफल रहे और केवल तीन रन ही बना पाये। इसी को लेकर कई दिग्गज क्रिकेटरों ने रोहित के शॉट चयन पर सवाल उठाये हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि जिस प्रकार पैट कमिंस की एक अच्छी गेंद को भारतीय कप्तान ने खेला वह निराशाजनक था। पोंटिंग के अनुसानर मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप का सामना करते समय आपको हमेशा तैयार रहने के साथ ही सही फैसले लेने चाहिए।

रोहित इस सीरीज में पहली बार पारी की शुरुआत करने उतरे थे पर वह उसमें विफल रहे। इससे पहले दूसरे और तीसरे टेस्ट में वह मध्यक्रम पर उतरे थे लेकिन वहां भी वह रन नहीं बना पाये। इस बार रोहित ने पारी की शुरुआत करते हुए कमिंस की गेंद पर एक पुल शॉट खेला पर गेंद ठीक से बल्ले पर नहीं आयी और वह कैच हो गये। इस शॉट की आलोचना करते हुए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि ये एक बेमन से लगाया शॉट था जिसके लिए रोहित ने ठीक से प्रयास नहीं किया। उन्होंने अपनी जगह पर खड़े-खड़े खेलने का प्रयास किया।

इस प्रकार के शॉ को प्रतिबद्ध होकर लगाया नहीं कहा जा सकता है। वह आक्रामक भी नहीं लग रहे थे। वह बस गेंद को किसी प्रकार दिशा देने का प्रयास करते हुए दिखे। अगर आप इस तरस से ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का सामना करते हैं तो आपको सावधान रहना होगा और अच्छे निर्णय लेने होंगे। वहीं अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो वे हर बार अपना विकेट गंवा देंगे।

इसी प्रकार के विचार ऑस्ट्रेलिया के ही पूर्व क्रिकेटर डेरेन लेहमैन ने व्यक्त किये हैं। उन्होंने कहा, अगर हिट करने जा रहे हैं तो उसे हिट करें रोहित। आप एक क्लास खिलाड़ी हैं, आपको वास्तव में इसे स्वीकार करना चाहिए। आउटफील्ड में बहुत जगह है, इसे स्वीकार करें और शॉट खेलें। इसके अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी रोहित के आलसी रवैये की आलोचना की। उन्होंने कहा, यह वास्तव में एक बड़ी गलती है, यह एक बेकार शॉट था। वह पारी की शुरुआत में ही गति और उछाल जाने बिना ही गेंद को हिट करने का प्रयास करता है जो सही नहीं है।

नये साल में भारत आयेंगे लियोनेल मेसी

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी नये साल भारत में खेलने आ सकते हैं मेसी के भारत में भी काफी प्रशंसक हैं। ऐसे में भारतीय प्रशंसकों के पास अवसर होगा कि वह मेसी को देख सकें। मेसी सहित अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए केरल आयेगी। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने पिछले माह कहा था कि इस मैच की मेजबानी के लिए राज्य तैयारियों में लगा है। उन्होंने केरल की क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मैच राज्य सरकार की पूरी निगरानी में आयोजित किया जाएगा। मेसी ने अंतिम बार 2011 में भारत में खेला था उस समय अर्जेंटीना ने वेनेजुएला के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। यह मैच गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

हाल ही में मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी में मेसी के शामिल होने से उत्तरी अमेरिका में उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई है, जिससे भारत में भी उनके प्रशंसक आकर्षित हुए हैं, जो अक्सर उनके मैच देखने के लिए देर रात तक जागते रहते हैं। वैश्विक फुटबॉल आइकन के रूप में उनकी स्थिति ने पूरे क्षेत्र में कई प्रशंसक क्लबों और समारोहों का गठन किया है, जहाँ उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया जाता है।

भारतीम महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को तीसरे वनडे में 5 विकेट से हराया, तीन मैचों की श्रृंखला में किया क्लीन स्विप

एजेंसी, वडोदरा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे वनडे मैच में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। वेस्टइंडीज की इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.5 ओवर में 162 रन पर सिमट गई, जवाब में भारतीय टीम ने 28.2 ओवर में 5 विकेट पर 167 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। भारत ने पहला वनडे मैच 211 रन और दूसरा 115 रन से जीता था। 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और केवल 23 रनों के स्कोर पर स्मृति मंधाना (04) और हरलीन देओल (01) पवेलियन लौट गईं। 55 के कुल स्कोर पर प्रतीका रावल (18) को हेली मैथ्यूज ने पवेलियन भेज भारत को तीसरा झटका दिया। 73 के कुल स्कोर पर कप्तान हरमनप्रीत कौर को एफी फ्लेचर ने बोल्ड कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं। हरमनप्रीत ने 22 गेंदों पर 7 चौकों की बदौलत 32 रन बनाए। यहां से जेमिमा रौड्रिग्स और दीप्ति शर्मा ने पांचवें विकेट के लिए 56 रनों की साझेदारी कर भारत स्कोर 129 तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर करिश्मा रामहरक ने जेमिमा को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। जेमिमा ने 29 रन बनाए। इसके बाद दीप्ति और रिचा घोष ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और भारत को 28.2 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाकर जीत दिला दी। रिचा ने छक्का लगाकर मैच का समापन किया। दीप्ति 48 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्के की बदौलत 39 और रिचा 11 गेंदों पर 1 चौके और 3 छक्के की बदौलत 23 रन बनाकर नाबाद रहीं। दीप्ति शर्मा (6 विकेट और 39 रन) को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और रेणुका सिंह ठाकुर को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। इससे पहले दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को 38.5 ओवर में केवल 162 रनों पर समेट दिया। दीप्ति ने 6 और रेणुका ने 4 विकेट लिए।

आईडीसीए ने टी20 त्रिकोणीय और एकदिवसीय बधिर क्रिकेट श्रृंखला के लिए घोषित की भारतीय टीम

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने आगामी अंतरराष्ट्रीय टी20 और वनडे बधिर क्रिकेट श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम इंडिया की घोषणा की है। भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला 2 मार्च से 8 मार्च, 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। त्रिकोणीय श्रृंखला के बाद, भारतीय बधिर क्रिकेट टीम 10 मार्च से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगी। भारतीय बधिर टीम का चयन अखिल भारतीय पुरुष चयन समिति ने किया। टीम का नेतृत्व वीरेंद्र सिंह करेंगे, जबकि साई आकाश उप-कप्तान होंगे। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम मुख्य कोच देव दत्त और सहायक कोच सुशील गुप्ता के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में व्यापक प्रशिक्षण और अभ्यास सत्रों से गुजरेगी। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, "भारतीय टीम बेहद आशाजनक लग रही है। मुझे उम्मीद है कि बधिर क्रिकेट टीम के हमारे खिलाड़ी दोनों टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने के लिए शानदार प्रदर्शन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला और एकदिवसीय श्रृंखला भारतीय बधिर क्रिकेट टीम के लिए लगातार अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को दिखाने का एक बड़ा मंच होगा। यह खिलाड़ियों के लिए टीम को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के रूप में स्थापित करने का एक अवसर भी होगा।" भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) बधिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (डीआईसीसी) का सदस्य है। डीआईसीसी दुनिया भर में श्रवण बाधित एथलीटों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ मिलकर काम करता है। आईडीसीए की सीईओ रोमा बलवानी ने कहा, "आईसीडीए हमेशा से हमारे श्रवण बाधित खिलाड़ियों की विशेष एथलेटिक प्रतिभा को बढ़ावा देने और उसकी सराहना करने के लिए इस तरह की श्रृंखलाओं के आयोजन और मेजबानी के लिए समर्पित रहा है।

एशियाई युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2024 : भारत ने जीते 33 पदक

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय टीम ने दोहा में 2024 एशियाई युवा (लड़के और लड़कियों) भारोत्तोलन चैंपियनशिप का समापन +87 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर शानदार तरीके से किया। मैबाम मार्टिना देवी ने +87 किलोग्राम भार वर्ग में समापन दिवस पर एक कांस्य और दो रजत पदक जीते।

40 किलोग्राम भार वर्ग में 135 किलोग्राम भार उठाकर नया एशियाई युवा रिकॉर्ड बनाने वाली ज्योशना सबर को 1000 रॉबी अंकों के साथ युवा लड़कियों के वर्ग में सर्वश्रेष्ठ भारोत्तोलक चुना गया। इस आयोजन के दौरान जूनियर महिला और युवा लड़कियों की भारतीय टीम ने तीसरे स्थान की टीम ट्रॉफी जीती। इस आयोजन के दौरान कुल मिलाकर भारतीय युवा और जूनियर टीम ने सात स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य पदक के साथ 33 मूल्यवान पदक जीते।

वार्षिकी 2024 : टी20 विश्व कप जीत से लेकर पेरिस में मनु भाकर के ऐतिहासिक डबल तक शानदार रहा भारत का सफर

एजेंसी, नई दिल्ली

खेलों की दुनिया में वर्ष 2024 भारत के लिए एक शानदार सफर रहा। इस दौरान भारत ने जहां टी-20 विश्व कप का खिताब जीता, वहीं मनु भाकर ने ओलंपिक में दो ऐतिहासिक पदकों पर निशाना साधा।

भारत ने 17 साल बाद जीता टी20 विश्व कप खिताब, कोहली, रोहित, जडेजा का संन्यास : एक रोमांचक फाइनल में, जो आने वाले कई सालों तक यादों में रहेगा, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर इतिहास रचते हुए 17 साल बाद आईसीसी टी-20 विश्व कप का खिताब जीत लिया। विराट कोहली, जिन्होंने बाद में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की घोषणा की, ने भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने 76 रन बनाए और अपनी टीम को 176-7 का मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। हालाँकि, दक्षिण अफ्रीका के लिए हेनरिक क्लासेन ने 27 गेंदों पर 52 रनों की तूफानी पारी खेलकर जरूर संघर्ष किया, लेकिन उनकी पारी बेकार गई और दक्षिण अफ्रीका की टीम 8 विकेट पर 169 रन ही बना सकी। इसी के साथ भारत ने 2007 के बाद अपना दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद से किसी बड़ी आईसीसी ट्रॉफी के लिए 11 साल के इंतज़ार को खत्म किया। टी-20 विश्व कप की खिताबी जीत के बाद भारत के तीन बड़े दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा ने टी-20 प्रारुप से संन्यास ले लिया।

भारत ने ओलंपिक में छह पदक जीते : भारतीय दल ने ओलंपिक में अपनी छाप छोड़ी, जिसमें एक रजत और पांच कांस्य पदक सहित छह पदक हासिल किए। स्टार परफॉर्मर नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुसाले, अमन सेहरावत और भारतीय हॉकी टीम ने भारत के पदक जीतने में योगदान दिया, जिससे देश को जश्न मनाने का मौका मिला। मनु भाकर ने भारतीय निशानेबाजी में कई प्रथम स्थान हासिल करते हुए इतिहास रच दिया। वह खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। भाकर का पहला कांस्य पदक महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में आया, जिससे वह ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बन गईं। वह 0.1 अंक से रजत पदक से चूक गईं। भाकर ने अपना दूसरा कांस्य पदक मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता, जहां उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर दक्षिण कोरिया को 16-10 से हराया। मौजूदा ओलंपिक और जेवलिन थ्रो विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता, लेकिन वह स्वर्ण पदक से चूक गए। चोपड़ा का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा, उन्होंने 89.45 मीटर का सत्र का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। वह स्वतंत्रता के बाद व्यक्तिगत स्पर्धा में दो ओलंपिक पदक जीतने वाले दूसरे पुरुष एथलीट बन गए। भारतीय हॉकी टीम, स्वप्निल और अमन ने भी भारत की पदक तालिका में योगदान दिया, जिन्होंने अपने-अपने स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते।

पेरिस में पैरालिंपियनों का जलवा : भारत ने पेरिस 2024 खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ पैरालंपिक प्रदर्शन किया, जहां भारतीय पैरा एथलीटों ने 29 पदक (सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य) जीते, जो टोक्यो 2020 के 19 पदकों से आगे निकल गया। इस ऐतिहासिक जीत ने भारत के कुल पैरालंपिक पदकों की संख्या को भी 50 के पार पहुंचा दिया। पैरा-साइक्लिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो में नई प्रविष्टियों सहित 12 खेलों में रिकॉर्ड 84 पैरा-एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। 28 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित खेलों में कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ देखने को मिलीं। अवनि लेखरा दो पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना खिताब बरकरार रखा। भारत ने पहली बार एथलेटिक्स में एक-दो स्थान हासिल किया, जिसमें धरमबीर (स्वर्ण) और परनव सूरमा (रजत) ने पुरुषों के क्लब थ्रो F51 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। धरमबीर ने 34.92 मीटर का नया एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद टी64 में स्वर्ण पदक जीता, जो एशियाई रिकॉर्ड भी है। सुमित अंतिल पैरालंपिक खिताब बचाने वाले पहले भारतीय पुरुष बने, उन्होंने रिकॉर्ड 70.59 मीटर के साथ भाला फेंक एफ64 जीता। मरियप्पन थंगावेलु ने ऊंची कूद टी42 में कांस्य पदक जीता, वे लगातार तीन पैरालंपिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। तीरंदाजी में, शीतल देवी, 17 साल की उम्र में, राकेश कुमार के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत की सबसे कम उम्र की पैरालंपिक पदक विजेता बनीं। उन्होंने रैंकिंग राउंड में विश्व रिकॉर्ड भी बनाया और कुमार के साथ मिलकर मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड हासिल किया। हरविंदर सिंह ने भारत के पहले पैरालंपिक तीरंदाजी चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया।

भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता : मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, अयहिका मुखर्जी, सुतिर्था मुखर्जी और दीया चितले की भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक हासिल करके इतिहास रच दिया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2016/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी

सोमवती अमावस्या के दिन घर में किस स्थान पर जलाएं दीये?

हिन्दू धर्म में अमावस्या तिथि को भले ही अशुभ माना जाता है लेकिन इसका बहुत महत्व भी है। वैदिक पंचांग में बताया गया है कि साल में कुल 12 अमावस्या तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है सोमवती अमावस्या जो इस साल 30 दिसंबर, दिन सोमवार को है। पौष माह की सोमवती अमावस्या साल 2024 की आखिरी अमावस्या भी है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि सोमवती अमावस्या के दिन जहां एक ओर दान-पुण्य और गंगा स्नान करना चाहिए तो वहीं, दूसरी ओर इस दिन विशेष रूप से दीपक भी जलाने चाहिए।

मुख्य द्वार पर दीया जलाएं

सोमवती अमावस्या के दिन घर के मुख्य द्वार पर दीया जलाना चाहिए। इस दिन घर के मुख्य द्वारपर दीया जलाने से न सिर्फ घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है बल्कि घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा भी नष्ट होने लगती है।

दक्षिण दिशा में जलाएं दीया

दक्षिण दिशा को यमराज की दिशा माना जाता है। ऐसे में अगर सोमवती अमावस्या के दिन दक्षिण दिशा में दीया जलाया जाए तो इससे अकाल मृत्यु जैसे योग टल जाते हैं और आयु में वृद्धि का वरदान प्राप्त हो सकता है।

पूर्वजों के आगे जलाएं दीया

सोमवती अमावस्या के दिन पूर्वजों की तस्वीर के आगे भी दीया जलाना चाहिए। इससे पितृ शांत होते हैं, प्रसन्न होते हैं और अपनी कृपा बरसाते हैं। इसके अलावा, घर में मौजूद पितृ दोष भी इस उपाय से दूर हो सकता है।

पीपल के नीचे जलाएं दीया

पीपल के पेड़ में सभी देवी-देवताओं का वास माना जाता है। इसके अलावा, पीपल के पेड़ में ग्रहों भी स्थापित होते हैं। ऐसे में पीपल के नीचे सोमवती अमावस्या के दिन दीया जलाने से देवी-देवताओं और ग्रहों की कृपा मिलती है।

पूर्व दिशा में जलाएं दीया

पूर्व दिशा सूर्य देव की दिशा मानी जाती है। ऐसे में पूर्व दिशा में सोमवती अमावस्या के दिन दीया जलाने से सूर्य देव की कृपा मिलती है।
सूर्य देव के आशीर्वाद से भाग्य का साथ मिलता है। सौभाग्य में वृद्धि होती है।

सोमवती अमावस्या के दिन क्या करें और किन चीजों को करने से बचें?

वैदिक पंचांग के हिसाब से इस साल की आखिरी अमावस्या तिथि पौष माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को पड़ने वाली है। इस साल यह तिथि 30 दिसंबर को पड़ने वाली है। आपको बता दें, 30 दिसंबर को सुबह 04 बजकर 01 मिनट से लेकर इस तिथि का समापन सुबह 03 बजकर 56 मिनट पर होगा। इसलिए उदया तिथि के आधार पर इस साल सोमवती अमावस्या का व्रत 30 दिसंबर को मनाया जाएगा।

सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही इस दिन पितरों के निमित्त दान-पुण्य भी विशेष रूप से की जाती है। आइए इस लेख में जानते हैं कि अमावस्या के दिन क्या करें और किन चीजों को करने से बचें।
हिंदू पंचांग के अनुसार सोमवती अमावस्या विशेष अमावस्या माना जाता है, जो हर महीने में आने वाली अमावस्या से अलग होती है। यह अमावस्या विशेष रूप से सोमवार के दिन पड़ती है, इसलिए इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। सोमवती अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त दान-पुण्य करने का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना भी की जाती है। इस दिन विशेष रूप से पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन शिव जी की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है और पुण्य फलों की प्राप्ति हो सकती है। अब ऐसे में सोमवती अमावस्या के दिन क्या करना चाहिए और किन चीजों को करने से बचना चाहिए। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य से विस्तार से जानते हैं।

सोमवती अमावस्या के दिन क्या करें?

- सोमवती अमावस्या का दिन पितरों की शांति के लिए बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन पितरों के लिए तर्पण, श्राद्ध, और पिंडदान किया जाता है। इसे विशेष रूप से मृत्यु के बाद पितरों को शांति देने के लिए किया जाता है।
- सोमवती अमावस्या के दिन विशेष रूप से व्रत रखने की मान्यता है और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का विधान है।
- सोमवती अमावस्या का दिन भगवान शिव की पूजा के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इस दिन शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, शहद, बेल पत्र, और फल अर्पित करके पूजा करनी चाहिए। शिव मंत्र ऊं नमः शिवाय का जाप भी इस दिन खास रूप से किया जाता है।
- इस दिन जरूरतमंदों को दान-पुण्य जरूर करना चाहिए।
- सोमवती अमावस्या के दिन सूर्योदय से पहले सूर्य को जल अर्पित करना भी शुभ माना जाता है। यह विशेष रूप से स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए शुभ मानी जाती है।
- इस दिन भजन जरूर करना चाहिए।

सोमवती अमावस्या के दिन किन चीजों को करने से बचना चाहिए?

- सोमवती अमावस्या के दिन कलह-क्लेश करने से बचना चाहिए।
- इस दिन किसी भी व्यक्ति का अपमान नहीं करना चाहिए।
- सोमवती अमावस्या के तामसिक भोजन करने से बचना चाहिए।
- इस दिन किसी भी व्यक्ति को काली रंग की चीजों का दान नहीं करना चाहिए।
- सोमवती अमावस्या के दिन काले रंग के कपड़े भी पहनने से बचना चाहिए।
- अमावस्या तिथि के दिन पीपल के पेड़ की पूजा करने से बचना चाहिए।

शनि त्रयोदशी के दिन करें इन चीजों का दान, दूर हो सकता है शनिदोष

हिंदू धर्म में शनि त्रयोदशी का व्रत बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रदोष व्रत त्रयोदशी तिथि और शनिवार के दिन पड़ने के कारण इसे शनि त्रयोदशी कहा जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के साथ-साथ शनिदेव की पूजा-अर्चना करने का विधान है।

ऐसा माना जाता है कि त्रयोदशी तिथि का व्रत रखने से व्यक्ति को मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही व्यक्ति को सुख-समृद्धि के साथ-साथ सभी कार्यों में सफलता मिल सकती है। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में शनिदोष है, तो इस दिन पूजा-अर्चना करने से शनिदोष से छुटकारा मिल सकता है। अब ऐसे में शनि त्रयोदशी के दिन किन चीजों का दान करने से व्यक्ति को उत्तम परिणाम मिल सकते हैं।

काले तिल का दान

शनि त्रयोदशी के दिन काले तिल का दान विशेष रूप से करें। ऐसा कहा जाता है कि काले तिल का दान करने से व्यक्ति को शनिदोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही व्यक्ति के जीवन में आ रही परेशानियां भी दूर हो सकती है। इसके अलावा अगर आपके जीवन में कोई समस्या आ रही है, तो इस तिथि के दिन काले तिल का दान शाम को करें। इससे उत्तम परिणाम मिल सकते हैं।

काली उड़द का दान

शनि त्रयोदशी के दिन काली उड़द का दान करने से व्यक्ति को ग्रहदोष से छुटकारा मिल सकता है और काली उड़द को शनि ग्रह से जोड़ा जाता है। शनि देव को न्याय का देवता माना जाता है और उनकी ढैय्या या साढ़े साती अशुभ मानी जाती है। काली उड़द का दान करने से व्यक्ति को सभी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

सरसों तेल का दान

शनि त्रयोदशी के दिन सरसों का तेल दान करने से शनि दोष से मुक्ति मिलती है। इतना ही नहीं, अगर किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, तो इस दिन सरसो तेल में अपनी परछाई देखें और फिर उस तेल का दान करें। इससे उत्तम परिणाम मिल सकते हैं।

मासिक शिवरात्रि के दिन करें शिव रामाष्टक स्तोत्र का पाठ, सभी कष्ट हो सकते हैं दूर

मासिक शिवरात्रि का व्रत सौभाग्य वृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए उत्तम फलदायी माना गया है। हिंदू धर्म में मासिक शिवरात्रि का व्रत सौभाग्यशाली माना गया है। पंचांग के हिसाब से मासिक शिवरात्रि का व्रत कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन पड़ता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आपकी किसी कार्य को सिद्ध करना चाहते हैं, तो मासिक शिवरात्रि के दिन व्रत रखने से और पूजा-पाठ करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है और व्यक्ति का भाग्योदय हो सकता है। अब ऐसे में इस दिन शिव रामाष्टक स्तोत्र का पाठ करने का विशेष महत्व है।

शिव रामाष्टक स्तोत्र

शिव हरे शिव राम सखे प्रभो त्रिविधतापनिवारण हे विभो ।
अज जनेश्वर यादव पाहि मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।1।।
कमललोचन राम दयानिधे हरगुरो गजररक्षक गोपते ।
शिवतनो भव शंकर पाहि मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।2।।
सुजनरञ्जन मंगलमन्दिरं भजति ते पुरुष- परमं पदम् ।
भवति तस्य सुखं परमद्भुतं शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।3।।
जय युधिष्ठिरवल्लभ भूपते जय जयार्जितपुण्यपयोनिधे ।
जय कृपामय कृष्ण नमोऽस्तु ते शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।4।।
भवविमोचन माधव मापते सुकविमानसहंस शिवारते ।
जनकजारत राघव रक्ष मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।5।।
अवनिमण्डलमंगल मापते जलदसुंदर राम रमापते ।
निगमकीर्तिगुणार्णव गोपते शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।6।।
पतितपावन नाममयी लता तवयशो विमलं परिगीयते ।
तदपि माधव मां किमुपेक्षसे शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।7।।
अमरतापरदेव रमापते विजयतस्तव नामधनोपमा ।
मयि कथं करुणार्णव जायते शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।8।।
हनुमत- प्रिय चापकर प्रभो सुरसरिद्धृतशेखर हे गुरो ।
मम विभो किमु विस्मरणं कृतं शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।9।।
अहरहर्जनरञ्जनसुन्दरं पठति य- शिवरामकृतं स्तवम् ।
विशति रामरमाचरणाम्बुजे शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।10।।
प्रातरुत्थाय यो भक्त्या पठेदेकाग्रमानस- ।
विजयो जायते तस्य विष्णुमाराध्यमाप्नुयात् ।।11।।

शिवरामाष्टक स्तोत्र का पाठ करने का महत्व

शिवरामाष्टक स्तोत्र का पाठ करने से सभी पाप नष्ट होते हैं और व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं, इस स्तोत्र का पाठ करने से व्यक्ति को यश, कीर्ति, सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और जीवन में आने वाली सभी बाधाओं से भी छुटकारा मिल जाता है। यह स्तोत्र शत्रुओं का नाश करने वाला भी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आप इस स्तोत्र का पाठ नियमित रूप से करते हैं, तो व्यक्ति को उत्तम परिणाम मिल सकते हैं।

जीवन की परेशानियों से मुक्ति के लिए सोमवती अमावस्या के दिन करें ये उपाय

पौष माह की सोमवती अमावस्या इस साल 30 दिसंबर, दिन सोमवार को पड़ रही है। सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव की पूजा का विधान है। इसके अलावा, सोमवती अमावस्या का ज्योतिष में भी खासा महत्व माना जाता है क्योंकि इस दिन राहु का प्रभाव अपने चरम पर होता है और अन्य ग्रह क्षीण पड़ जाते हैं। ऐसे में राहु के दुष्प्रभाव से बचने और जीवन की परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए इस दिन कुछ उपाय करने की सलाह ज्योतिष में दी जाती है। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य ने हमें बताया कि सोमवती अमावस्या के दिन कौन से सरल उपाय आजमाए जा सकते हैं और क्या हैं उनसे मिलने वाले लाभ।

सोमवती अमावस्या के दिन पितृ शांति का उपाय

पितरों के अशांत होने पर पितृ दोष लगता है जिसके प्रभाव से परिवार के एक-एक जन को कष्टों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर पितरों को प्रसन्न करना है और उनकी कृपा पानी है तो सोमवती अमावस्या के दिन पितृ शांति के लिए पितरों का तर्पण करें और पितरों के निमित्त दान करें एवं छोटी पूजा आयोजित करें।

सोमवती अमावस्या के दिन नकारात्मकता का उपाय

घर में नकारात्मकता का स्तर बढ़ गया है आय फिर आसपास नकारात्मक ऊर्जा प्रभावित करती है। यहां तक कि बुरी नजर लगने जैसा आपको आभास हो रहा है तो ऐसे में आपको सोमवती अमावस्या के दिन बस एक छोटा सा उपाय करना है। सोमवती अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ के नीचे तिल के तेल का दीया जलाएं।

सोमवती अमावस्या के दिन कार्य पूर्ति का उपाय

सोमवती अमावस्या के दिन कार्य की पूर्ति के लिए आप तीन काम कर सकते हैं। अगर आपका कोई काम अटका हुआ है तो सोमवती अमावस्या के दिन पहला काम सूर्य को जल में तिल मिलाकर अर्घ्य दें, दूसरा काम गंगाजल से स्नान करने के बाद उस अकाम को करने के लिए जाएं और अंतिम रहू स्तोत्र का पाठ करें।

सोमवती अमावस्या के दिन पारिवारिक शांति का उपाय

पौष माह की अमावस्या इस साल सोमवार के दिन पड़ रही है। इसी कारण से यह सोमवती अमावस्या के नाम से जानी जा रही है। सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित है। ऐसे में सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव की पूजा करने एवं उनके मंत्रों का जाप करने से घर का पारिवारिक क्लेश दूर होगा और शांति आएगी।



क्या फिर साथ काम करेंगे आमिर खान और रणबीर कपूर? इस तस्वीर से तेज हुई अटकलें

इंटरनेट पर कई तरह की अटकलें अक्सर लगाई जाती हैं। वहीं, जब बात बॉलीवुड की होती है, तो ये और भी तेज हो जाती हैं। हाल ही में एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, जिसने नेटिजंस के बीच कयासों के बाजार को गर्म कर दिया है। इसे देखने के बाद लोग उम्मीद जता रहे हैं कि आमिर खान और रणबीर कपूर किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आ रहे हैं।

तस्वीर की वजह से तेज हुई चर्चा

इस तस्वीर में रणबीर कपूर मिस्टर परफेक्शनिस्ट यानी आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या यह एक सिर्फ सामान्य मुलाकात थी या फिर दोनों के बीच कोई नए प्रोजेक्ट पर बात चल रही है। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे लोग सोशल मीडिया पर एक यूजर ने यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, आज रणबीर कपूर आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ। लगता है आमिर खान और रणबीर कपूर के बीच कुछ तो पक रहा है। इस तस्वीर पर नेटिजंस ने जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, मैं जरूर चाहूंगा कि ये दोनों साथ में आएं। आशा है भविष्य में यह हो। एक अन्य ने लिखा, कुछ तो हो रहा है।

पहले भी साथ आ चुके हैं नजर

आमिर खान और रणबीर कपूर ने इससे पहले फिल्म 'पीके' में साथ काम किया था। रणबीर कपूर ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के आखिरी सीन में विशिष्ट भूमिका निभाई थी, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा था। अगर दोनों एक साथ फिर से किसी फिल्म में नजर आते हैं, तो यह निश्चित ही दोनों सितारों के फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं होगा।

साउथ में डेब्यू करने के लिए उत्साहित हैं आयरा बंसल

गोविंदा और वरुण शर्मा की फ्राई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल ने हाल ही में अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो 2025 में रिलीज होगी। आगरा की रहने वाली और अभिनेत्री आयरा बंसल ने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में की हैं और वह साउथ में डेब्यू करने के लिए काफी उत्साहित हैं। अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी तेलुगु डेब्यू एक एक्शन फिल्म है, जिसका नाम शिवा- द फाइटर है। इस फिल्म में मैं इंदुकुरी सुनील वर्मा, विकास वशिष्ठ और पोसानी कृष्ण मुरली के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रही हूं। फिल्म की डबिंग और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है, एक बार यह जल्दी ही पूरा हो जाए तो मैं इसके बारे में और बात कर पाऊंगी। म्यूजिक वीडियो में काम करने से आयरा को और काम मिलने में मदद मिली। उन्होंने राजू खेर के साथ सिंगल मेरी बिटिया,अली मर्चेंट के साथ है कहाँ, विनय बावा के साथ बुके और दो पागल में काम किया है। आयरा को लगता है की भगवान की खास कृपा है उनपे, क्योंकि उन्हें अपनी पिछली फिल्मों में कई बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूँ, क्योंकि मुझे अपनी फिल्म फ्राई डे में गोविंदा और वरुण शर्मा जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। जैसा कि हम जानते हैं की उनकी कॉमिक टाइमिंग सबसे अच्छी है। दूसरी ओर, मुझे 36 फार्म हाउस में संजय मिश्रा और विजय राज जैसे गंभीर अभिनेताओं और विनीत कुमार सिंह, सौरभ शुक्ला और अन्य के साथ आधार में काम करने का मौका मिला। आयरा ने अनुभवी अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बारे में चर्चा करते हुए कहा। फिल्मों और संगीत वीडियो के अलावा, आयरा ने भारत और अमेरिका में कई फैशन डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक किया है। आयरा बंसल बिग बॉस सीजन 17 की प्रतिभागी और अभिनेत्री सोनिया बंसल की बहन हैं, लेकिन उन्हें अपना सारा काम ऑडिशन देकर और कास्टिंग एजेंसी की मदद से मिला है। वह खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि उनकी बहन सोनिया उनसे पहले इंडस्ट्री में इंटर किया और जब भी उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, तो वह उनसे मार्गदर्शन ले सकती हैं।

रोमांटिक फिल्म का हिस्सा बनते प्रियंका-दिलजीत फिर नहीं बनी फिल्म?

प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड में एक अलग मुकाम पाने के बाद हॉलीवुड में एक्टिव हैं, वह बेहतरीन हॉलीवुड सीरीज और फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं। इसी तरह पंजाबी सिंगर दिलजीत जहां, पंजाबी फिल्मों के अलाव बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं, वहीं अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट दिल लुमिनाटी से देश-दुनिया में अपना अलग नाम बना रहे हैं, उन्हें भी इंटरनेशल मीडिया ने एक ग्लोबल स्टार मान लिया है। कुछ साल पहले यही दोनों कलाकार यानी प्रियंका और दिलजीत एक रोमांटिक फिल्म का हिस्सा बन सकते थे, लेकिन यह फिल्म नहीं बन पाई? इस फिल्म के निर्माता बोनी ने कपूर ने हाल ही में इस पेंडिंग फिल्म से जुड़ी जानकारी दी।

प्रियंका को पसंद आया किरदार

निर्माता बोनी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि प्रियंका चोपड़ा के हॉलीवुड में सेटल होने से पहले एक फिल्म बनाने की प्लानिंग थी, जिसमें वह दिलजीत दोसांझ को लेना चाहते थे। दिलजीत को फिल्म में प्रियंका का लव इंट्रेस्ट बनना था। बोनी बताते हैं कि फिल्म का अपना किरदार प्रियंका चोपड़ा को बहुत पंसद आया था।

नहीं बन पाई फिल्म

बोनी कपूर आगे बताते हैं कि किन्हीं कारणों से यह फिल्म नहीं बन पाई। लेकिन वह लंबे समय से दिलजीत के साथ काम करना चाहते थे। वह इस पंजाबी कलाकार की तरक्की से काफी खुश हैं, उनकी एक्टिंग के भी कायल हैं।

नो एंट्री 2 में दिलजीत करेंगे कॉमेडी

अगले साल बोनी कपूर की प्रोड्यूस फिल्म 'नो एंट्री 2' में दिलजीत दोसांझ अहम रोल निभा रहे हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट हुआ था, जिसमें सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान नजर आए थे। अब फिल्म 'नो एंट्री 2' में दिलजीत अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाएंगे। इसके अलावा भी दिलजीत दोसांझ अगले साल कुछ और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आएंगे।

विज्ञापन के लिए साथ आए सलमान-ऋतिक

सलमान खान और ऋतिक रोशन फिल्म इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े और चमकते सितारे हैं। दोनों दशकों से कई हिट प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें कभी भी स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि दर्शकों को दोनों कलाकारों को पर्दे पर किसी प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिल सकता है और इसको आसान बनाने के पीछे अली अब्बास जफर का हाथ है।

ऋतिक रोशन ने 1995 में अपने पिता राकेश रोशन द्वारा निर्देशित सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्म करण अर्जुन में बतौर सहायक निर्देशक काम किया था। कहो ना प्यार है से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले उन्होंने सलमान के साथ ट्रेनिंग भी ली थी, लेकिन किस्मत से उन्होंने कभी भी स्क्रीन पर साथ काम नहीं किया। भले ही दोनों अभिनेता एजेंट टाइगर और एजेंट कबीर के रूप में वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक शाहरुख खान और सलमान खान जैसे क्रॉसओवर सीन नहीं किए हैं। हालांकि, अब यह सब बदल सकता है।

जल्द ऑन एयर होगा विज्ञापन

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान और ऋतिक रोशन पहली बार एक्शन से भरपूर विज्ञापन फिल्म के लिए साथ आने वाले हैं। बताया गया कि बड़े पर्दे पर साथ काम करने की तमाम कोशिशों के बाद एक कॉरपोरेट दोनों सुपरस्टार्स को एक्शन से भरपूर विज्ञापन के लिए साथ लाया है। विज्ञापन फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे और यह जल्द ही ऑन एयर होगी।

पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निक्की तंबोली

बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी निक्की तंबोली पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म बदनाम के आइटम सॉन्ग में नजर आएंगीं। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। निक्की ने कहा, मैं बदनाम का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह एक ऐसा गाना है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा और मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं।

निक्की हमेशा से ही कुछ नया करने की तलाश में रहती है और बदनाम बस इसी का एक और उदाहरण है। निक्की तंबोली ने गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे इस गाने पर काम करने में मजा आया। इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। बदनाम फरवरी 2025 में रिलीज होने वाली है। यह जय रंधावा, जैस्मीन भसीन और मुकेश ऋषि अभिनीत एक रोमांटिक ड्रामा है। 2020 में रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भाग लेकर अपना टेलीविजन डेब्यू किया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। 2021 में उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 11 में भाग लिया। इस शो को केपटाउन में फिल्माया गया थ। रियलिटी शो के अलावा उन्हें कई म्यूजिक वीडियो सहयोग में भी देखा गया था। 2022 में वह गेम शो द खतरा खतरा शो में देखी गईं, जिसे भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने होस्ट किया था। निक्की ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ हिंदी फिल्म जोगीरा सारा रा रा में कॉकटेल गाने में एक विशेष भूमिका निभाई। 2024 में वह रियलिटी शो बिग बॉस मराठी सीजन 5 में दिखाई दीं, जहां उनकी मुलाकात अरबाज पटेल से हुई, जिन्हें स्प्लिट्सविला 15 में भी देखा गया था। उनकी प्रेम कहानी तब शुरू हुई जब वे बिग बॉस मराठी 5 में प्रतियोगी थे। दोनों के बीच एक करीबी रिश्ता बन गया।

तेनाली का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है

पॉपुलर टीवी शो तेनाली रामा एक बार फिर से लौटा है। यह शो नई कहानी और नए किरदारों के साथ प्रसारित हो रहा है। कृष्ण भारद्वाज, तेनाली के रूप में वापसी कर रहे हैं। उनसे शो को लेकर हुई खास बातचीत...

शो में तेनाली के विजय नगर लौटने के साथ एक रोमांचक नए चरण की शुरुआत हुई, क्योंकि राज्य से बाहर कर दिए जाने के बाद वह क्षेत्र एक संभावित खतरे का सामना करता है। विजय नगर की रक्षा करने का काम करने वाले तेनाली अपनी तेज बुद्धि, हास्य और रणनीतिक ज्ञान का उपयोग भूमि की रक्षा के लिए करते हैं, साथ ही चार युवा होनहार बच्चों को मार्गदर्शन भी देते हैं। तेनाली राम का किरदार निभाना मेरे लिए एक जिम्मेदारी जैसा है।

लाइफ में क्या बदलाव पाते हैं तेनाली प्ले करते हुए?

तेनाली की बुद्धि और करुणा आज भी हमें बहुत कुछ सिखाती है। एक एक्टर के तौर पर उनके किरदार में ढलने से मुझे एक ऐसे किरदार की बारीकियों को समझने का मौका मिलता है जो एक तरफ तो बहुत बड़ा है वहीं दूसरी तरफ बहुत मानवीय भी है। बाकी मुझे लगता है कि ये किरदार प्ले करके मैं अधिक खुश रहता हूं। लाइफ बेटर फील होती है, कई समस्याओं के हल मिल जाते हैं। तो इस तरह से मुझे ये किरदार बदलता है। चूंकि हम हर दिन, पूरे महीने, महीने, पूरे साल उसी किरदार में रहते हैं तो दिमाग में कहीं न कहीं उसका थोड़ा सा अंश लंबे समय तक बना ही रहता है।

शो के लिए फिर से क्या तैयारियां रहीं। क्या प्रोस्थेटिक भी इस्तेमाल हुआ?

तैयारियों की बात करूं तो चार सालों का जमा हुआ एक्साइटमेंट है। मुझे जो कुछ भी लाइफ में मिला है वह इस शो के जरिए ही मिला है। शो के लिए एक बार फिर से बालों का त्याग करने से तैयारी शुरू हुई है। हम चाहते तो प्रोस्थेटिक से भी बाल्ड लुक तैयार कर सकते थे पर ऐसा नहीं किया। यह लंबे समय तक चलने वाला शो है। हालांकि मैंने एक-दो शॉट दिए हैं प्रोस्थेटिक बाल्ड लुक में पर बहुत पेनफुल प्रोसेस थी।

क्या आपको नहीं लगता कि आप एक ही इमेज में बंध गए हैं?

इसके पहले सोनी सब पर ध्रुव तारा शो के लिए विग और दाढ़ी लगाकर शूट किया था। उसमें एकदम एंग्री यंग मैन किरदार था। बाकी तेनाली की इमेज में तो मैं बंधा ही हुआ हूं। यह एक ऐसी इमेज है जो लोगों के मन में काफी छाप छोड़ चुकी है। इसलिए इसमें से निकलना थोड़ा मुश्किल है। अब इस शो को एक और नई जनरेशन देखेगी और कुछ अच्छा सीखेगी।

आगे कैसे किरदार करना चाहेंगे?

मैं जिस तरह के किरदार में अपने करियर में करना चाहता था वो मुझे नहीं मिले। फिलहाल तो मुझे तेनाली से बेहतर कुछ मिल नहीं सकता। मेरी एक क्यूट सी इमेज बनी हुई है लोगों में तो मैं उसे जरूर ब्रेक करना चाहूंगा। हालांकि बतौर एक्टर मुझे खुद को एक्शन करते हुए देखना है। विलन टाइप किरदार करना है। जहां मेरे लिए कुछ चैलेंजिंग हो। मेरा ड्रीम है कि रणबीर कपूर की रॉकस्टार जैसा कोई रोल करियर में प्ले करूं।

आयुष्मान बनेंगे सूरज बड़जात्या के नए प्रेम

सूरज बड़जात्या मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं, विवाह और प्रेम रतन धन पायो जैसी पारिवारिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इन दिनों वो अपनी अगली फिल्म के लिए कास्टिंग कर रहे हैं। अब उन्हें अपना नया प्रेम मिल गया है। जी हां, उन्होंने अपने अगले निर्देशन के लिए आयुष्मान खुराना को साइन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। ये एक रोमांटिक लव स्टोरी होगी। सूत्र ने कहा, सूरज जी किसी ऐसे कलाकार को कास्ट करना चाहते थे, जिसकी फैमिली दर्शकों के बीच इमेज हो और वो नए जमाने का प्रेम बन सके। आयुष्मान को वो दुनिया पसंद आई, जिसे सूरज अपनी अगली फिल्म में बनाना चाहते हैं। दूसरी ओर सूरज जी को लगता है कि आयुष्मान में प्रेम का किरदार निभाने के लिए मासूमियत और आकर्षण है।